www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु

बिलासपुर, गुरुवार, 21 सितंबर 2023 | वर्ष – 33 | अंक –143 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु




नारी शक्ति वंदन बिल आधा-अधूरा : अखिलेश पृष्ठ 3
■ कठपुतली मीडिया का दौर
■ विदेशी प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए एक आकर्षक विनिर्माण... पृष्ठ 4
■ यूक्रेन ने युद्ध समाप्त करने को लेकर दुनिया से एकजुटता का किया आग्रह
■ क्यूबा की कम्युनिस्ट पार्टी के निमंत्रण पर ली शी ने यात्रा की पृष्ठ 9
भारत के मोहम्मद सिराज बने आईसीसी वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 गेंदबाज पृष्ठ 10

# महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पास

## पर्ची से हुई वोटिंग में बिल के समर्थन में 454 व विरोध में 2 वोट पड़े

- आज राज्यसभा में पेश किया जाएगा बिल
- बिल पर चर्चा में 60 सांसदों



**नई दिल्ली**, 20 सितम्बर (देशबन्धु)। संसद के विशेष सत्र के तीसरे दिन बुधवार को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल नारी शक्ति वंदन विधेयक के नाम से पास हो गया। पर्ची से हुई वोटिंग में बिल के समर्थन में 454 और विरोध में 2 वोट डले। अब गुरुवार को यह बिल राज्यसभा में पेश होगा। वहां से पास होने के बाद राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए जाएगा। राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। बिल पर चर्चा में 60 सांसदों ने अपने विचार रखे। राहुल गांधी ने कहा कि ओबीसी आरक्षण के बिना यह बिल अधूरा है, जबकि अमित शाह ने कहा कि यह आरक्षण सामान्य, एससी और एसटी में समान रूप से लागू होगा। चुनाव के बाद तुरंत ही जनगणना और डिलिमिटेशन होगा और महिलाएं की भागीदारी जल्द ही सदन में बढ़ेगी। विरोध करने से रिजर्वेशन जल्दी नहीं आएगा।

**यह युग बदलने वाला विधेयक है: अमित शाह**

महिला आरक्षण बिल पर डिबेट का जवाब देने अमित शाह आए। उन्होंने कहा– संविधान के संशोधित करने वाले 128वें संशोधन पर बात करने के लिए मैं यहां खड़ा हूं। ये शेष पृष्ठ 2 पर

## ओबीसी आरक्षण के बिना यह बिल अधूरा : राहुल



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पर बहस में हिस्सा लिया। कांग्रेस सांसद ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक बहुत महत्वपूर्ण है। इस बिल को तुरंत ही लागू किया जाना चाहिए। राहुल ने कहा कि वे इस विधेयक के समर्थन में हैं, लेकिन ओबीसी आरक्षण के बिना महिला आरक्षण अधूरा रहेगा। यह एक बड़ा कदम है, लेकिन मेरे लिए यह अधूरा है, क्योंकि ओबीसी महिलाओं के एक बड़े हिस्से के लिए आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है।

- कांग्रेस नेता ने कहा, यह बिल आज से ही लागू होना चाहिए

90 में से सिर्फ तीन सचिव ओबीसी

इस देश में केंद्र सरकार में 90 सचिव हैं और उनमें से सिर्फ तीन ही अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं और यही पांच फीसदी लोग बजट को कंट्रोल करते हैं। यह ओबीसी समुदाय का अपमान है। राहुल ने कहा कि सवाल यह है कि इस देश में कितने ओबीसी, कितने दलित, कितने आदिवासी हैं... इसका जवाब सिर्फ जातिगत जनगणना से मिल सकता है। महिला आरक्षण विधेयक को आज पारित कीजिए और लागू कीजिए। परिसीमन और जनगणना की कोई जरूरत नहीं है। सीधे 33 फीसदी आरक्षण महिलाओं को दे दीजिए। आप जातिगत शेष पृष्ठ 2 पर

# रायगढ़ एक्सिस बैंक डकैती कांड के पांच आरोपी गिरफ्तार

## साढ़े चार करोड़ लूट की रकम, गहने, कार व ट्रक जब्त



**रायगढ़**, 20 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ के इतिहास में एक्सिस बैंक मे साढ़े पांच करोड़ की डकैती मामले मे पुलिस ने चौबीस घंटे पहले पांच आरोपियों को सरगुजा संभाग के झारखंड बार्डर से गिरिफ्तार कर इनके पास से नोटो से भरे बैग के साथ साथ बैंक के गिरवी रखे गहने भी जप्त किया है। इस बड़ी वारदात में जिले की साइबर सेल की टीम की बड़ी भूमिका रही है। कल सुबह नो से दस बजे के बीच सात हथियार बंद डकेतो ने बैंक मैनेजर से मारपीट कर सभी कर्मचारियों को बंधक बनाकर साढ़े पांच करोड़ रुपए की लूट कर फरार हो गए थे।

- 24 घंटे में ही झारखंड सीमा के पास पकड़े गए लूटेरे

लूटी गई रकम मे साढ़े चार करोड़ नगद शामिल हैं। बताया जाता है कि एक्सिस बैंक मे इस डकैती की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी गया के शेरावाटी गैंग से संबंधित है। लूट की वारदात के बाद आरोपी ट्रक और कार के अलावा मोटर साइकिल से भाग रहे थे, सीसीटीवी कैमरे की जांच में इनकी शेष पृष्ठ 2 पर

## मुख्यमंत्री आज भिलाई में 'महिला समृद्धि सम्मेलन' में होंगे शामिल

### प्रियंका होंगी मुख्य अतिथि




**रायपुर**, 20 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 21 सितम्बर को भिलाई के सिविक सेंटर स्थित जयंती स्टेडियम में दोपहर 1 बजे ''महिला समृद्धि सम्मेलन'' में शामिल होंगे। श्रीमती प्रियंका गांधी इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी। मुख्यमंत्री बघेल पूर्वान्ह 11.45 बजे अपने निवास से कार द्वारा रवाना होकर 1 बजे भिलाई के जयंती स्टेडियम पहुंचेंगे और वहां आयोजित 'महिला समृद्धि सम्मेलन' शामिल होंगे। बघेल शाम 6 बजे होटल बेबीलोन में 'बुत मरते नहीं' पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी आज छत्तीसगढ़ दौरे पर



**दुर्ग**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल होने 21 सितंबर को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भी पाटन पहुंच रही है। यहां वो एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगी। इसकी तैयारी अंतिम चरण में हैं। वीआईपी मोमेंट को देखते हुए दुर्ग पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आने वाले हैं।

# चयन सूची में गड़बड़ी को चीफ जस्टिस ने बताया वेरी डिस्टर्बिंग

**रायपुर**, 20 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की चयन सूची में गड़बड़ी को लेकर भाजपा नेता और पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर की ओर से दायर याचिका पर बुधवार को लगातार दूसरे दिन छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस नरेश कुमार सिन्हा की डिवीजन बेंच ने सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता से कहा कि अगर सूची में जिस तरह की रिश्तेदारी नहीं पाई गई तो इसकी आपको भारी कीमत अदा करनी होगी।

भाजपा नेता ननकीराम कंवर की ओर से याचिका में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने

- याचिकाकर्ता से कहा–अगर रिश्तेदारी नहीं मिली तो आपको अदा करनी पड़ेगी भारी कीमत

अपात्रों को भी चयनित कर लिया है, जिसमें नेताओं, मंत्रियों और अधिकारियों के बेटे-बेटियां और रिश्तेदार शामिल हैं। इन लोगों को डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी और दूसरे पद दे दिए गए हैं। याचिका पर मंगलवार को हुई सुनवाई के बाद बुधवार को सुनवाई जारी रही। संबंधित पक्षों को सुनने के बाद छत्तीसगढ़ के एडवोकेट जनरल की ओर से पक्ष रखे जाने की दरख्वास्त पर मामले की अगली सुनवाई 5 अक्टूबर नियत की गई।

याचिका पर लगातार दूसरे दिन सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने कहा कि यह बहुत डिस्टर्बिंग (परेशान करने वाला) है, और (सूची में) रिश्तेदारी नहीं पाई गई तो आपको शेष पृष्ठ 2 पर

## पीएससी मामले की जांच कर जवाब देगी सरकार

पीएससी चयन से संबंधित याचिका की सुनवाई उच्च न्यायालय के समक्ष की गई, महाधिवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिसमें राज्य सरकार के द्वारा न्यायालय के समक्ष यह वक्तव्य दिया गया कि हम उक्त प्रकरण की स्वयं जांच कर न्यायालय के समक्ष जवाब पेश करेंगे एवं जब तक मामले के अगली सुनवाई नही हो जाती तब तक इस विषय को बढ़ावा न देकर जिन व्यक्तियों पर आक्षेप लगा है और उनकी नियुक्ति नही हुई है, उसको आगे अंतिम रूप नही दिया जायेगा एवं जिनकी नियुक्तियाँ हो चुकी है वह यथा स्थिति माननीय न्यायालय के आदेश के अधीन रहेगी। न्यायालय ने उक्त वक्तव्य को रिकार्ड पर लेते हुए याचिका की अगली सुनवाई एक सप्ताह के बाद रखी है एवं राज्य सरकार तथा पीएससी को निर्देशित किया है कि वे जो सूचीं याचिकाकर्ता के द्वारा पेश की गई है उसके तथ्यों की सत्यता के संबंध में भी जांच कर शेष पृष्ठ 2 पर

# महाराष्ट्र में पिछले 72 घंटे में 7 किसानों ने की आत्महत्या

**यवतमाल**, 20 सितम्बर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में पिछले 72 घंटे में सात किसानों ने आत्महत्या कर ली है। इस घटना से पूरा महाराष्ट्र हिल गया है। विदर्भ जन आंदोलन समिति के अध्यक्ष और शिवसेना (यूबीटी) नेता किशोर तिवारी ने कहा, पिछले तीन दिनों से भी कम समय में यवतमाल से 6 और वर्धा से 1 किसान के आत्महत्या की खबर आई है। तिवारी ने कहा, आत्महत्या करने वालों में यवतमाल में हिवारी के प्रवीण काले, खिडकी के ट्रैबैंक केरम, शिवनी के मारोती चव्हाण, अर्जुन के गजानंद शिंदे, बनेगांव के तेवीचंद राठोस, जामवाडी के नितिन पाणे और वर्धा के रन्तापुर के दिनेश मडावी किसान शामिल हैं। तिवारी ने कहा कि इनमें से 6 आत्महत्याएं पिछले 48 घंटों में और एक आत्महत्या एक दिन पहले रविवार को हुई थी।

**'सरकार से नहीं मिल रही मदद'**

उनमें से अधिकांश समाज के वंचित वर्गों से हैं और उन्होंने भारी कर्ज के बोझ, फसल की बर्बादी और राज्य सरकार से बहुत कम या कोई मदद नहीं मिलने के कारण यह कदम उठाया। वीजेएएस नेता ने कहा कि लेटेस्ट मौतों के साथ जनवरी 2023 से राज्य में आत्महत्या करने वाले किसानों की संख्या बढ़कर 1586 हो गई है।

### मांगें पूरी न होने पर टिकैत ने दी आंदोलन की चेतावनी

**लखनऊ**। भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) नेता राकेश टिकैत ने कहा है कि अगर सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली और गन्ने के लिए उच्च एसएपी सहित उनकी मांगें पूरी नहीं की गई तो किसान सरकार के खिलाफ अपना आंदोलन तेज करने के लिए मजबूर होंगे। राकेश टिकैत ने संवाददाताओं से कहा कि लखनऊ में किसानों का हालिया आंदोलन अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किसी राजनीतिक एजेंडे से प्रेरित नहीं था। राकेश टिकैत ने कहा कि जहां सरकार किसानों के कल्याण के प्रति उदासीन हो रही है।

1984 सिख दंगा मामला

## कांग्रेस नेता सज्जन कुमार बरी

**नई दिल्ली**, 20 सितम्बर (एजेंसियां)। 1984 सिख दंगों से जुड़े दिल्ली के सुल्तानपुरी में 3 लोगों की हत्या मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने बरी कर दिया है। सुल्तानपुरी इलाके में 1984 के सिख दंगों के दौरान 3 लोगों की हत्या हुई थी। सुल्तानपुरी दंगे में सीबीआई की एक अहम गवाह चाम कौर ने आरोप लगाया था कि सज्जन कुमार भीड़ को भड़का रहे थे। जुलाई 2010 में कड़कड़डूमा कोर्ट ने सज्जन कुमार, ब्रह्मानंद, पेरु, कुशल सिंह और वेद प्रकाश के खिलाफ 3 लोगों की हत्या के मामले में आरोप तय किया था। अब करीब 13 साल बाद कोर्ट ने सज्जन कुमार सहित अन्य आरोपियों को इस मामले में बरी कर दिया है।

## छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में शामिल नहीं हुए डिप्टी सीएम

### प्रोटोकाल की अनदेखी से नाराज



**अम्बिकापुर**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। संभागस्तरीय ओलम्पिक खेल कूद प्रतियोगिता से उपमुख्यमंत्री ने दूरी बना ली है। जिला प्रशासन के द्वारा प्रोटोकॉल का पालन नहीं किये जाने पर कार्यक्रम में नहीं शामिल हुए। दरअसल कल शाम टीएस सिंह देव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। मीडिया प्रभारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर ये जानकारी दी है।

बता दें कि जिला प्रशासन संभागस्तरीय ओलंपिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। गांधी स्टेडियम में संभाग स्तरीय छग ओलंपिक प्रतियोगिता हो रहा है। उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव जिला प्रशासन से बेहद नाराज हुए हैं। बार बार संदेश भेजे जाने के बाद भी जिला प्रशासन प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहा है। इस मामले पर डिप्टी सीएम सिंहदेव ने कहा कि मान सम्मान से समझौता नहीं हो सकता। एक बार बोला, दो बार बोला, 10 बार बोला फिर भी जिला प्रशासन नहीं समझ रहा तो हम लोग इतने गैर सम्मान वाले लोग नहीं हैं। सिंहदेव ने आमंत्रण कार्ड में कांग्रेस के सीनियर पदाधिकारियों के नाम छापने में प्रोटोकॉल का पालन नहीं किये जाने का आरोप लगाया है। संभागस्तरीय ओलम्पिक प्रतियोगिता के लिए आमंत्रण कार्ड छपवाया गया था। जिसमें टीएस सिंह देव मुख्य अतिथि थे।

## टूल किट मामले में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के साथ संबित पात्रा को मिली राहत



**बिलासपुर**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। टूल किट मामले में पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह व भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। चीफ़ जस्टिस व जस्टिस एन के चन्द्रवंशी की डिवीजन बेंच ने माना कि ट्वीट से कोई सामाजिक सौहार्द नहीं बिगड़ा। इसके साथ ही दोनों भाजपा नेताओं के विरुद्ध दर्ज एफआईआर को कोर्ट ने निरस्त कर दिया। बता दें कि बीते 12 सितम्बर को सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसले को सुरक्षित रखा गया था।

बता दें कि दो साल पहले का यह मामला है। वर्ष 2021 में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ। रमन सिंह ने 18 मई को अपने ट्विटर अकाउंट से कांग्रेस का कथित लेटर पोस्ट करते हुए दावा किया था कि इसमें देश का माहौल खराब करने की तैयारी की प्लानिंग लिखी है। इसके साथ ही लिखा गया कि विदेशी मीडिया में देश को बदनाम करने दुष्प्रचार और जलती लाशों की फोटो दिखाने का कांग्रेस षड्यंत्र कर रही है। ऐसी ही पोस्ट संबित पात्रा ने भी की थी। इसके बाद युवा कांग्रेस के नेताओं ने रमन सिंह व संबित पात्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया था।

एफआईआर के विरोध में भाजपा नेताओं ने बाकायदा हैशटैग 'भूपेश- मुझे भी गिरफ्तार करो' के जरिए अभियान चलाते हुए प्रदेशभर में अपने निवास के सामने बैठकर धरना दिया था। सभी जिला मुख्यालयों में भाजपा नेताओं के साथ पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और राजेश मूणत गिरफ्तारी देने थाना पहुंचे थे।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में रिपोर्ट की जारी

## हाई बीपी पर नियंत्रण पाकर भारत रोक सकता है 46 लाख मौत

**नई दिल्ली**, 20 सितम्बर (एजेंसियां)। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत हाई बीपी की बीमारी पर नियंत्रण पाकर 2040 तक 4.6 मिलियन मौतों को रोक सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के दौरान हाई बीपी के विनाशकारी वैश्विक प्रभाव पर अपनी पहली रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में 30–79 वर्ष की आयु के अनुमानित 188.3 मिलियन वयस्क हाई बीपी से पीड़ित हैं। 50 प्रतिशत नियंत्रण दर हासिल करने के लिए, हाई बीपी से पीड़ित 67 मिलियन से अधिक लोगों का प्रभावी ढंग से इलाज करने की आवश्यकता होगी। कुल 37 प्रतिशत भारतीयों में हाई बीपी की समस्या पाई गई है। पुरुषों में 32 प्रतिशत और महिलाओं में 42 प्रतिशत इस रोग से पीड़ित हैं। कुल पीड़ितों में से 30 प्रतिशत लोगों को ही इलाज मिल पाता है। महिलाओं में 35 प्रतिशत और पुरुषों में 25 प्रतिशत को इलाज का लाभ मिला है।

**केवल 15 फीसदी का हाई बीपी नियंत्रण में**–रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में केवल 15 प्रतिशत लोगों का हाई बीपी नियंत्रण में है (महिलाओं में 19 प्रतिशत और पुरुषों में 11 प्रतिशत)। अनियंत्रित हाई बीपी को दिल का दौरा, स्ट्रोक और समय से पहले मौत का कारण माना जाता है। रिपोर्ट से पता चला है कि देश में हृदय रोगों से होने वाली 52 प्रतिशत मौतों का कारण हाई बीपी हो सकता है।

**विश्व स्तर पर तीन में से एक प्रभावित**–विश्व स्तर पर हाई बीपी दुनिया भर में तीन वयस्कों में से एक को प्रभावित करता है। हाई बीपी से पीड़ित हर पांच में से चार लोगों का पर्याप्त इलाज नहीं किया जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर देश कवरेज बढ़ा सकते हैं, तो 2023 और 2050 के बीच 76 मिलियन मौतों को रोका जा सकता है।

डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनोम घेब्रेयसस ने कहा, 'हाई बीपी को सरल, कम लागत वाली दवा के साथ प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है, लेकिन हाई बीपी वाले पांच में से केवल एक व्यक्ति ने ही इसे नियंत्रित किया है।' उम्र बढ़ने और जेनेटिक्स कारणों से भी हाई बीपी का खतरा बढ़ सकता है।



# रक्तदान के लिए चलाएं व्यापक अभियान - कलेक्टर

## भारतीय रेडक्रास सोसायटी के कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न




**बिलासपुर,** 20 सितंबर ( देशबन्धु) । कलेक्टर संजीव कुमार झा ने आज जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा की कार्यकारिणी समिति की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि रेडक्रॉस का प्रमुख उद्देश्य जरूरत मंदो की सहायता प्रदान करना है। जिले में यह सोसायटी अपने उद्देश्यों को पूरा तभी कर सकता है जब उनके पास पर्याप्त दवाईयां और ब्लड बैंक में पर्याप्त रक्त की उपलब्धता हो। कलेक्टर ने सभी आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि रक्त की पर्याप्त उपलब्धता होने से दुर्घटना में घायल व्यक्तियों और गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों को त्वरित सहायता मिलती है और उन्हें नया जीवन दान मिलता है। उन्होंने रक्त की पर्याप्त उपलब्धता के लिए रेडक्रास सोसायटी के माध्यम से जिले में व्यापक स्तर पर रक्तदान शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिलासपुर एक बड़ा जिला है और उसके अनुरूप जिले में रेडक्रॉस की शाखा भव्य और गौरवशाली होनी चाहिये। इसके लिए कार्यकारिणी समिति को बड़ा और व्यापक बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को शामिल करने की आवश्यकता है। उन्होंने जिले के सभी गणमान्य नागरिकों को समिति के सदस्य बनाने के निर्देश दिए। बैठक में समिति में पैट्रन सदस्य, वाईस पैट्रन और आजीवन सदस्य बढ़ाने, नवीन निर्माणाधीन सुपर मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सालय कोनी एवं नूतन चौक सरकण्डा में रेडक्रास के नए दवाई दुकान खोलने पर सहमति के साथ कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए। साथ ही समिति के सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव भी साझा किये। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त कुणाल दुदावत, जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल, सीएमएचओ डॉ. राजेश शुक्ला, सिविल सर्जन डॉ. अनिल गुप्ता, सौरभ सक्सेना सहित समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

# मरवाही में बीजेपी की परिवर्तन यात्रा में कांग्रेस सरकार पर जमकर बरसे बृजमोहन अग्रवाल

## भूपेश बघेल को बताया कालनेमी

## कोरबा संसदीय क्षेत्र के मरवाही विधानसभा में हुई बीजेपी की परिवर्तन यात्रा

## बृजमोहन अग्रवाल का दावा इस बार हम बहुमत में आएंगे




**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। बीजेपी की परिवर्तन यात्रा में मरवाही पहुंचे बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी की यह परिवर्तन यात्रा पूरे प्रदेश में परिवर्तन लाकर रहेगी। इस माफिया भ्रष्ट कांग्रेस सरकार का छत्तीसगढ़ एटीएम बनकर रह गया है। शराब में, रेत में डीएमएफ में सीमेंट में सरकार भ्रष्टाचार कर रही है।

पूर्व कृषि मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कालनेमि बताते हुए आरोप लगाया है कि अगर उसमें दम है तो जिन्होंने सनातन का विरोध किया हिंदू का विरोध किया उनके खिलाफ क्यों नहीं बोलते, अगर भूपेश बघेल में दम है तो सोनिया और राहुल गांधी को अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन करने क्यों नहीं ले जाते, भूपेश कालनेमी के रूप में हनुमान रूपी जनता को वोट के लिए भड़काने की कोशिश कर रहे हैं, छत्तीसगढ़ की जनता हनुमान के रूप में कालनेमि और ताड़का का वध करेगी।राम पर राजनीति करने वाले दल पर आरोप लगाया है की राम सबके हैं पूरे हिंदुस्तान के और पूरे विश्व के हैं राम मर्यादा पुरुषोत्तम है कांग्रेस मर्यादा को मानती नहीं है। भाजपा के हिंदू कार्ड खेलने के आरोप पर कहा कि यह हिंदुस्तान है यहां हिंदू बहुसंख्यक है हिंदू कार्ड तो कांग्रेस खेल रही है जब चुनाव आता है तो राहुल गांधी जनेऊ पहन लेते हैं प्रियंका मंदिर जाने लगती है। आने वाले विधानसभा चुनाव में बीजेपी के मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा के सवाल पर कहा कि विपक्ष में बैठी पार्टियों का कोई चेहरा नहीं होता, अब तो कांग्रेस भी कह चुकी है कि हम सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे भूपेश हमारा चेहरा नहीं है।

बृजमोहन अग्रवाल का दावा इस बार हम बहुमत में आएंगे। बीजेपी के मरवाही में अयोजित परिवर्तन यात्रा में 20 सितंबर को केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर एवं नरेंद्र सिंह तोमर को शामिल होना था परंतु उनका दौरा रद्द हुआ बाद में परिवर्तन यात्रा का नेतृत्व करने छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने मंच संभालते हुए कांग्रेस की सरकार पर जमकर हमला बोला उन्होंने भूपेश बघेल पर आरोप लगाकर लगाते हुए कहा कि भूपेश ने जो भी वादे किए वह छलावा था ,धोखा था केंद्र सरकार की सभी योजनाएं प्रदेश में आकर रुक जा रही है जिसके कारण प्रदेश की जनता को योजनाओं का सही लाभ नहीं मिल रहा है बृजमोहन अग्रवाल ने भारतीय जनता पार्टी के विधायक छत्तीसगढ़ के शासन को याद दिलाते हुए कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार रही तो कृषि यंत्र सहित धान का उचित मूल्य रू 1 किलो चावल देने की योजना बीजेपी के शासन में ही शुरू हुई।

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ का पैसा भूपेश बघेल दिल्ली में बैठे सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को पहुंचा रहे हैं । छत्तीसगढ़ के पैसे का छत्तीसगढ़ में उपयोग नहीं हो रहा है उसका शोषण दिल्ली में बैठे कांग्रेस के नेता कर रहे हैं। मरवाही में आयोजित परिवर्तन यात्रा में मरवाही से भाजपा प्रत्याशी प्रणव मरपश्ची सहित जिले के भाजपा नेता एवं मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# भारतीय रेल एथलेटिक्स प्रशिक्षण शिविर बिलासपुर में आज से 9 अक्टूबर तक

**बिलासपुर** ,20 सितम्बर( देशबन्धु) ।63वी नेशनल ओपन एथलीट महिला पुरुष चैंपियनशिप जो की जमशेदपुर झारखंड में 11अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक आयोजित होनी है । इस प्रतियोगिता के लिए आर एस पी बी नई दिल्ली ने रेलवे के खिलाड़ीयो का प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर टीम को मजबूत बनाने के लिए तीन जगह पर प्रशिक्षण लगाया जा रहा है, जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के साथ साथ पटियाला, भुवनेश्वर में लगाया जा रहा है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ बिलासपुर में भी 83 खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है । इस शिविर में जिसमे कई बड़े बड़े खिलाड़ियों एवम अर्जुना पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ी भी प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित हो रहे हैं । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ बिलासपुर के साथ साथ छत्तीसगढ़ के लिए भी यह बड़ी उपलब्धि है कि इतने बड़े खिलाड़ियों बिलासपुर, छत्तीसगढ़ आ रहे है। बिलासपुर रेलवे खेल संघ ने यह शिविर बिलासपुर के बी आर यादव बहतराई एथलेटिक्स खेल स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है जिसमे खेल की सारी सुविधाएं उपलब्ध है । इस शिविर में स्प्रिंट ,मिडिल डिस्टेंस एंड लोग डिस्टेंस ,रेस वाकिंग ,और जंप के शिविर है । खेल संघ ने खिलाड़ियों कि रुकने की व्यवस्था साइंस कॉलेज के हॉस्टल में की गई है । प्रतियोगिता में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ी उपस्थित हो रहे हैं जिनके नाम है जोसेफ इब्राहिम ओलंपियन संजय राय एशियाई मेडलिस्ट हरिशंकर राय राम शिवानंद बी विनेश ,जैसे बड़े खिलाड़ियों को शिविर में देखा जा सकता है । से बिलासपुर जिले के खिलाड़ियों को उनके साथ रहकर कुछ सीखने का अवसर मिल सकता है जिससे वह भविष्य में और उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके । इस प्रशिक्षण शिविर में 83 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिसमें 33 महिला खिलाड़ी एवम 35 पुरुष खिलाड़ी आ रहे है । जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के 10 खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं । बिलासपुर जोन के ही दो प्रशिक्षक को भी इस शिविर में लिया गया है । श्रीकांत पहाड़ी एवं अशोक पटेल । इस प्रशिक्षण शिविर में कुल 12 कोच नियुक्त किए गए है प्रशिक्षण शिविर 21 सितंबर से प्रारंभ होकर 9 अक्टूबर तक चलेगा । इस शिविर के आयोजन के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ एवं छत्तीसगढ़ खेल युवा कल्याण विभाग रायपुर से युवा कल्याण विभाग बिलासपुर एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश एथलेटिक्स संघ एवम शासकीय राघवेंद्र राव मॉडल साइंस कॉलेज सभी का सहयोग प्रशिक्षण शिविर लगाने में प्राप्त हो रहा है । इस आयोजन के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक एवं खेल संघ के अध्यक्ष एवं क्रीड़ा अधिकारी द्वारा आने वाले प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं दी । बिलासपुर जोन के खिलाड़ी रितेश सूर्य 1500 मी रवि 5 किलोमीटर हरीश 5एवम 10 किलोमीटर राज मिश्रा 3000 मीटर ट्रिपल चेस रवि हमर थ्रोअर अभिषेक द्रोल भला फेक अभिलाष सक्सेना गोला फेक शिवानी चक फेक पूजा 800 1500 मीटर दौड़ मुन्नी देवी 5 किलोमीटर भी इस शिविर में भाग ले रहे है ।

## तृतीय श्रेणी के विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु दावा आपत्ति 25 तक

**बिलासपुर,** 20 सितम्बर ( देशबन्धु) । संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवायें द्वारा संभाग स्तरीय तृतीय श्रेणी के 231 विभिन्न रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु दावा आपत्ति आमंत्रित किये गये है। प्राप्त आवेदनों के दस्तावेज सत्यापन पश्चात सूची विभागीय वेबसाईट पर जारी कर दी गई है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति 25 सितम्बर तक ईमेल के माध्यम से निर्धारित प्रारूप में किये जा सकते है।

मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट, नेत्र सहायक अधिकारी, रेडियोग्राफर, ओटी टेक्निशियन, रेफ्रिजरेटर मैकेनिक एवं सायकेट्रिक नर्स के पदों पर दावा आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु विभिन्न ईमेल आईडी विभाग द्वारा जारी किये गये है। विस्तृत विवरण हेतु विभागीय वेबसाईट एवं का अवलोकन किया जा सकता है।

## कंडम वाहन की नीलामी 3 को

**बिलासपुर,** 20 सितम्बर ( देशबन्धु) । संयुक्त संचालक समाज कल्याण कार्यालय बिलासपुर के कंडम वाहन क्रमांक सीजी 02-2600 जो कि उपनियंत्रक ब्रेल प्रेस तिफरा के परिसर में रखी है। जिसके नीलामी की कार्यवाही 3 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे उप नियंत्रक ब्रेल प्रेस, थोक सब्जी मण्डी रोड तिफरा में की जाएगी। इच्छुक संस्थान अथवा व्यक्ति संयुक्त संचालक, समाज कल्याण बिलासपुर में उपस्थित होकर वाहन एवं नीलामी संबंधी अन्य विवरण का अवलोकन कर सकते है।

## सामान्य सभा एवं प्रशासन समिति की बैठक 29 को

**बिलासपुर,** 20 सितंबर ( देशबन्धु) । जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक 29 सितंबर को दोपहर 12 बजे एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक शाम 4.30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में रखी गई है। सामान्य सभा की बैठक में कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशु पालन विभाग, मत्स्य विभाग, बीज निगम, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जल संसाधन विभाग सहित विभिन्न विभागों के योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, रीपा, स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। वहीं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में पूर्व बैठक का पालन प्रतिवेदन, समग्र शिक्षा विभाग अंतर्गत योजनाओं की जानकारी एवं समीक्षा, खाद्य विभाग अंतर्गत चल रहे योजनाओं पर चर्चा एवं समीक्षा, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत अमृत सरोवर योजना, गोधन न्याय योजना, समाज कल्याण एवं जिला पुनर्वास विभाग की जानकारी एवं समीक्षा सहित अन्य विषयों पर चर्चा होगी।

# अलग-अलग स्थानों पर शराब बेचते 3 आरोपी पकड़ाए

**बिलासपुर,** 2 सितंबर ( देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष कुमार सिंह(भा.पु.से.) द्वारा जिले में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने हेतु निजात अभियान चलाया जा रहा है, जिसके परिपालन में अतिपुलिस अधीक्षक (शहर ) बिलासपुर राजेन्द्र जायसवाल एवं सी. एस. पी. (सरकंडा ) श्रीमती पूजा कुमार द्वारा जिले में अवैध शराब /गांजा बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन में थाना प्रभारी सरकंडा निरीक्षक जे.पी. गुप्ता के निर्देशन में एक टीम कार्यवाही हेतु लगाया गया है, टीम द्वारा पतासाजी के दौरान मुखबीर पर बहतराई स्टेडियम के पास आरोपी राजकुमार साहू को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसके कब्जे से 17 लीटर महुआ शराब किमती 34 एवं बिक्री रकम 6/- रू. बरामद किया गया ।

इसी प्रकार टीम द्वारा सूर्या चौक चिंगराजपारा के पास रेड कार्यवाही कर आरोपी मोना उर्फ सोमनाथ साहू के कब्जे से अवैध रूप से बिकी करते 45 पाव देशी प्लेन शराब किमती 36 रू. बरामद किया गया, तथा ग्राम चिल्हाटी धनुहार पारा में आरोपी गणेश मरावी के कब्जे से 14 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 28 रू. जप्त किया गया । सभी आरोपीयो के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

#### महिला आरक्षण बिल ...

कहते ही विपक्ष का हंगामा शुरू कर दिया। इस पर शाह मुस्कुराते हुए राहुल गांधी की तरह बोले- डरो मत। शाह ने कहा- महिला आरक्षण बिल युग बदलने वाला विधेयक है। कल का दिन भारतीय संसद के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा। कल नए सदन का पहली बार श्री गणेश हुआ, कल गणेश चतुर्थी थी और पहली बार कई सालों से लंबित पड़े बिल को पास किया गया। देश में एससी-एसटी के लिए जितनी सीटें आरक्षित हैं, उनमें से भी 33 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगी। कुछ लोगों के लिए महिला सशक्तीकरण चुनाव जीतने का मुद्दा हो सकता है, लेकिन मेरी पार्टी और मेरे नेता मोदी के लिए यह मुद्दा राजनीति नहीं, बल्कि मान्यता का मुद्दा है। मोदी ने ही भाजपा में महिलाओं को पार्टी पदों पर 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाया।

#### आरक्षण बिल सबसे पहले राजीव लाए: सोनिया

सोनिया ने कहा, 'स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण देने वाला कानून सबसे पहले मेरे पति राजीव गांधी लाए थे, जो राज्यसभा में 7 वोटों से गिर गया था। बाद में पीवी नरसिम्हा राव की सरकार ने उसे पास करवाया। इसी का नतीजा है कि देशभर के स्थानीय निकायों में 15 लाख चुनी हुई महिला नेता हैं। राजीव का सपना अभी आधा ही पूरा हुआ है, यह बिल पास होने से सपना पूरा हो जाएगा। इस पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि ये सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी का बिल है, जिसने गोल किया, नाम उसी का होता है। हमारे प्रधानमंत्री और हमारी पार्टी ये बिल लेकर आई है तो इनके पेट में दर्द हो रहा है।

#### ओबीसी आरक्षण के बिना ...

जनगणना के आंकड़े जारी कीजिए। अगर आपने जारी नहीं किए तो हम जारी कर डालेंगे। उन्होंने कहा कि भारत की महिलाओं को सत्ता हस्तांतरित करने की दिशा में सबसे बड़ा कदम था पंचायती राज, जहां उन्हें आरक्षण दिया गया और बड़े पैमाने पर राजनीतिक व्यवस्था में प्रवेश करने की अनुमति दी गई।

#### राष्ट्रपति को मौजूद होना चाहिए था

राहुल ने संसद भवन के बारे में कहा कि यह एक अच्छी इमारत है। इसकी दीवारों पर सुंदर मोर बने हैं, लेकिन मैं इस भवन में भारत के राष्ट्रपति को भी देखना पसंद करूंगा। जब सांसदों को पुरानी संसद से नई संसद में ले जाया जा रहा था तो राष्ट्रपति को मौजूद होना चाहिए था।

#### रायगढ़ एक्सिस बैंक डकैती कांड के ...

सभी लोकेशन साझा करने के बाद नाकेबंदी की गई थी तब देर रात चार आरोपी बलरामपुर के पास झारखंड बार्डर से ट्रक और कार में सवार होकर भागते पकड़ मे आ गए। इनके पास से सात बैग भी मिले हैं जिसमे लूटी गई रकम और सोने के गहने हैं। छत्तीसगढ़ की झारखण्ड सीमा पर देर रात पकड़े गए डकैतों के मामले में पुलिस पूछताछ लगातार जारी है। इस संबंध में बिलासपुर रेंज के आईजी अजय यादव ने बताया कि कल सुबह एक्सिस बैंक में डकैती की घटना हुई थी जिसमें सात आरोपियों के द्वारा बैंक खुलते ही घुसकर वहां के कर्मचारियों को लेकर इस घटना को अंजाम दिया गया था और वहां से 4 करोड़, 19 लाख 46 हजार से अधिक नगद रकम एवं लोन लेने के लिये बैंक में रखे गए 2917 ग्राम के गहने जिसका मूल्य 1 करोड़ 43 लाख रूपये है। कुल 5 करोड़ 62 लाख की डकैती डालकर फरार हो गए थे। उसके बाद पुलिस की पूरी टीम आरोपियों की पतासाजी में लगी हुई थी। झारखण्ड, बिहार और ओडिसा की पुलिस से संपर्क के दौरान कुछ क्यू पुलिस के हाथ लगे। साथ ही साथ सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कुछ सबूत सामने आये। इस बीच एक सस्पेक्टेड कार के बारे में पता चला और जब उसे टेऊ्र किया गया तो कुछ लोगों के बारे में पता चला जो बिहार के रहने वाले थे। जिसके बाद बिहार के कुछ लोगों के पुलिस के साथ लगातार संपर्क में बने हुए थे और उनसे संबंध में जानकारी भी मंगाए इस बीच कुछ लोगों ने आरोपियों की पहचान भी जिसके बाद पुलिस इसी दिशा में कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए आसपास के सभी सरहदी जिलों में नाकेबंदी करके बाहर जाने से सभी रास्तों में खासकर करके अंबिकापुर डिवीजन के बलरामपुर जिला में पुलिस बल तैनात किया गया। इसी दौरान 24 घंटे के भीतर यहां से आरोपियों को पकड़ने में पुलिस की सफलता मिली है। पुलिस अभी तक पांच आरोपियों के साथ डकैती की पूरी राशि बरामद कर ली है लेकिन इस घटना में पांच और आरोपियों की संलिप्ता होनें की आशंका है। कुछ आरोपी झारखण्ड और कुछ ओडिसा में छिपे होनें की आशंका जताई जा रही है इसलिये पुलिस की दो टीमें आरोपियों की तलाश के लिये झारखण्ड रवाना हो गई है। दो टीमें ओडिसा भेजा जा रहा है। आरोपियों ने शातिरआना अंदाज में चोरी की वाहनों से डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के द्वारा देर शाम तक प्रेस कांन्फ्रेस कर इस घटना का खुलासा किया जाएगा। बहरहाल पुलिस की जांच में अभी तक यह बात भी सामने आई है कि पकड़ा गया डकैत गैंग बिहार के गया जिले के शेराबाटी गैंग से ताल्लुक रखता है और इन डकैतों में से अधिकांश के उपर कई मामले दर्ज है। पांच डकैतों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस की टीम इनके अन्य साथियों को दबोचने के लिये बिहार, झारखण्ड ओडिसा भी निकली है।

#### चयन सूची में गड़बड़ी को ...

इसकी भारी कीमत अदा करनी पड़ेगी। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने सहमति जताई। सुनवाई शुरू होने के साथ ही याचिकाकर्ता की ओर से मंगलवार को प्रस्तुत 18 लोगों की सूची में से दो की जगह तीन लोगों के 2020 के पीएससी में शामिल होने की जानकारी देते हुए 15 लोगों की संशोधित सूची पेश की गई। इस पर चीफ जस्टिस की फटकार पर याचिकाकर्ता के वकील ने माफी मांगी। इसके साथ ही मामले के अदालत में जारी रहने के बीच अखबारबाजी होने पर आपत्ति जताई।

सुनवाई के दौरान सूची में शामिल नितेश की ओर से अधिवक्ता प्रस्तुत हुए और उन्होंने बताया कि नितेश पीएससी चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी के पुत्र नहीं बल्कि राजेश का पुत्र होना बताया।

#### पीएससी मामले की जांच कर ...

ले तथा याचिकाकर्ता को निर्देशित किया गया है कि वह चयनित व्यक्तियों को पक्षकार बनाये और अपनी याचिका में निर्धारित संशोधन कर पेश करें। न्यायालय के द्वारा याचिकाकर्ता को भी सचेत किया गया है कि अगर याचिकाकर्ता की जानकारी गलत पाई गयी तो उसके विरुद्ध भी न्यायोचित कार्यवाही की जायेगी।

**NECC**

| 21.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 531 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 195 |

डिलीवरी 5.46 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर छ.ग.**

**ईश्तहार**

क्रमांक/ क / अति.तह./ वा./ भू-बंटन / 2023 बिलासपुर, दिनांक 13.09.2023

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर (भू-बंटन) बिलासपुर के पत्र क्र. 3354/ भूमि आबंटन / 2023 दिनांक 14.08.2023 अनुसार आवेदक संस्था कार्यालय पुलिस अधीक्षक बिलासपुर छ.ग. के पत्र क्र. पु.अ./ बिला./ एसी-1/ प्रस्ताव / एसी-168/ 2023 बिलासपुर दिनांक 12.07.2023 द्वारा मौजा चांटीडीह प.ह.नं. 33 स्थित भूमि खसरा नंबर 561/4 रकबा 1.4970 हेक्टेयर में से रकबा 0.72 एकड़ भूमि यातायात सरकण्डा थाना भवन बनाने हेतु भूमि का चयन किया गया है जिसे पुलिस विभाग के नाम पर भू-बंटन हेतु आबंटन किये जाने जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

छ.ग.शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंध विभाग, नया रायपुर छ.ग. के ज्ञापन क्रमांक/ एफ-4-4/ सात-1/ रायपुर दिनांक 04.03.2021 अनुसार भूमि आबंटन के प्रस्तावों पर समुचित परीक्षण कर प्रस्ताव भिजवाने के संबंध में निर्धारित चेक लिस्ट के बिन्दु क्रमांक-16 में आंशिक संशोधन कर बिन्दु क्रमांक-32 किया गया है। शासकीय विभागों/ पंजीयन संस्था के भूमि मांग आवेदन पत्र पर शासन द्वारा निर्धारित चेक लिस्ट अनुसार जांच कर प्रतिवेदन कार्यालय कलेक्टर (भू-बंटन) बिलासपुर को प्रस्तुत किया जाना है।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 29/09/2023 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब/ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 13/09/2023 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

जी- 05467/1

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् चांपा, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**// तृतीय निविदा सूचना //**

क्रमांक/ 2211/ लो नि वि / न.पा./ 2023-24 चांपा दिनांक 20/09/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पाईप लाईन/ सिविल कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / निर्माताओं / अधिकृत विक्रेताओं से मैनुअल निविदा लोक स्वास्थ्य विभाग के दिनांक 07.02.2013 से प्रचलित पी.एच.ई. एस.ओ.आर. से कार्य हेतु दर अनुसूची पर प्रपत्र ''अ'' में आमंत्रित की जाती है।

1 निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 26.09.2023 सायंकाल 5.00 बजे तक।
2. निविदा प्रपत्र हेतु रसीद कटने एवं प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 29.09.2023 सायंकाल 5.00 बजे तक।
3. निविदा स्पीड पोस्ट से जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 03.10.2023 सायंकाल 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि दिनांक 03.10.2023 सायंकाल 3.30 बजे से।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (राशि) रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं. 17 में मिशन रोड सब्जी मण्डी से बिहारी कश्यप घर तक पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 8.94 |

निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें तथा अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा एवं विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखा जा सकता है। पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् चांपा

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, वृत्त-अम्बिकापुर**

चतुर्थ निविदा आमंत्रण विज्ञापन क्रः- 79

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, वृत्त - अम्बिकापुर अंतर्गत परि.संभाग कोरिया के जिला सूरजपुर के अंतर्गत मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत् विकासखण्ड सूरजपुर एवं ओड़गी के विभिन्न स्थानों के प्रा./मा./हाई एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में जीर्णोद्धार निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा दिनांक 30.09.2023 तक प्रपत्र 'अ' में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, परियोजना संभाग-कोरिया के मो. नं. 9424209101 पर संपर्क करें।

संवाद-38577-3 उपायुक्त

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक / Q / अ.तह./ वा./ 2023
बिलासपुर, दिनांक 11/09/2023
रा.प्र.क्र. ..../ ब-121 / 2023
ग्राम - जरहाभाठा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम जरहाभाठा प.ह.नं. 38 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक विक्रम कुमार जांगड़े पिता धनेश जांगड़े निवासी ग्राम जरहाभाठा के द्वारा मृतक दादा फगुआ की मृत्यु दिनांक 14/12/1998 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 25/09/2023 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सील

(शशि भूषण सोनी)
अतिरिक्त तहसीलदार एवं
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)**
**मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)**
**पं.रविशंकर शुक्ल नगर जोन**

फा.क्र./ 141, 142, 143 एवं 144 / निर्माण (पं.रविशंकर शुक्ल नगर जोन)/ 2023 / कोरबा, दिनांक 13.09.2023

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर त्रि-लिफाफा पद्धति माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-
1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 05.10.2023 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि - 05.10.2023 सायंकाल 4:30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू में |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र 25 बुधवारी बाजार के सामने केंवट समाज भवन के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। (विधायक मद 2023-24) | 15,00,000/- | 11,500/- |
| 2 | वार्ड क्र 25 अंतर्गत सूर्यवंशी समाज के सामुदायिक भवन के समीप सामुदायिक भवन में अतिरिक्त सुविधाओं का विस्तार कार्य। (पार्षद मद 2023-24) | 4,00,000/- | 4,000/- |
| 3 | वार्ड क्र 24 अंतर्गत आर.सी.सी.नाली एवं सी.सी.पेवर ब्लॉक रोड का निर्माण कार्य। (एल्डरमेन निधि 2023-24) | 6,00,000/- | 4,500/- |
| 4 | वार्ड क्र 27 अंतर्गत राम नगर कॉलोनी के विभिन्न स्थानों में आर.सी.सी.नाली एवं सी. सी. रोड का निर्माण कार्य। (एल्डरमेन निधि 2023-24) | 6,00,000/- | 4,500/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website : www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

// स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें //

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, (वि./ यां.) संभाग**
**अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक- 6283 / NIT-15 /2023-2024 / व ले लि दिनांक : 15/09/2023

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 26/09/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 04/10/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 05/10/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
कार्य हेतु:-
निविदा प्रपत्र का मूल्य :- 750.00 रूपये, निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत ''द'' से ''अ'' तक तथा कार्य की अवधि प्रत्येक हेतु दिनांक 31.03.2024 तक वर्षा ऋतु सहित निर्धारित है।

| एनआईटी क्र.15 निविदा क्र. | कार्य का नाम/ NoOfCalls (प्रथम आमंत्रण) | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.में) बैंक साल्वेंसी (रू. में) |
|---|---|---|
| T0155 | सरगुजा जिले के अंतर्गत विभिन्न शासकीय आवासीय भवनों (कलेक्टर बंगला, कमिश्नर बंगला एवं सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारी/ कर्मचारियों के आवास गृह) में वार्षिक संधारण एवं मरम्मत के विद्युतीकरण का कार्य। | 19.90-14925.00-298500.00 |
| T0156 | सरगुजा जिले के अंतर्गत न्याय विभाग के विभिन्न आवासीय भवनों (डी.जे.बंगला एवं ए.डी.जे.बंगला) में वार्षिक संधारण एवं मरम्मत के विद्युतीकरण का कार्य। | 19.50-14625.00-292500.00 |
| T0157 | सरगुजा जिले के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के आवासीय भवनों (मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता,कार्यपालन अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी एवं उप अभियंताओं के निवास) में वार्षिक संधारण एवं मरम्मत के विद्युतीकरण कार्य। | 19.90-14925.00-298500.00 |
| T0158 | सरगुजा जिले के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के गैर-आवासीय भवनों (मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालयों) में वार्षिक संधारण एवं मरम्मत के विद्युतीकरण कार्य। | 19.90-14925.00-298500.00 |
| T0159 | सरगुजा जिले के अंतर्गत कलेक्टोरेट परिसर एस.पी.ऑफिस, कम्पोजिट भवन, सिविल कोर्ट एवं कुटुंब न्यायालय में वार्षिक संधारण एवं मरम्मत के विद्युतीकरण का कार्य। | 19.50-14625.00-292500.00 |
| T0160 | जशपुर जिले के अंतर्गत शासकीय गैर-आवासीय भवनों ब्लॉक जशपुर में विद्युतीकरण का वार्षिक संधारण एवं मरम्मत कार्य। | 10.00-7500.00-150000.00 |
| T0161 | जशपुर जिले के अंतर्गत शासकीय गैर-आवासीय भवनों ब्लॉक कांसाबेल में विद्युतीकरण का वार्षिक संधारण एवं मरम्मत कार्य। | 8.00-6000.00-120000.00 |
| T0162 | जशपुर जिले में ब्लॉक पत्थलगांव के अंतर्गत शासकीय गैर-आवासीय भवनों में विद्युतीकरण का वार्षिक संधारण एवं मरम्मत कार्य। | 8.00-6000.00-120000.00 |
| T0163 | जशपुर जिले के अंतर्गत शासकीय गैर-आवासीय भवनों ब्लॉक मनोरा में विद्युतीकरण का वार्षिक संधारण एवं मरम्मत कार्य। | 6.00-5000.00-90000.00 |
| T0164 | जशपुर जिले में ब्लॉक सन्ना के अंतर्गत शासकीय गैर-आवासीय भवनों में विद्युतीकरण का वार्षिक संधारण एवं मरम्मत कार्य। | 6.00-5000.00- 90000.00 |
| T0165 | जशपुर जिले में ब्लॉक जशपुर के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों में विद्युतीकरण का वार्षिक संधारण एवं मरम्मत कार्य। | 7.00-5250.00- 105000.00 |
| T0166 | जशपुर जिले में ब्लॉक मनोरा के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों में विद्युतीकरण का वार्षिक संधारण एवं मरम्मत कार्य। | 3.00-3000.00- 45000.00 |
| T0167 | जशपुर जिले में ब्लॉक सन्ना के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों में विद्युतीकरण का वार्षिक संधारण एवं मरम्मत कार्य। | 3.00-3000.00- 45000.00 |
| T0168 | जशपुर जिले में ब्लॉक बगीचा के अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों में विद्युतीकरण का वार्षिक संधारण एवं मरम्मत कार्य। | 10.00- 7500.00 - 150000.00 |
| T0169 | बलरामपुर जिले के अंतर्गत रेस्ट हाउस सामरी, कुसमी एवं राजपुर में विद्युतीकरण का संधारण एवं मरम्मत कार्य। | 6.00 - 5000.00 - 90000.00 |
| T0170 | बलरामपुर जिले के अंतर्गत रेस्ट हाउस रामानुजगंज, सनावल, वाड्रफनगर एवं बलरामपुर में विद्युतीकरण का संधारण एवं मरम्मत कार्य। | 8.00 - 6000.00 - 120000.00 |
| T0171 | बलरामपुर जिले के अंतर्गत सर्किट हाउस बलरामपुर में विद्युतीकरण का संधारण एवं मरम्मत कार्य। | 6.00-5000.00- 90000.00 |
| T0172 | बलरामपुर जिले के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (वि./ यां.) उपसंभाग बलरामपुर के संभावित भवनों में संधारण एवं विशेष मरम्मत कार्य। | 19.85- 14888.00-297750.00 |
| T0173 | सूरजपुर जिले के अंतर्गत सर्किट हाउस राजपुर में विद्युतीकरण संधारण एवं मरम्मत कार्य। | 3.00 - 3000.00 - 45000.00 |
| T0174 | सूरजपुर जिले के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (वि./ यां.)उपसंभाग सूरजपुर के संभावित भवनों में संधारण एवं विशेष मरम्मत कार्य। | 15.00- 11250.00 - 225000.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-05438/1

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग
अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

# देश

**उवाच** “ हमें किसी भी विधेयक से कोई नुकसान नहीं है। हमें नुकसान केवल इसलिए हुआ है क्योंकि प्रशासन जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने से डरता है। वे यहां पर बेताज बादशाहों की तरह बैठे हुए हैं। हम उन लोगों से डरे हुए हैं जो यहां चुनाव कराने से भाग रहे हैं।

-उमर अब्दुल्ला, नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36° | 27° |
| मुंबई | 28° | 27° |
| कोलकाता | 28° | 27° |
| चेन्नई | 36° | 27° |

# नारी शक्ति वंदन बिल आधा-अधूरा : अखिलेश

## महिला आरक्षण बिल के मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली,**20 सितम्बर (देशबन्धु)। संसद के विशेष सत्र के तीसरे दिन लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक पर विपक्ष व सत्तापक्ष ने अपनी राय रखी। इस कड़ी में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी पर सवाल उठाते हुए इसे आधा-अधूरा विधेयक करार दिया। उन्होंने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर लिखा, नई संसद के पहले दिन ही भाजपा सरकार ने 'महाझूठ' से अपनी पारी शुरू की है। जब जनगणना और परिसीमन के बिना महिला आरक्षण बिल लागू हो ही नहीं सकता, जिसमें कई साल लग जाएंगे, तो भाजपा सरकार को इस आपाधापी में महिलाओं से झूठ बोलने की क्या जरूरत थी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार न जनगणना के पक्ष में है न जातिगत गणना के, इनके बिना तो महिला आरक्षण संभव ही नहीं है। ये आधा-अधूरा विधेयक 'महिला आरक्षण' जैसे गंभीर विषय का उपहास है, इसका जवाब महिलाएं आगामी चुनावों में भाजपा के विरुद्ध वोट डालकर देंगी।

**आगामी चुनावों में भाजपा के विरुद्ध वोट डालकर इसका जवाब देंगी महिलाएं**



**जब जनगणना व परिसीमन के बिना महिला आरक्षण बिल लागू हो ही नहीं सकता तो भाजपा को इस आपाधापी में महिलाओं से झूठ बोलने की क्या जरूरत थी : अखिलेश यादव**

### महिला आरक्षण बिल सरकार का एक और जुमला : जदयू

जनता दल यू के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने विधेयक का समर्थन किया लेकिन कहा कि आम चुनाव से छह महीने पहले लाया गया नारी शक्ति वंदन विधेयक, 2023 मोदी सरकार का एक और जुमला है। उन्होंने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि विशेष सत्र बुलाकर पेश किए गए इस विधेयक में यह नहीं पता है कि निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन कब होगा और यह विधेयक कब लागू होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का गरीबों, पिछड़ों, अति पिछड़ों के कल्याण में कोई विश्वास नहीं है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों के वक्त जो वादे जनता से किए थे, वे सब जुमले साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ने प्रतिवर्ष दो करोड़ रोजगार देने और विदेशों से काला धन लाकर गरीबों में वितरित करने के वायदे किए थे, जो पूरे नहीं हुए।

उन्होंने कहा कि जनता अब इस सरकार को अच्छी तरह समझ चुकी है और इसकी बातों में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण का विधेयक भी जुमला ही साबित होगा। विधेयक में प्रावधान है कि पहले जनगणना होगी, उसके बाद परिसीमन आयोग बनेगा और तब लोकसभा क्षेत्रों और विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन होगा, उसके बाद महिला आरक्षण लागू होगा। समाजवादी पार्टी की सदस्य डिंपल यादव ने बुधवार को लोकसभा में सरकार से आग्रह किया कि महिलाओं के लिए आरक्षण के प्रावधान वाले नारी शक्ति वंदन विधेयक' में अनुसूचित जाति और अनुसूसित जनजाति के साथ ही अन्य पिछड़े वर्गों तथा अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं के लिए अलग कोटा निर्धारित किया जाए। डिंपल ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने के प्रावधान वाले 'संविधान विधेयक, 2023' पर निचले सदन में चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन तलाक की बात की और ऐसे में उनसे उम्मीद की जाती है कि आरक्षण विधेयक में अल्पसंख्यक महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा।

## महिलाओं को वंदन की नहीं, सम्मान व समानता की जरूरत : कनिमोझी

**नई दिल्ली।** द्रविण मुनेत्र कषगम ने बुधवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर महिला आरक्षण विधेयक को राजनीतिक रंग देने की कोशिश करने का आरोप लगाया और कहा कि महिलाओं को पूजा और वंदन की जरूरत नहीं है, उसे समानता और सम्मान की जरूरत है। लोकसभा में 'संविधान (128वां संशोधन) विधेयक, 2023' पर चर्चा में भाग लेते हुए द्रमुक की सदस्य कनिमोझी ने इसका समर्थन किया और कहा, ''लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा ने इसे भी राजनीतिक रंग देने की कोशिश की। वर्ष 2024 के चुनावों को ध्यान में रखकर यह विधेयक लाया गया है। कनिमोझी ने विधेयक का समर्थन करते हुए कहा कि हमने सोचा था कि यह विधेयक हम सभी के एक-दूसरे का समर्थन करने और एक साथ खड़े होने से पारित हो जाएगा लेकिन दुर्भाग्य से भाजपा ने इसे भी राजनीति के अवसर के रूप में लिया है। महिला आरक्षण विधेयक भाजपा का चुनावी वादा है फिर भी, कई नेताओं को इस विधेयक को लाने और इसे पारित करने का आग्रह करना पड़ा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार परिसीमन के बाद इसे लागू करने की बात की जा रही है उससे उन्हें आशंका है कि दक्षिण भारत का प्रतिनिधित्व कहीं कम ना हो जाए।



## महिला आरक्षण बिल मौजूदा स्वरूप के लिए चुनावी हथकंडा : स्टालिन



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने महिला आरक्षण विधेयक को मौजूदा स्वरूप के लिए चुनावी हथकंडा करार देते हुए कहा कि 2029 में ही लागू होने वाली किसी चीज के लिए अभी विधेयक को अपनाना अजीब चाल है। इसके लिए समय सीमा की कोई गारंटी नहीं है। द्रमुक प्रमुख स्टालिन ने यह सुनिश्चित करने को लेकर भी जोर दिया कि क्या इसमें पिछड़े वर्गों की महिलाओं के लिए भी आरक्षण है। उन्होंने यह भी मांग की कि केंद्र तमिलनाडु और पूरे दक्षिण भारत के लोगों को आश्वस्त करे कि परिसीमन अभ्यास उन राज्यों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाएगा जो अपनी आबादी को नियंत्रित करने में कामयाब रहे हैं। उन्होंने कहा, परिसीमन तमिलनाडु और दक्षिण भारत के सिर पर लटकी तलवार की तरह है। दक्षिण भारत के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को कम करने की राजनीतिक साजिश को नाकाम किया जाना चाहिए। स्टालिन ने यहां एक बयान में जनगणना के आधार पर परिसीमन का जिक्र किया और कहा कि राजनीतिक रूप से सतर्क तमिलनाडु के साथ विश्वासघात करने के प्रयास को नाकाम किया जाना चाहिए। महिला विधेयक को चुनावी हार की आशंका से पहले शुरू किया गया हथकंडा करार देते हुए द्रमुक प्रमुख ने कहा कि जनगणना और परिसीमन नहीं हुआ है तो से पहले 2029 में लागू होने वाले इस विधेयक को अभी अपनाना अजीब चाल है, जिसके लिए इस बात की भी कोई गारंटी नहीं है कि यह कब होगा। स्टालिन ने जानना चाहा कि केंद्र ने महिला विधेयक को पारित कराने में उतनी दिलचस्पी क्यों नहीं दिखाई, जिस तरह से उसने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 फीसदी आरक्षण लाने के लिए विधेयक पारित किए। लोग भाजपा शासन को समझ गए हैं, जो पिछले नौ वर्षों से इस मामले पर उदासीन होने के बाद अब विधेयक लाकर उनकी आंखों में धूल झोंकने की कोशिश कर रही है, यह एक चुनावी हथकंडा है।

## संसद से

### अंतरिक्ष क्षेत्र की उपलब्धियों से भारत बना वैश्विक केंद्र : धनखड़

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की उपलब्धियों को असाधारण करार देते हुए जोर देकर कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र की उपलब्धियों ने भारत को विश्व का केंद्र बना दिया है। धनखड़ ने बुधवार को राज्यसभा में भारत की गौरवशाली अंतरिक्ष यात्रा चंद्रयान-3 के सफल सॉफ्ट लैंडिंग पर चर्चा शुरु होने से पूर्व अपने वक्तव्य में कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता ने भारत को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग कराने वाले देश के रूप में पहले स्थान पर स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों ने देश को वैश्विक केंद्र बना दिया है और उपलब्धि के साथ, भारत 225 तक चंद्रमा पर मानव को भेजने के लिए अमेरिकी नेतृत्व वाली बहुपक्षीय पहल, आर्टेमिस समझौते का सदस्य बन गया है।

### महिला बिल 224 के लिए है : सिब्बल

महिला आरक्षण बिल पर सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि परिसीमन के बिना क्या यह (भाजपा) बिल पारित कर देंगे। हम तैयार हैं। जनगणना और परिसीमन की बात तो आपने की है। हम तो पहले से ही तैयार हैं। हम हमेशा से ही इसके लिए तैयार थे, चाहे हम सत्ता पक्ष में हो या विपक्ष में ये इसे इसलिए लागू नहीं कर रहे क्योंकि इन्हें मालूम है कि इन्हें यह 229 में भी नहीं करना। यह तो 224 के लिए है।

### महिला आरक्षण बिल लाने का भाजपा ने नैतिक साहस दिखाया : दुबे

भारतीय जनता पार्टी के नेता निशिकांत दुबे ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर लोकतंत्र का गाला घोटने का आरोप लगाते हुए कहा कि महिलाओं अधिकार देकर सशक्त करने के लिए उनकी पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नैतिक साहस दिखाया है। संविधान (128 वां संशोधन) विधेयक 223 पर चर्चा की शुरुआत कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने की उसके बाद भाजपा के निशिकांत दुबे ने अपना पक्ष रखा। इससे पहले विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि मेघवाल ने कहा कि भारत की संविधान की प्रस्तावना में सामाजिक और आर्थिक न्याय का जिक्र है। अवसर की समानता का भी उल्लेख है। आज के इस विधेयक से महिलाओं की प्रतिष्ठा तो बढ़ेगी ही, अवसर की समानता भी बढ़ेगी। महिलाओं को प्रतिनिधित्व मिलेगा। दुबे ने कहा कि कांग्रेस और इनकी सहयोगी पार्टी आज तक यह विधेयक लेकर नहीं आए।

### महिला आरक्षण बिल देर से आया लेकिन दुरुस्त आया : शत्रुघ्न सिन्हा

महिला आरक्षण बिल पर टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि विपक्ष बिल्कुल साथ है। इस बिल के लिए सबसे पहले हमारी नेता ममता बनर्जी ने आवाज उठाई थी। यह बिल देर से आया है, लेकिन दुरुस्त आया है। इसमें पेंच बहुत हैं इसलिए बहुत अधिक समर्थन देते हुए भी कुछ लोग बहुत उत्साहित नहीं है और जिस तरह से हम चाह रहे थे उस तरह से भी नहीं आ रहा है।

### हमने महिलाओं को गिनने लायक बना दिया है : स्मृति ईरानी

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने महिला आरक्षण बिल पर लोकसभा में संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि हमने महिलाओं को गिनने लायक बना दिया है और अब समय आ गया है कि आप आगे आएं, और अपने शब्दों को केवल कागजों या भाषण तक ही सीमित न रखें, बल्कि कार्रवाई के साथ बोलें और नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन करें। उन्होंने कहा जब यह बिल लाया गया तो कुछ लोगों ने कहा कि यह हमारा बिल है। प्रस्तावित बिल के एक लेख में यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा था कि तीसरे आम चुनाव में एससी/एसटी की महिलाओं के लिए कोई सीट आरक्षित नहीं होगी, लेकिन इस सरकार द्वारा लाया गया बिल इस बिल के लागू होने के 15 साल बाद तक महिलाओं को आरक्षण की गारंटी देता है।

### चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत की सॉफ्ट लैंडिंग ऐतिहासिक क्षण : पीयूष गोयल

राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारतीय चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग विश्व इतिहास में ऐतिहासिक क्षण है जो सदियों तक की याद रहेगा। गोयल ने राज्यसभा में भारत की गौरवशाली अंतरिक्ष यात्रा चंद्रयान-3 के सफल सॉफ्ट लैंडिंग पर चर्चा आरंभ करते हुए कहा कि चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग न केवल देश का प्रत्येक व्यक्ति गौरव से भरा हुआ है बल्कि इसने जी-2 के दौरान आए विदेशियों को भी प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की सफलता यह साबित करती है कि भारत आप बड़ी-बड़ी चुनौतियों का सामना करने और उनसे निपटने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रोत्साहन और भरोसे से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिकों ने यह करिश्मा कर दिखाया है। इस उपलब्धि में भारत के मेक इन इंडिया अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## सार संक्षेप

### मोदी का भोपाल दौरा 25 सितम्बर को

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितम्बर को भोपाल आएंगे। उनकी भोपाल यात्रा के लिए जारी तैयारियों के संबंध में बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री मोदी जम्बूरी मैदान में होने वाले कार्यक्रम को संबोधित करने भोपाल पधार रहे हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने राजकीय विमानतल पर हुई बैठक में कहा कि वर्षा की संभावना को देखते हुए समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए तथा यातायात और पार्किंग व्यवस्था योजनाबद्ध रूप से की जाए।

### तमिलनाडु विधानसभा का अगला सत्र नौ अक्टूबर से

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा का अगला सत्र नौ अक्टूबर से शुरू होगा। तमिलनाडु विधानसभा अध्यक्ष एम. अप्पावु ने कहा कि विधानसभा सत्र राज्य सचिवालय परिसर के विधानसभा हॉल में सुबह 1 बजे शुरू होगा। सत्र के संक्षिप्त होने की संभावना है। इस दौरान विभिन्न विभागों के खर्चों के लिए अतिरिक्त अनुदान को मंजूरी प्रदान की जाएगी। इस सत्र के हंगामेदार रहने का अनुमान है। मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक एक धनशोधन मामले में मंत्री वी.सेंथिलबालाजी की गिरफ्तारी के बाद उन्हें बिना विभाग के मंत्री बनाए रखने सहित कई मुद्दों को उठाना चाहता है। साथ ही, विपक्ष कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच कावेरी नदी जल मुद्दा, कानून व्यवस्था की स्थिति और राज्य संबंधित अन्य मुद्दों को भी उठा सकता है, जिसमें सनातन धर्म के खिलाफ की गई टिप्पणी से उत्पन्न हालिया विवाद भी शामिल है।

### तेलंगाना में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना में बुधवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई और अन्य सात लोग घायल हो गए। राज्य में पहली दुर्घटना उस समय हुई जब तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस 36 यात्रियों को लेकर थोरूर से हैदराबाद जा रही थी और यादाद्री भुवनगिरी जिले के अड्डागुडुर मंडल के बोड्डुगुडेम के पास बस अचानक से अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और अन्य पांच लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सूर्यापेट जिले के तिरुमलागिरी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## पश्चिम बंगाल में नौ लाख छात्रों के पास नहीं है आधार कार्ड

### विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ

**कोलकाता,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। राज्य स्कूल शिक्षा विभाग ने एक सर्वेक्षण किया है। जिसमें पता चला है कि माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक परीक्षा के इच्छुक लगभग नौ लाख छात्रों के पास आधार कार्ड नहीं हैं।

राज्य सरकार ने माना है कि आधार कार्ड के अभाव में ऐसे छात्र अक्सर राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं।




हालांकि, राज्य सरकार ने आधार कार्ड नामांकन के लिए राज्य भर में 275 अस्थायी कैंप कार्यालय स्थापित करके इस समस्या को दूर करने का निर्णय लिया है। राज्य शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में ऐसा एक पंजीकरण शिविर लगाने का प्रयास किया जा रहा है। छात्र बिना किसी प्रकार के शुल्क के वहां अपना नाम दर्ज करा सकेंगे। प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर से लेकर सभी स्तरों के छात्र वहां अपना नाम दर्ज करा सकेंगे।

यह प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई है। यह सुविधाएं सरकारी और निजी दोनों स्कूलों से आने वाले छात्रों के लिए बढ़ाई जाएंगी।

## तेलंगाना सरकार ने किया व्हाट्सएप चैनल लॉन्च

**हैदराबाद,**20 सितम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना सरकार समय-समय पर लोगों तक आधिकारिक जानकारी और सेवाएं पहुंचाने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी मीडिया और प्लेटफार्मों का उपयोग कर रही है। इस संबंध में, तेलंगाना मुख्यमंत्री कार्यालय सीएमओ में बुधवार को एक व्हाट्सएप चैनल लॉन्च किया। इस चैनल के माध्यम से, सरकार सीएमओ से नागरिकों तक की घोषणाओं को प्रसारित करती है। इसके लिए मुख्यमंत्री कार्यालय तेलंगाना सीएमओ के व्हाट्सएप चैनल का उपयोग करके लोग सीएम केसीआर की खबरों से अपडेट रह सकते हैं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि किस प्रकार उम्मीदवार इस चैनल से जुड़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि सबसे व्हाट्सएप एप्लिकेशन खोलें। मोबाइल पर अपडेट अनुभाग चुनें। डेस्कटॉप पर चैनल टैब पर क्लिक करें। फिर प्लस बटन पर क्लिक करें और चैनल ढूंढें चुनें। टेक्स्ट बॉक्स में तेलंगाना सीएमओ टाइप करें और सूची से चैनल चुनें। सुनिश्चित करें कि चैनल नाम के आगे हरा टिक मार्क है। फॉलो करें बटन पर क्लिक करें और तेलंगाना सीएमओ चैनल से जुड़ें। सीएमओ द्वारा भेजे गए विज्ञापन सीधे व्हाट्सएप पर देखें।

## महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में 72 घंटे में सात किसानों ने की आत्महत्या

**यवतमाल,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में पिछले 72 घंटे में सात किसानों ने आत्महत्या कर ली है। इस घटना से पूरा महाराष्ट्र हिल गया है। विदर्भ जन आंदोलन समिति के अध्यक्ष और शिवसेना (यूबीटी) नेता किशोर तिवारी ने कहा, पिछले तीन दिनों से भी कम समय में यवतमाल से 6 और वर्धा से 1 किसान के आत्महत्या की खबर आई है। तिवारी ने कहा, आत्महत्या करने वालों में यवतमाल में हिवारी के प्रवीण काले, खिडकी के ट्रैबैंक केरम, शिवनी के मारोती चव्हाण, अर्जुन के गजानंद शिंदे, बनेगांव के तेवीचंद राठोस, जामवाडी के नितिन पाणे और वर्धा के रन्तापुर के दिनेश मडावी किसान शामिल हैं। तिवारी ने कहा कि इनमें से 6 आत्महत्याएं पिछले 48 घंटों में और एक आत्महत्या एक दिन पहले रविवार को हुई थी। उनमें से अधिकांश समाज के वंचित वर्गों से हैं और उन्होंने भारी कर्ज के बोझ, फसल की बर्बादी और राज्य सरकार से बहुत कम या



**कर्ज से परेशान होकर उठाया कदम**

## रॉ के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ने कमलनाथ पर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली,**20 सितम्बर (देशबन्धु)। खालिस्तान के मुद्दा इन दिनों गर्माया हुआ है। इसी मुद्दे पर कनाडा से मतभेद के बीच अब भिंडारवाला से जुड़ी एक सनसनीखेज जानकारी सामने आई है। सनातन और देश विरोधी बयान देने जैसे आरोप कांग्रेस पार्टी पर लगते रहे हैं। पार्टी के कई नेता विदेशों में जाकर देश विरोधी बातें भी करते रहते हैं। लेकिन अब रॉ के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ने कुछ ऐसे पुराने प्रसंगों का जिक्र अपने एक इंटरव्यू में किया है जिसने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का अस्सी के दशक में खालिस्तानी समर्थक भिंडरवाले से संबंधों को जाहिर कर दिया है। आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता कमलनाथ, संजय गांधी और उनके ग्रुप के लोग भिंडरावाले को फंडिंग करते थे। एक मीडिया इंटरव्यू में रॉ के पूर्व विशेष सचिव जीबीएस सिद्धू ने सीधे तौर पर कहा है कि कांग्रेस ने अस्सी के दशक में भिंडरावाले का इस्तेमाल किया था। इसके पीछे सोच यह थी कि वे हिंदुओं को डराने के लिए भिंडरावाले का इस्तेमाल करेंगे और खालिस्तान का एक नया मुद्दा बनाया जाएगा, जो उस समय अस्तित्व में था ही नहीं। वे उस समय कनाडा में थे। लोग बात करते थे कि कांग्रेस भिंडरावाले से मुहब्बत क्यों कर रही है, उसके साथ नजदीकियां क्यों बढ़ा रही है। कमलनाथ ने कहा कि हम एक बहुत ही हाई-प्रोफाइल संत को भर्ती करना चाहते थे, जो हमारी बात मान सके। हम उन्हें पैसे भेजते थे। कुलदीप नैयर ने अपनी ऑटोबायोग्राफी 'बियॉन्ड द लाइन' में इसका जिक्र किया है। रॉ अधिकारी सिद्धू खालिस्तान आंदोलन से जुड़ी घटनाओं पर किताब द खालिस्तान कॉन्सपिरेसी भी लिख चुके हैं। अपनी किताब में उन्होंने खालिस्तान आंदोलन के पीछे की वजह, ऑपरेशन ब्लू स्टार, प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का जिक्र किया है।

**चिंता** *जम्मू-कश्मीर में फिर डराने लगी आतंकियों की मौजूदगी*

# कनाडा की एडवाइजरी से पर्यटन व्यवसाय पर मंडराया खतरा

**■ सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 2 सितम्बर (देशबन्धु)। कश्मीर में जी-2 सम्मेलन के बाद कश्मीर में आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या के प्रति जो दावे किए जा रहे थे अब उस संभावनाओं पर दो कुठाराघात हुए हैं। पहला, सात दिनों तक चली अनंतनाग की जंग जिसमें पहली बार आतंकी 3 बड़े अफसरों की जान लेने में कामयाब रहे।**

इसमें पहली बार युद्ध में इस्तेमाल किए जाने वाले हथियारों का इस्तेमाल हुआ था और दूसरी ओर अब कनाडा सरकार द्वारा अपने नागरिकों के लिए जम्मू-कश्मीर जाना प्रतिबंधित किए जाने से अमेरीका द्वारा पहले ही ऐसी एडवाइजरी जारी की जा चुकी है। जी-20 के बाद यह दावा किया जाने लगा था कि कश्मीर में विदेशी टूरिस्टों की संख्या में 700 परसेंट बढ़ोतरी हुई है। असल में ऐसा कई देशों द्वारा



**■ अभी तक 1.27 करोड़ देसी पर्यटकों ने किया जम्मू-कश्मीर का दौरा**

अपने नागरिकों पर कश्मीर जाने पर लगाए गए प्रतिबंधों में ढील दिए जाने के कारण हुआ था। पर अब यह खुशी नदारद होने लगी है। कारण स्पष्ट है। अनंतनाग में आतंकवाद के इतिहास की सबसे भयानक जंग, जिसमें एक ओर 3 आतंकी थे और दूसरी ओर 3 हजार जवान, ने कश्मीर के प्रति अन्य देशों की सरकारों का नजरिया फिर से बदल दिया है। एक लंबे अरसे के बाद कश्मीर आने वाले विदेशी टूरिस्टों की संख्या में भारी उछाल आया था। प्रशासन कहता है यह जी-20 की बैठक का नतीजा है। इस साल चाहे रिकार्ड तोड़ 1.27 करोड़ देसी पर्यटकों ने अभी तक जम्मू कश्मीर का दौरा किया है पर कश्मीरियों को सबसे ज्यादा खुशी विदेशी पर्यटकों के आने से हो रही है, चाहे विदेशी पर्यटकों की संख्या मुट्ठी भर ही है।

पर अभी अब कनाडा और अमेरीका द्वारा अपने नागरिकों पर जम्मू कश्मीर जाने पर लगाई गई पाबंदियों के कारण पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखी हैं। अनंतनाग की जंग से पहले पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोग उम्मीद लगाए बैठे थे कि इस बार सर्दियों में कश्मीर की खूबसूरती निहारने विदेशी पर्यटक बड़ी संख्या में आएगें। पर अब ऐसी उम्मीद क्षीण होने लगी है। इसमें कनाडा द्वारा ताजा विवाद के बाद अपने नागरिकों को जारी की गई ताजा एडवाइजरी भी शामिल है जिसमें जम्मू-कश्मीर को एक बार फिर सबसे खतरनाक इलाकों की सूची में डाल दिया गया है। दरअसल अनंतनाग देशी व विदेशी पर्यटकों के लिए एक अहम स्थान रखता है जिसमें पहलगाम, अमरनाथ यात्रा, बेताब व अरू वैली जैसे पर्यटनस्थल शामिल हैं। अब इस इलाके में आतंकियों की मौजूदगी सबको डराने लगी है।

पहलगाम में होटल चलाने वाले अब्दुल समद कहते थे कि पहलगाम के पहाड़ों पर ट्रैकिंग को आने वाले विदेशी पर्यटकों ने अब बुकिंग कैंसिल करनी भी आरंभ कर दी हैं।

# { संपादकीय }

बिलासपुर, गुरुवार 21 सितम्बर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## महिला सम्मान पर बेनकाब हुई भाजपा

लोकसभा में लाये गये महिला आरक्षण विधेयक का भारतीय जनता पार्टी को 2024 के लोकसभा चुनाव में लाभ मिलने की उम्मीद तो धूमिल पड़ ही गई है, उलटे लोकसभा में इस पर बुधवार को हुई प्रदीर्घ चर्चा ने उसके महिला सम्मान की कलई को खोलकर रख दिया है। मंगलवार को नये संसद भवन में जाने के बाद शाम को यह विधेयक पेश किया गया जिसके अनुसार यह 2026 में लागू होगा और इसका आधार भावी परिसीमन होगा। यानी इसका वास्तविक लाभ 2029 के लोकसभा चुनावों में ही मिलेगा। वह भी केवल 15 वर्षों के लिए। इसे तीन साल बाद अमल में लाने का कारण 2021 में जनगणना का न होना है। भारत सरकार ने कोविड-19 के कारण जनगणना नहीं की थी। इसका मतलब जब जनगणना होगी, उसमें प्राप्त आंकड़ों के आधार पर आरक्षण होगा। जो भी हो, जिस प्रकार से बुधवार को इस प्रकार चर्चा हुई, उसने भाजपा सरकार को और भी ज्यादा परेशानी में डाल दिया है। आम चर्चा यही थी कि अगले वर्ष के आम चुनाव में महिला वोटरों को अपने पाले में लेने के लिये यह बिल लाया गया है, परन्तु ऐसा होता दिख नहीं रहा है क्योंकि भाजपा इसे भुनाने में शायद ही सफल हो।

सत्ता पक्ष के मंत्रियों एवं अनेक सदस्यों ने स्वाभाविकत: इसे लाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया लेकिन ज्यों-ज्यों विपक्षी नेताओं को बोलने के अवसर मिलते गये, यह साफ होता गया कि इसे एचडी देवेगौड़ा की सरकार ने पेश किया था लेकिन 2010 में इसे राज्यसभा में कांग्रेस के शासनकाल में पारित किया गया। लोकसभा में यह समाजवादी पार्टी एवं राष्ट्रीय जनता दल के विरोध के कारण पास न हो सका- इस ऐतिहासिक तथ्य से सारे परिचित हैं लेकिन सत्ता पक्ष की ओर से बोलते हुए निशिकांत दुबे ने इस मतभेद को भुनाने का प्रयास किया। साथ ही, इसका श्रेय पहले तो गीता मुखर्जी एवं सुषमा स्वराज को दिया लेकिन अंत में सिर्फ मोदी को इसका श्रेय दिया। दुबे ने अनेक उन अप्रिय घटनाओं का जिक्र किया जो इस विधेयक के पिछली बार लाये जाने (2010 में) के दौरान हुई थीं, जिसका उद्देश्य दलगत विरोध को आगे ही बढ़ाना था। वे ऐसी बातें थीं जो तत्कालीन परिस्थितियों में हुई थीं जो आज शायद ही प्रासंगिक रह गई हैं। इसमें कुछ नेताओं द्वारा बिल के विरोध में यह कहना कि इससे परकटी महिलाएं ही आयेंगी, भी शामिल है। बेशक, ये बयान दुर्भाग्यजनक थे परन्तु उनका उल्लेख कर भाजपा के सदस्य यह साबित करने पर तुले थे कि प्रतिपक्ष विरोध करने के लिये विरोध कर रहा है जबकि वह वैसी संजीदा नहीं हैं जैसी भाजपा है, पर यह दांव चला नहीं।

सत्ता पक्ष के कुछ सदस्यों की ओर से इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में भाजपा की बड़ी पहल साबित करने की कोशिश की गई परन्तु कई विपक्षी महिला सांसदों ने उनके ऐसे दावों की धज्जियां उड़ा दीं। पहले तो सोनिया गांधी ने बतलाया कि यह बिल उनके दिवंगत पति व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का सपना है जिन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं की बड़ी हिस्सेदारी आरक्षण के जरिये सुनिश्चित की थी। उन्होंने इस विधेयक को तत्काल लागू करने की मांग की तथा उसका लाभ चुनाव-2024 में ही देने की वकालत की।

तृणमूल कांग्रेस की काकोली घोष दस्तीदार ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विधेयक लाकर नारी सम्मान का दिखावा सरकार न करे। उन्होंने याद दिलाया कि संसद भवन से कुछ दूरी पर बने जंतर-मंतर पर यौन शोषण का शिकार हुई महिला पहलवानों की कोई सुनवाई सरकार द्वारा नहीं की गई। जिस व्यक्ति बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप हैं उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई और वह अब भी इसी सदन का सदस्य है। जिस तरह से उन्हें पुलिस द्वारा घसीटा गया व उनके साथ दुर्व्यवहार हुआ, वह भी उन्होंने याद दिलाया। उन्होंने मणिपुर की घटना का भी जिक्र किया और उन्नाव, हाथरस आदि की उन वारदातों का स्मरण कराया जिनमें महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुआ। उन्होंने ध्यान में लाया कि पूरे भारत में इस वक्त केवल पश्चिम बंगाल में महिला मुख्यमंत्री हैं जबकि भाजपा के 16 राज्यों में सीएम हैं जिनमें एक भी महिला नहीं है। द्रविड मुनेत्र कषगम की कनिमोझी ने पेरियार को उद्धृत करते हुए लैंगिक समानता की बात की। उन्होंने बताया कि गीता मुखर्जी, सुषमा स्वराज के साथ साम्यवादी नेता वृंदा करात का भी इस विधेयक को लाने में योगदान था। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बड़ी ऊंचाई पर बैठने की चाहत नहीं बल्कि समानता का हक चाहिये। जब उन्होंने कहा कि अनेक महिला राजनीतिज्ञ हैं जो काफी ताकतवर हैं, तो सत्ता पक्ष की ओर से एक सांसद ने जयललिता (डीएमके की राजनैतिक विरोधी) का नाम लिया। इस पर कनिमोझी ने स्वीकार करते हुए कई नाम गिना डाले जो विपक्ष की हैं। इनमें उन्होंने मायावती, सोनिया गांधी, ममता बैनर्जी के नाम तो लिये ही, सुषमा स्वराज का भी नाम लेकर भाजपायी सदस्यों को निरूत्तर कर दिया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले ने भी इस विधेयक को इन शर्तों के साथ लाने की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि महिलाओं को इसके लिये और इंतज़ार कराना ठीक नहीं। उन्होंने भी इसकी टाइमिंग पर सवाल उठाये।

बहुमत के बल पर इसे पारित तो होना ही था, लेकिन यह साफ हो गया कि इसे लाने का भाजपा का उद्देश्य महिलाओं के वोट पाना है। अनेक सदस्यों ने यह बात उजागर तो कर ही दी, महिलाओं के प्रति भाजपा कितनी असंवेदनशील है, यह भी लम्बी चर्चा में साबित हो गया। कुल जमा, भाजपा को इसका लाभ होना सम्भव ही नहीं लगता। उलटे वह महिला मुद्दे पर बेनकाब हो गई।

## कठपुतली मीडिया का दौर

दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

देश के एक जाने-माने न्यूज चैनल की चर्चित पत्रकार ने हाल ही में अपना एआई अवतार दर्शकों के सामने पेश किया। एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक से तैयार किया गया वर्चुअल एंकर या आभासी प्रस्तोता। अपने इस अवतार को उन्होंने अपने नाम के आगे 2.0 लगाकर संबोधित किया। जैसे क्लोनिंग के जरिए एक प्राणी को हूबहू तैयार कर दूसरा प्राणी बना लिया जाता है, कुछ वैसा ही एआई एंकर को कहा जा सकता है। फर्क इतना ही है कि क्लोनिंग में हाड़-मांस, रक्त -भावनाएं सब वैसी ही रहेंगी, क्योंकि उसमें जीवन होगा। जबकि एआई एंकर में जीवन का प्रवाह नहीं होगा, भावनाओं का संचार नहीं होगा, बल्कि कम्प्यूटर से भरे गए कमांड्स से वह संचालित होगा। जिस न्यूज़ चैनल ने एआई एंकर प्रस्तुत किया है, वह देश में सबसे तेज होने का दावा करता है। पत्रकारिता में गति का कितना स्थान होना चाहिए और हर वक्त भागते-दौड़ते रहने की क्या जरूरत है, यह सवाल अब कालातीत हो चुका है। किसी भी खबर को सबसे पहले ब्रेक करने की जो उन्मादी पत्रकारिता शुरु हो चुकी है, उसमें ऐसे सवाल बेकार ही समझे जाएंगे कि खबर को देख-परख कर, तथ्यों की पड़ताल के बाद, समाज पर उसके असर का विश्लेषण कर देने की जरूरत है या फिर बिना किसी पुष्टि के हड़बड़ाते और चिल्लाते हुए खबर लोगों तक पहुंचाई जानी चाहिए।

खबर ब्रेक करते-करते, फटाफट सौ-पचास खबरों को पेश करने के चक्कर में जनता और देश के असली हितों से जुड़ी खबरें कहां गायब हो गई हैं, इसकी परवाह अब बहुत कम लोगों को रह गई है। खबरों के मेले में दर्शकों को लुभाने वाले आइटम समाचार रोज करोड़ों व्यूज बटोर रहे हैं, जबकि मेले में गुमशुदा खबरों की तलाश करने वालों की पूछ-परख नहीं रह गई है। अजीबो-गरीब शीर्षकों के साथ, बिना सही जानकारी के अफवाहों के जैसी खबरें रोजाना दर्शकों के सामने परोसी जा रही हैं। बिल्कुल जंक फूड की तरह, जो देखने में भी आकर्षक होता है और जीभ के चटोरेपन को संतुष्टि भी देता है, लेकिन शरीर पर उसका दीर्घकालिक असर घातक होता है। जंक फूड के नुकसान को समझने के बावजूद विज्ञापनों के बूते देश के एक बड़े वर्ग को, खासकर युवा पीढ़ी को इसकी लत लगा दी गई है। ठीक ऐसा ही अब पत्रकारिता में किया जा रहा है। लोगों को जल्दी से जल्दी खबरें देखने की लत लगा दी गई है, फिर चाहे इससे धार्मिक-सांप्रदायिक उन्माद भड़के, किसी का चरित्र हनन हो या खबर से निकला सही संदेश जनता तक न पहुंचे, मीडिया में अब इसकी परवाह नहीं की जा रही। अगर कोई गलत खबर चला दी जाती है तो उस पर खेद प्रकट कर दिया या फिर उस वीडियो को हटाकर बात की खत्म कर देने की आदत चैनलों को हो गई है। क्योंकि चैनलों की प्राथमिकता लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वतंत्र आवाज उठाना नहीं है, बल्कि पूंजी और सत्ता के हित साधना है।

पहले बड़ी पूंजी की मदद से कार्पोरेट सेक्टर ने चैनलों को खड़ा किया, या फिर खरीद लिया, अपने शेयर चैनलों में बढ़ा लिए और फिर मनमाने तरीके से खबरों के साथ खिलवाड़ शुरु हुआ। इन चैनलों में काम करने वाले पत्रकार अपने मालिकों के इशारों पर नाचते रहे, क्योंकि उनका वेतनमान नाचने की शर्त पर ही निर्धारित किया जाता है। कुछेक पत्रकारों ने नाचने से इंकार किया तो उन्हें चैनलों से किसी न किसी वजह से विदाई लेनी पड़ी। ऐसे कई पत्रकारों का आसरा अब यू ट्यूब जैसे प्लेटफार्म हैं। न्यूज़ चैनलों में खबरों से खिलवाड़ में राजनीतिक चलन के हिसाब से नियम बदलते रहे और हर चुनाव के पहले और सरकारों के गठन के बाद इन नियमों में फेरबदल होता ही है। शुरुआती दौर में हर वर्ग को अपना दर्शक बनाने के लिए न्यूज़ चैनलों ने कई तरह के प्रयोग किए। खेल, विज्ञान, व्यापार, तकनीकी आदि की खबरें तो दी ही जाती थीं, खबरों के नाम पर अंधविश्वास की घटनाओं और धारावाहिकों की खबरों की नाटकीय प्रस्तुति से भी गुरेज नहीं किया गया। खबरों को आकर्षक बनाने के लिए टीवी स्टूडियो में एंकर को कभी अंतरिक्ष यात्री जैसी पोशाक पहनाई गई, कभी युद्ध के मैदान में पहुंचाया गया, कभी क्रिकेट खेलते दिखा दिया गया। स्कूलों में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं में कल्पना की जितनी उड़ानें नहीं भरी गई होंगी, उतनी सब न्यूज़ चैनलों के सेट्स में भर ली गईं।

मीडिया के इस नए दौर को लेकर कई मंचों से, कई तरह की चिंताएं जाहिर की गईं। पत्रकारिता का पतन हो गया है, अब निष्पक्ष पत्रकारिता इतिहास की बात हो गई, ऐसी बहुत सी बातें कही गईं। पिछले 9 सालों के मोदी सरकार के कार्यकाल में पत्रकारिता में पक्षपात को लेकर भी गंभीर सवाल उठे। कांग्रेस को सत्ता से हटाकर भी उसका खौफ बना रहा तो कांग्रेस को विपक्ष से भी हटाकर कांग्रेस मुक्त देश बनाने की कोशिश में मीडिया ने भाजपा का भरपूर साथ दिया। लेकिन ये कोशिश कामयाब नहीं हुई। कांग्रेस अकेले बढ़ती रही, उसके साथ विपक्ष का कारवां भी बढ़ता गया और अब इन सबने मिलकर इंडिया का गठन कर लिया है। इसी इंडिया ने पिछले दिनों कुछ चैनलों के कुछ एंकरों के नाम घोषित किए हैं कि हमारे नेता, प्रवक्ता इनके शो में नहीं जाएंगे। कह सकते हैं पतन के दौर से गुजर रही पत्रकारिता ने असहयोग और सविनय अवज्ञा का दौर भी देख लिया। ये दौर वाकई बहुत कठिन है, फिर भी यहां लड़ने-झगड़ने, सुलह करने, माफी मांगने और अंतत: सब कुछ ठीक हो जाने की उम्मीद है, क्योंकि आखिर में हैं तो सब इंसान ही। लेकिन अगर पत्रकारिता से इंसान ही गायब हो जाएंगे, तो फिर मानवीय कमजोरियों और गुणों के लिए भी जगह कहां बचेगी। क्या इंसान और तकनीक के बीच शुरु हो चुकी होड़ में मानवीय मूल्य और संवेदनाएं बच पाएंगे, ये एक कठिन सवाल इस वक्त समाज के सामने है।

> मीडिया के इस नए दौर को लेकर कई मंचों से, कई तरह की चिंताएं जाहिर की गईं। पत्रकारिता का पतन हो गया है, अब निष्पक्ष पत्रकारिता इतिहास की बात हो गई, ऐसी बहुत सी बातें कही गईं। पिछले 9 सालों के मोदी सरकार के कार्यकाल में पत्रकारिता में पक्षपात को लेकर भी गंभीर सवाल उठे। कांग्रेस को सत्ता से हटाकर भी उसका खौफ बना रहा।

सबसे तेज कहे जाने वाले चैनल की एंकर ने अपने एआई अवतार को प्रस्तुत करते हुए कहा कि अभी आने वाले वक्त में कितना काम है, चुनाव है, मुझे कई चुनावी क्षेत्रों का दौरा करना होगा, साक्षात्कार लेने होंगे, जनता के बीच जाना होगा, तो ऐसे में जब वो पत्रकारीय दायित्व निभाने के लिए क्षेत्र में रहेंगी तो स्टूडियो में उनका स्थान उनका एआई अवतार लेगी। ये वर्चुअल एंकर बिल्कुल उन्हीं की तरह दिखती और बोलती है। लेकिन उसका दिखना, बोलना सब कुछ तकनीकी है। मुमकिन है आगे निकलने की होड़ में अभी कुछ और चैनल इसी तरह के एआई एंकर स्टूडियो में ले कर आ जाएं। क्योंकि आभासी एंकर की खासियत है कि ये 24 घंटे बिना थके काम कर सकता है, क्योंकि मशीनें थकती नहीं हैं। आभासी एंकर्स में जिस भाषा की जानकारी भरी जाए, वह उसी भाषा में बात कर लेगा और वही बात करेगा, जो पहले से उसमें फीड की गई है। ये सब कुछेक वक्त के लिए अच्छा लग सकता है। चैनलों को भी फायदा रहेगा कि निर्धारित कीमत पर तैयार किए गए वर्चुअल एंकर न वेतन की बात करेंगे, न छुट्टी की, न उनकी अपनी कोई सोच होगी। बिल्कुल कठपुतली की तरह। लेकिन क्या कठपुतलियों के सहारे लोकतंत्र जिंदा रह पाएगा। वर्चुअल एंकर जब भावनाओं से शून्य आंखों के साथ समाचार देगा या देगी तो क्या दर्शकों तक समाचार पूरी तरह से संप्रेषित हो पाएगा। ये तमाम डर अब सिर उठाने लगे हैं। मुमकिन है इस डर को पूंजी के सहारे कुचला जाएगा, लेकिन उस डर का एहसास तो बना ही रहेगा।

जैसे फिल्मों में बहुत से दृश्य वर्चुअली तैयार किए जाते हैं और उनका डिस्क्लेमर दे दिया जाता है कि ये केवल कल्पना है, सच्चाई नहीं, वैसा ही दौर अब पत्रकारिता में शायद आ चुका है। अब शायद जल्दी ही खबर से पहले डिस्क्लेमर यानी अस्वीकरण आने लगेगा कि ये खबर इंसान द्वारा लिखी और प्रस्तुत की गई है, वर्चुअल एंकर द्वारा नहीं। खबरों में ऐसा डिस्क्लेमर समाज और लोकतंत्र दोनों के लिए ही अच्छा नहीं होगा। वैसे मीडिया में एआई के इस्तेमाल का बुरा असर अब रोजगार पर भी पड़ने लगा है। कुछ महीने पहले ही जर्मनी के सबसे बड़े टैबलॉयड बिल्ड ने अपने 200 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया, क्योंकि उनके काम अब एआई के जरिए होने लगे हैं। छंटनी का ये सिलसिला जल्द ही बाकी देशों में भी शुरु हो जाएगा। वक्त आ गया है कि हम एआई वरदान या अभिशाप जैसे विषय पर वाद-विवाद शुरु कर दें। क्योंकि बहसों में चाहे जितनी कड़वाहट हो, इंसान होने की गंध उनमें भरी होती है। यही सबसे जरूरी है।

## विदेशी प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए एक आकर्षक विनिर्माण गंतव्य है भारत

■ नन्तु बनर्जी

संयुक्त राज्य अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि, सुश्री कैथरीनची ताई, शायद इस बात से पूरी तरह से अवगत नहीं हैं कि भारत में निर्यात किये जाने वाले वैश्विक अमेरिकी ब्रांडों के तहत लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटर जैसे अधिकांश हाई-टेक मास मार्केट इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट अमेरिका में निर्मित नहीं होते हैं। इनका निर्माण अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निगमों (एमएनसी) द्वारा चीन में किया जाता है और भारत को निर्यात किया जाता है। ऐसा लगता है कि वह भारत की नई लाइसेंसिंग व्यवस्था के बारे में अनावश्यक रूप से चिंतित हैं, जो एप्पल और डेल जैसी कंपनियों के भारत में शिपमेंट को प्रभावित कर सकती है और कंपनियों को भारत में उत्पाद बनाने के लिए मजबूर कर सकती है। नये नियम नवंबर से लागू होंगे।

कैथरीनची ताई हाल ही में जी 20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए भारत में थीं। हालांकि, अमेरिकी कंपनियां स्वयं कम चिंतित हैं। उन्हें लगता है कि भारत में उनके ब्रांडों का बाजार अब अच्छा है और तेजी से बढ़ रहा है। भारत के लाभांश भुगतान और रॉयल्टी नियम चीन की तुलना में कहीं अधिक आकर्षक और खुले हैं। न्यायनिर्णयन प्रणाली अच्छी और विश्वसनीय है। एप्पल पहले से ही अपने ताइवानी अनुबंध निर्माता, फॉक्सकॉन के साथ आईफोन बनाने के लिए यहां मौजूद है। हो सकता है, आने वाले समय में, आईपैड, मैक, ऐप्पल वॉच, ऐप्पल टीवी और एयर पॉड्स जैसे अधिक ऐप्पल उत्पाद भी स्थानीय बाजार और निर्यात के लिए भारत में निर्मित किये जायेंगे। एप्पल के वैश्विक प्रतिस्पर्धियों के पीछे रहने की संभावना नहीं है।

> विदेशी और स्थानीय निर्माताओं के लिए बाजार का आकार मायने रखता है। एक विदेशी निवेशक के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण बात है करों और प्रत्यावर्तन व्यवस्थाओं से संबंधित सरकारी विनियमन, जिसमें लाभांश, प्रौद्योगिकी शुल्क, रॉयल्टी और प्रधान कार्यालय रखरखाव शुल्क और मुफ्त न्यायिक प्रणाली शामिल है। वर्तमान में, इन क्षेत्रों में भारत सरकार के नियम काफी हद तक निवेशकों के अनुकूल हैं।

एक ताइवानी आप्रवासी की बेटी कैथरीनची ताई को शायद इस बात की जानकारी नहीं होगी कि दुनिया भर में लगभग 30 कारखानों का दावा करने वाली 10 अरब अमेरिकी डॉलर की ताइवानी अनुबंध निर्माता फॉक्सकॉन सोचती है कि आपूर्तिकर्ता पारिस्थितिकी तंत्र जिसे चीन में बनाने में 30 साल से अधिक का समय लगा। उनकी इच्छा है कि भारत में बहुत तेजी से उभरें। ऐप्पल और फॉक्सकॉन पहले से ही यहां हैं, यह समय की बात है कि अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज भारत को अपना विनिर्माण आधार बनायें। फॉक्सकॉन के अध्यक्ष सह सीईओयंग लियू ने कथित तौर पर कहा था कि कंपनी भारत में अपने परिचालन का विस्तार करेगी क्योंकि व्यवसाय उच्च उपभोक्ता अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए बढ़ेगा।

लियू ने हाल ही में ताइवान में एक बयान में कंपनी की भारत की विकास योजनाओं की रूपरेखा बताते हुए कहा, 'फॉक्सकॉन ने उपभोक्ता जरूरतों के जवाब में भारत में अपनी उपस्थिति का विस्तार जारी रखा है।' उनका मानना है कि भारत 'एक नया विनिर्माण केंद्र बन जायेगा।' लियू निश्चित रूप से जानते हैं कि पिछले साल भारत के उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार का आकार 73.73अरब डॉलर था। 2023 से 2030 तक बाजार के 6.8प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से विस्तार होने की उम्मीद है। भारत उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स खर्च में अल्पकालिक से मध्यम अवधि की वृद्धि के लिए विश्वव्यापी अवसर प्रदान करता है।

विदेशी और स्थानीय निर्माताओं के लिए बाजार का आकार मायने रखता है। एक विदेशी निवेशक के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण बात है करों और प्रत्यावर्तन व्यवस्थाओं से संबंधित सरकारी विनियमन, जिसमें लाभांश, प्रौद्योगिकी शुल्क, रॉयल्टी और प्रधान कार्यालय रखरखाव शुल्क और मुफ्त न्यायिक प्रणाली शामिल है। वर्तमान में, इन क्षेत्रों में भारत सरकार के नियम काफी हद तक निवेशकों के अनुकूल हैं और चीन में प्रचलित नियमों की तुलना में कहीं अधिक बेहतर हैं। चीन में विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए, उनकी सहायक कंपनियों से नकद प्रत्यावर्तन हमेशा एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है।

रिपोर्टों के अनुसार, चीन विदेशी मुद्रा नियंत्रण की सख्त व्यवस्था रखता है। युआन की विनिमय दर को मजबूती से बनाये रखा गया है। चीन में आने और जाने वाले फंड अत्यधिक विनियमित हैं। कानून और विनियम-जैसे कंपनी कानून, प्रासंगिक कर नियम, साथ ही चीन के स्थानांतरण मूल्य निर्धारण नियंत्रण-विदेशी प्रत्यावर्तन में अतिरिक्त बाधाएं लगाते हैं। ऐसे माहौल में, विदेशी निवेशकों को अपने द्वारा कमाये गये मुनाफे तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए शुरू से ही लाभ प्रत्यावर्तन रणनीति को समझने और शामिल करने की आवश्यकता है।

एक बहुराष्ट्रीय कंपनी की चीन स्थित इकाई कई शर्तों के अधीन विदेशी प्रोमोटरों को सीधे लाभांश का भुगतान कर सकती है। कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां चीन से नकदी भेजने के लिए अंतर-कंपनी भुगतान, जैसे सेवा शुल्क या रॉयल्टी का उपयोग करती हैं। कुछ लोग किसी विदेशी संबंधित कंपनी को, जिसके साथ उसका इक्विटी गठजोड़ है, ऋण देकर अवितरित लाभ भेजते हैं। चीन में बहुराष्ट्रीय कंपनियां 'कैशट्रैप' नामक घटना का शिकार होती हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा चीन में अपने परिचालन के संबंध में ऐसा माना जाता है।

नकदी जाल का मतलब है कि, जबकि चीन में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के सहयोगी या सहायक परिचालन लाभदायक हो सकते हैं, उन मुनाफे का प्रतिनिधित्व करने वाली कुछ नकदी को बाहर निकालने का कोई कानूनी और प्रभावी साधन नहीं है, ताकि एक तरह से मुनाफे का एक हिस्सा (नकद) प्रभावी रूप से देश में ही फंसा हुआ है। नकदी जाल की घटना इसलिए मौजूद है क्योंकि जिस तरह से चीनी नियमों की विभिन्न परतें-विदेशी मुद्रा नियम, विदेशी निवेश वाले उद्यमों पर कंपनी कानून, कर नियम, और, अंतिम लेकिन महत्वपूर्ण, चीन के हस्तांतरण मूल्य निर्धारण नियम-को चीन में कार्यरत बहुराष्ट्रीय कंपनियों के संदर्भ में एक दूसरे बातचीत के लिए लागू किया जाता है।

इसके विपरीत, विदेशी कंपनियों के लिए भारत के प्रत्यावर्तन नियम कम जटिल प्रतीत होंगे। भारत स्वयं पारंपरिक रूप से प्रौद्योगिकी और उच्च-स्तरीय सेवाओं का शुद्ध आयातक रहा है। परिणामस्वरूप, भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनियां अक्सर प्रौद्योगिकियों के उपयोग और तकनीकी सेवाओं (एफटीएस) के लिए शुल्क के लिए संबंधित और असंबंधित विदेशी संस्थाओं को पर्याप्त रॉयल्टी का भुगतान करती हैं। भारत विदेशी बौद्धिक संपदा का आयात और उपयोग जारी रखता है। हाल ही में, भारत के लाइसेंस शुल्क भुगतान में तेजी से वृद्धि हुई है। 2021 में, इस तरह के भुगतान की राशि 8.63 अरब थी, जो 2015 में भुगतान की गई फीस से 72प्रतिशत अधिक है। एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि एस एंड पी 500 कंपनियों के बाजार मूल्य में आईपी का योगदान 1975 में 17प्रतिशत से बढ़कर 2020 में 90प्रतिशत हो गया है। केवल अल्पकालिक वित्तीय प्रभाव पर ध्यान केंद्रित करना अदूरदर्शी हो सकता है और आईपी के रणनीतिक और दीर्घकालिक मूल्य को पहचानने में विफल हो सकता है।

एचपी, डेल, एसर, आसुस, लेनोवो और एप्पल जैसी वैश्विक आईटी हार्डवेयर कंपनियों को भारत में विनिर्माण आधार स्थापित करने में अधिक समय लग सकता है। वे जिन समस्याओं का हवाला देते हैं उनमें भारत में घटकों के पारिस्थितिकी तंत्र की कमी, खराब आपूर्ति श्रृंखला और महंगी लॉजिस्टिक्स शामिल हैं। लेकिन, स्थिति तेजी से बदल रही है। हालांकि इसे ठीक करने में थोड़ा समय लग सकता है, लेकिन सरकार चाहती है कि विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियां शुरुआत करें, जिससे मुद्दों को सुलझाने में मदद मिलेगी।

आखिरकार, कुछ वर्षों में, जब घटक विनिर्माण शुरू हो जायेगा और आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दों को सुलझा लिया जायेगा, तो यह सभी हितधारकों के लिए एक जीत की स्थिति होगी। वास्तव में, नवीनतम लाइसेंसिंग व्यवस्था विदेशी निवेशकों को बढ़ते भारतीय बाजार के एक बड़े हिस्से पर कब्जा करने के लिए चीन स्थित और इसी तरह के अन्य विदेशी निर्यातकों द्वारा 'डंपिंग' के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करती है। फॉक्सकॉन के बॉस यंगलियू का भारत पर भरोसा कंपनी के वैश्विक प्रतिस्पर्धियों के निर्णयों को प्रभावित करने की उम्मीद से है क्योंकि ताइवानी आईटी दिग्गज भारत में अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए प्रमुख घटकों के क्षेत्र में सक्रिय रूप से काम करने की योजना बना रही है।

## पावन प्रसंग

### समग्र विकास का साधन शिक्षा

भारत में शिक्षा को एक रामबाण औषधि के रूप में हर मर्ज की दवा मान लिया गया और उसके लिए विस्तार की कोशिश बिना यह जाने समझे शुरू हो गई कि इसके अनियंत्रित विस्तार के क्या परिणाम होंगे। सामाजिक परिवर्तन की मुहिम शुरू हुई और भारतीय समाज की प्रकृति को देशज दृष्टि से देखे बिना हस्तक्षेप शुरू हो गए। दुर्भाग्य से ये हस्तक्षेप अंग्रेजी उपनिवेश के विस्तार ही साबित हुए हैं। स्मरणीय है कि भारत में नालंदा और तक्षशिला जैसी विश्वस्तरीय शैक्षिक संस्थाओं, गुरुकुलों, विद्यालयों और गांव-गांव में फैले स्कूलों की श्रृंखला वाली समाज-पोषित शिक्षा व्यवस्था को अंग्रेजी शासन द्वारा विधिपूर्वक तहस-नहस किया गया था। विकसित ज्ञान क्षेत्रों और उनके उपयोग की सारी व्यवस्था को अंग्रेजों ने अपने हित में परे धकेलकर अपने ही घर में विस्थापित कर दिया था साथ ही उसमें से अपनी पसंद के रुचिकर ज्ञान को जीवन से काटकर जड़ बने इतिहास को समर्पित कर संग्रहालय की वस्तु बना दिया था।

यह भारत में शिक्षा के एक शून्य के निर्माण के लिए हुआ, ताकि सिरे से शिक्षा का एक नया प्रासाद निर्मित हो। इस शून्य को अपने एजेंडे के अनुसार अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था से भरा गया, ताकि शिक्षा का ऐसा नवनिर्माण हो कि अंग्रेजी विचार पद्धति और ज्ञान भारतीय चिंतन और ज्ञान का स्थान प्राप्त कर ले। भारतीय मानस के कायाकल्प की उनकी योजना सफल भी हुई। अंग्रेजी उपनिवेश के दौरान शिक्षा का जो ढांचा लादा गया, वह उपनिवेश के उपरांत स्वतंत्र भारत में प्रश्नांकित होने की जगह ठीक ठहराया गया और उसे आंख मूंदकर आत्मसात कर लिया गया।

ऐसा भी नहीं था कि असंगतियों-विसंगतियों पर ध्यान नहीं दिया। इनकी समीक्षा के लिए विचार-विमर्श हुआ और राधाकृष्णन और कोठारी आयोगों और राममूर्ति समिति आदि के प्रतिवेदनों के माध्यम से बहुत संस्तुतियां भी हुईं। ऐसे विचार अभी भी जारी हैं, पर अधिकांश ठंडे बस्ते में हैं। ज्ञान में पश्चिमी वर्चस्व बरकरार है। विभिन्न विषयों में सिद्धांत, अवधारणाएं और विचार पहले यूरोप और बाद में अमेरिका से प्रचुर मात्रा में आयातित हुए और उन्हीं के खांचे में फिट कर हमने स्वयं को देखना शुरू किया। इस प्रक्रिया में हमारे द्वारा जिस सामाजिक यथार्थ का निर्माण हुआ, वह केवल भ्रम का कारण बना और हम यथार्थ को भुलाकर वैज्ञानिकता के घने आवरण में हमारी आधी अधूरी समझ में पश्चिमी ज्ञान को ही सार्वभामिक ज्ञान का दर्जा दिया गया। दर्शन विज्ञान और साहित्य की सारी की सारी भारतीय उपलब्धियां अंधकार में लुप्त होने को अभिशप्त होती चली गई।

हालांकि सरकारी और औपचारिक ज्ञान की श्रेणी से बहिष्कृत होने पर भी लोक जीवन में टूटे, बिखरे और बदले रूपों में उसके अवशेष देखे-सुने जा सकते हैं। योग, संगीत, चित्रकला, आयुर्वेद और आध्यात्मिक ज्ञान के क्षेत्र में उनका बाजार कुछ चमक जरूर रहा है, पर ज्ञान की स्वीकृत परिपाटी में उनकी कोई जगह नहीं है। उनकी स्वीकृति अभी भी दोयम या तीसरे दरजे की ही है। कटु और कठोर वास्तविकता यह है कि ज्ञान-विज्ञान की अपनी परंपरा को अनावश्यक ठहराकर व्यर्थ बना दिया गया है। वहीं विदेशों के चलन की नकल करते हुए नए-नए विषय शुरू किए जा रहे हैं। ज्ञान की अंधी और महंगी दौड़ जारी है और हमें गंतव्य का पता नहीं है भूमंडलीकरण और वैश्वीकरण के बीच हमारी अपनी पहचान और अस्मिता का प्रश्न गौण हो चला है।

देशज ज्ञान परंपराओं को संदिग्ध की श्रेणी में डालकर पश्चिमी ज्ञान की प्रासंगिकता और आधुनिकता के कवच से सजाया गया है। उसके वर्चस्व को अभेद्य और सुरक्षित बनाया गया है। परिणामस्वरूप यहां का शिक्षा तरु जड़ों से कटता हुआ सूखने लगा है। उसकी जगह जो नया पीधा रोपा गया, उसने यहां का जो भी सहज और स्वाभाविक ज्ञान था, उसे खारिज कर दिया। अध्ययन की एक नई चाल है।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### सड़क दुर्घटनाओं से जूझता पहाड़

भारत में प्रति वर्ष जितने लोग विभिन्न बिमारियों के कारण मौत के मुंह में समा जाते हैं, तक़रीबन उतनी ही संख्या में अकेले सड़क दुर्घटनाओं के कारण अपनी जान गंवा देते हैं. मैदानी इलाकों के साथ-साथ पहाड़ी राज्यों में भी प्रति वर्ष अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है. पहाड़ी राज्य उत्तराखंड इसका उदाहरण है. जहां वर्ष 2021 में 1405 सड़क हादसे (820 मृत्यु व 1613 घायल), 2022 में 1674 सड़क हादसे (1042 मृत्यु व 1613 घायल) 05 जून, 2022 को यमुनोत्री हाईवे पर डामटा के पास बस हादसे में 26 यात्रियों की मौत, 04 अक्टूबर, 2022 को पौड़ी के सिमड़ी में बस हादसा हुआ जिसमें 33 लोगों की मौत हुई, 18 नवम्बर, 2022 को चमोली के जोशीमठ में सूमों हादसा और 12 यात्रियों की मौत।

इस प्रकार के कई हादसे हैं, जिनके बारे में सोचकर ही रूह कांपने लगती है. 2023 में भी सड़क हादसों का क्रम जारी है। पहाड़ों पर अधिकांश दुर्घटनाओं का कारण ओवरस्पीड, नशा करके गाड़ी चलाना, यातायात के नियमों का पालन न करना, आदि पाया गया है. सरकार द्वारा इस पर लगाम हेतु पहल भी की गई है। परिवहन विभाग द्वारा भी निगरानी बढ़ाई गई है, लेकिन इसके बावजूद भी हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ऐसे में यह परिवहन विभाग व राज्य सरकार के सामने चुनौती बनी हुई है कि आखिर साल दर साल बढ़ रहे सड़क हादसों पर कैसे लगाम कसी जाए?

राज्य में हर दिन सड़कें खून से लाल हो रही हैं। इसके लिए ओवरस्पीड व गलत दिशा में वाहनों का चलना व यातायात के नियमों का पालन करना ही शामिल नहीं है, बल्कि कई जगह सड़कों की ख़राब हालत भी ज़िम्मेदार है। जर्जर हो चुकी सड़कों के चलते सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित ख़बरों का न्यूजपेपर में आना आम सी बात हो गई है। दरअसल सड़कें बनाते समय सही मानकों का पालन नहीं किया जाता है। जिसके कारण सड़कों की हालत खराब रहती है. यदि सही मात्रा में सामग्री को मिलाकर कार्य किया जायेगा तो इसके जल्द ख़राब होने की संभावना नहीं होती है। वर्तमान समय में बनने वाली सड़कें बारिश की पहली बूंद में ही दम तोड़ देती हैं। अलबत्ता कागजों में संबंधित कार्यों की वाहवाही ज़रूर होती है। वहीं दूसरी ओर पहाड़ों पर सिंगल लेन का होना व रास्तों पर गाड़ियों का जमावड़ा एवं अतिक्रमण भी इन दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार साबित हो रहे हैं। पहाड़ों में हर ग्राम तक सड़क पहुंचाने के चक्कर में मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए हजारों लिंक रोड बनाई जा रही हैं। जिसके लिए पहाड़ों पर ब्लास्टिंग व मशीनों से पहाड़ों का कटान किया जाता है। इससे पर्वत कमजोर हो रहे हैं। साथ ही बदलते मौसम की मार भी सड़कों पर सफर को जोखिम भरा बना रही है।

**गिरीश बिष्ट, रुद्रपुर, उत्तराखंड**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770

ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

दामाद 14 दिनों से ससुराल में था,
सास – दामाद जी कब वापस जा रहे हो?
दामाद- क्यों?
सास – बहुत दिन हो गये।
दामाद- आपकी बेटी तो छः-छः महीने मेरे यहाँ रहती है..
सास – वो तो वहां ब्याही गई है।
दामाद- और मैं क्या यहां अपहरण करके लाया गया हूं।

# क्षतिपूर्ति के प्रकरणों में त्वरित रूप से हो मुआवजा भुगतान-कलेक्टर

## टीएल की बैठक में निर्वाचन कार्य की तैयारियों की समीक्षा



**बिलासपुर** , 20 सिंतबर (देशबन्धु)। कलेक्टर संजीव कुमार झा ने आज टीएल की बैठक में राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा करते हुए योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विधानसभा निर्वाचन 2023 के संबंध में सभी नोडल अधिकारियों से उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली और निर्वाचन के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में प्राकृतिक आपदा सहित क्षतिपूर्ति के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने और मुआवजा दिलाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने विधानसभा निर्वाचन कार्यों की समीक्षा करते हुए डिजीटाईजेशन की स्थिति, पीपीईएस एंट्री सहित अन्य बिंदुओं की जानकारी ली। उन्होंने नामांकन एवं स्क्रूटनी कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारी के अलावा मतदान दलों में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों को बेहतर प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान एवं मक्का के समर्थन मूल्य पर खरीदी हेतु किसान पंजीयन कार्य की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणा के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। सी-मार्ट में खरीदी-बिक्री की समीक्षा करते हुए सी-मार्ट में बिक्री बढ़ाने के लिए जरूरी उपाय करने कहा। राजस्व मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने समय सीमा के बाहर हो चुके मामलों के निराकरण पर ज्यादा जोर दिया। सामाजिक सुरक्षा प्रकरणों का जल्द निराकरण करने कहा। कलेक्टर ने गिरदावरी की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत शुद्धता के साथ गिरदावरी कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गिरदावरी कार्य के साथ-साथ प्रविष्टि का कार्य भी पूरी सजगता से किया जाए। इसके अलावा कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना, समाजों को भूमि आबंटन, अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, सीमांकन सहित विभिन्न लंबित प्रकरणों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत, वन मंडलाधिकारी संजय यादव, जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल, एडीएम आरए कुरूवंशी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## संपादकीय

### छत्तीसगढ़ में बीते पांच साल में हुआ ...

*स्मरण किया। उन्होंने दिवंगत स्वतंत्रता सेनानी श्री कन्हैयालाल का भी नमन किया। साथ ही गुरू घासीदास और शहीद वीरनारायण सिंह का भी नमन किया।*

*इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि यह गजानंद माधव मुक्तिबोध की धरती है। हमारे लोक-कलाकारों की धरती है। संस्कारधानी से निकले कलाकारों को नमन करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सबको खाद्य सुरक्षा देने का कार्य किया। सबका राशन कार्ड बन रहा है। हम किसानों से 2 क्विंटल प्रति एकड़ धान भी खरीदने वाले हैं। कोरोना महामारी के बावजूद हमने किसानों से धान की खरीदी जारी रखी। हम हमेशा किसान, मजदूर के हित में काम करते हैं। हम दो रूपए में गोबर खरीदते हैं। आज गौपालक हो, किसान हो, बेरोजगार साथी हो, हम विभिन्न योजनाओं से सबके खाते में पैसे डाल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम आम जनता को ताकतवर बनाने का काम करते हैं। हमने निर्णय किया है कि सात लाख लोगों को पक्की छत देना है। अभी जो सामाजिक आर्थिक सर्वे कराया है, उसमें 47 हजार लोग ऐसे मिले हैं, जिन्हें मकान चाहिए, उन्हें मकान दिलाएंगे।*

*शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियों के संबंध में चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन द्वारा शिक्षा के ढांचे को मजबूत करने के लिए काम किया गया है। 3 हजार शिक्षकों की भर्ती की है। पुरानी पेंशन स्कीम पुनः आरंभ की है। कोटवारों, मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाया है। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार सुश्री कुमारी शैलजा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा डॉ. चरणदास महंत, उप मुख्यमंत्री श्री टीएस सिंहदेव तथा संस्कृति एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री अमरजीत भगत, सांसद बस्तर श्री दीपक बैज, कृषि मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, स्कूल शिक्षा मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर, पीएचई मंत्री श्री गुरु रूद्र कुमार, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, आबकारी मंत्री श्री कवासी लखमा, आदिम जाति कल्याण मंत्री श्री मोहन मरकाम, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेडिया, संसदीय सचिव व विधायक मोहला-मानपुर श्री इन्द्रशाह मंडावी, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण व विधायक डोंगरगांव श्री दलेश्वर साहू, अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण व विधायक डोंगरगढ़ श्री भुनेश्वर शोभाराम बघेल, विधायक खुज्जी श्रीमती छन्नी चन्दू साहू, विधायक खैरागढ़ श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम श्री धनेश पाटिला, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग श्री जितेन्द्र उदय मुदलियार, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग श्रीमती तेजकुंवर नेताम, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव श्री नवाज खान, अध्यक्ष श्रीमती रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा न्यास श्री विवेक वासनिक, अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव श्रीमती प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी, सरपंच ग्राम पंचायत ठेकवा श्रीमती गुंजा साहू, समाजसेवी श्री पदम कोठारी, पार्षद श्री कुलबीर छाबड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, संभागायुक्त श्री महादेव कावरे, आईजी श्री राहुल भगत, कलेक्टर राजनांदगांव श्री डोमन सिंह, कलेक्टर खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई श्री गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीणा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अमित कुमार, एसडीएम श्री अरूण वर्मा सहित गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।*

## सार-संक्षेप

### गांजा के साथ युवक पकड़ाया



**बिलासपुर** , 20 सिंतबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा जिले में निजात अभियान चलाया जा रहा है तथा अवैध नशीले मादक पदार्थो एवं शराब पर अंकुश लगाने हेतु शक्ति से कार्यवाही करने के निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेन्द्र जायसवाल तथा नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली श्रीमती पूजा कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उत्तम साहू के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबिर सूचना पर डी.पी.कालेज के पास आरोपी विक्की खटिक पिता स्व. अशोक खटिक उम्र 25 वर्ष निवासी खटिक मोहल्ला छोटी ओयती धरम कांट के पास धरमबाडी कोमती जबलपुर, हा.मु. डीपी कालेज के पास टिकरापारा बिलासपुर को अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ पकडा गया। आरोपी के कब्जे से 2 किलो 100 ग्राम गांजा कीमती 20000 रूपये जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार का न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया ।

### शराब के साथ युवक पकड़ाया



**बिलासपुर** , 20 सिंतबर (देशबन्धु)। मल्हार चौकी प्रभारी मल्हार विष्णु यादव के नेतृत्व में टीम गठीत कर अवैध शराब बिक्री करने वालो की धड पकड हेतु मुखबिर तैनात किया गया था कि मुखबिर से सूचना मिला कि नेवारी मोड़ के पास एक व्यक्ति अवैध रूप शराब रखा है बिक्री कर रहा है,जिस पर चौकी मल्हार पुलिस द्वारा तत्काल घेरा बंदी कर गुलशन उर्फ सोहन कुर्रे आरोपी को पकड़कर 20 पौवा शराब 3.600 लीटर और बिक्री रकम 700 रूपये को जप्त किया गया तथा आरोपी के विरूद्ध धारा – 34(1)क, 34 ख आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

### अनूपपुर-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल रद्द

**बिलासपुर** , 20 सिंतबर (देशबन्धु)। अधोसंरचना विकास के अंतर्गत न्यू कटनी स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग हेतु नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जा रहा है 7 इस कार्य के दौरान 20 सितम्बर से 05 अक्टूबर 2023 तक 11751/11752 रीवा-चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस को रद्द किया गया है 7 इसके फलस्वरूप रैक अनुपलब्धता के कारण 21 सितम्बर से 05 अक्टूबर 2023 तक 05755/05756 चिरमिरी-अनूपपुर-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल भी रद्द रहेगी।



### सीपत में 27 को आयोजित लोक सुनवाई स्थगित

**बिलासपुर,** 20 सितंबर/मस्तूरी तहसील के ग्राम सीपत में 27 सितंबर को प्रस्तावित लोक सुनवाई अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। नई तिथि की घोषणा बाद में की जायेगी। अतिरिक्त कलेक्टर श्री आरए कुरुवंशी ने बताया कि एनटीपीसी सीपत ने अपनी सुपर क्रिटिकल टेक्नोलॉजी प्रोजेक्ट के विस्तार के लिए पर्यावरण स्वीकृति की मांग की है। मामले पर विचार करने के लिए शासकीय मदनलाल कॉलेज मैदान में 27 सितंबर को लोक सुनवाई आयोजित की गई थी।

# सतत प्रयासों से ही समग्र ग्रामीण विकास की परिकल्पना होगी पूरी - अंकित



**बिलासपुर** , 20 सिंतबर (देशबन्धु)। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोफंदी में स्थानीय ग्रामवासियों के समस्या के निराकरण हेतु स्वीकृत 200 मीटर सीसी रोड लागत 5 लाख रूपए के निर्माण कार्यों का जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने भूमिपूजन किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी के सतत प्रयासों से ही समग्र ग्रामीण विकास की परिकल्पना पुरी होगी और जिला पंचायत क्षेत्र के विकास व समस्याओं के निराकरण के लिए आपसी समन्वय के साथ एक दूसरे का सहयोग अत्यंत ही आवश्यक है। आगे बताया कि ग्राम पंचायत लोफंदी की मुख्य बस्ती का यहां मार्ग क्रांकिट ना होने के कारण बरसात के समय में पानी भर जाने के कारण यहां हमेशा दुर्घटना होती थी,आवागमन में भी ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ रहा था और अब सीसी रोड के निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी और आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में राज्य सरकार ने ग्रामीण व किसानों के हित में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। जिला पंचायत सदस्य गोदावरीबाई कमलसेन ने भी राज्य सरकार और प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर सरपंच रामाधार सुनहरे,पवन पाठक,इब्राहिम मेमन,सचिन धीवर,अजय सिंह के साथ ही भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# महुआ शराब के साथ युवक पकड़ाया



बिलासपुर , 20 सिंतबर (देशबन्धु)। घर में महुआ शराब की बिक्री कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सकरी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कोड़ापुरी निवासी डिगेश्वर साहू अपने कब्जे में अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री करने हेतु रखा है जिसकी सूचना प्राप्त होने पर सकरी पुलिस द्वारा दबिश देकर रेड कार्यवाही किया गया जहॉ आरोपी के कब्जे से 08 लीटर करीबन कच्ची महुआ शराब बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आब. एक्ट पंजीबद्ध किया गया। आरोपी डिगेश्वर साहू निवासी कोड़ापुरी के कब्जे से अवैध कच्ची महुआ शराब 08 लीटर बरामद कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहॉ से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सकरी निरीक्षक राजेश मिश्रा , प्रधान आरक्षक लक्ष्मीकांत कश्यप, आरक्षक संजय बंजारे,कलेश्वर यादव एवं थाना स्टाफ सकरी का विशेष योगदान रहा।

# विधि का रिजल्ट पुनः खराब विद्यार्थियों ने घेरा अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय

## एक ही विषय में अधिकांश छात्र फेल



**बिलासपुर** , 20 सिंतबर (देशबन्धु)। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से संबंधित समस्त विधि महाविद्यालय में एलएलबी प्रथम वर्ष द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाओं का आयोजन हुआ था । जो कि 27 जुलाई से लेकर 8 अगस्त 2023 के मध्य रही इसका परीक्षा परिणाम 19 सितंबर को आया जिसमें अधिकांश विद्यार्थियों को लॉ ऑफ क्राइम (आईपीसी) एवं एविडेंस के विषयो में अनुत्तीर्ण एवं एटीकेटी कर दिया गया। जानकारी इकट्ठा करने पर पता चला कि विद्यार्थी अपने समस्त विषयों में उत्तीर्ण है परंतु उनका एग्रीगेट 240 नंबरों से कम है जिससे वह अनुत्तीर्ण हो गए हैं । विधि के पाठ्यक्रम में यह नियम है कि कम से कम 48प्रतिशत नंबर अपने दोनों सेमेस्टर में मिलाकर विद्यार्थियों को लाना है परंतु विद्यार्थी ऐसा नहीं कर पाए जिसके परिणाम स्वरूप इन विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 35 फीसदी रहा वहीं 75प्रतिशत विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रह गए इससे यह प्रतीत होता है कि मूल्यांकन कार्य उचित तौर पर नहीं किया गया। अपनी इन्हीं मांगों को लेकर विद्यार्थियों ने अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के छात्रसंघ सचिव मनीष मिश्रा से की मनीष द्वारा समस्त विद्यार्थियों को लेकर विश्वविद्यालय का घेराव कर दिया । विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव फखरुद्दीन कुरैशी को ज्ञापन दिया एवं उनसे समस्त विषयों की पुनः मूल्यांकन करवाने एवं दोषी मूल्यांकन कर्ताओं को डिबार करने का निवेदन भी किया। श्री कुरैशी द्वारा छात्र हित में निर्णय लेने का आश्वासन दिया एवं जल्द से जल्द पुनः मूल्यांकन कराकर परीक्षा परिणाम घोषित करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के छात्रसंघ सचिव मनीष मिश्रा, छात्र नेता अखिलेश साहू,भूपेंद्र साहू, आदित्य जोशी,सुमित ठाकुर,राजेश देवांगन,अभिषेक चंद्रा,शुभम शर्मा,अविनाश डहरिया,राजेश देवांगन,चंद्रेश बंजारे,अजय खांडे,कृष्णा लहरे,मीत सोनवानी, अवनीश पांडे, आदित्यांश, गुड्डू भैया,नीतीश,सरिता अजगल्ले, मनीषा,स्वाति सराफ,भूमिका, कलवती,अनामिका, आकांक्षा, नीलिमा,कविता,संध्या,एंजिलिना थॉमस दीपा,चंद्रेश,अनीशा आदि छात्र छात्राएं शामिल रहे।

# शहर को स्वस्थ रखने में सफाईकर्मियों का अहम योगदान- महापौर

## मोपका गौठान में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन



**बिलासपुर,** 20 सितंबर ( देशबन्धु) । शहर को स्वच्छ रखने में हमारे सफाईकर्मियों का बहुत बड़ा योगदान है। इनके निष्ठापूर्वक कार्य करने से ही आज हम स्वच्छ वातावरण में रह रहे हैं। यही वजह है कि शहर के साथ-साथ हमारा शरीर और मन स्वच्छ है। उक्त बातें महापौर रामशरण यादव ने सफाई मित्र सुरक्षा शिविर कार्यक्रम के दौरान कही। मोपका स्थित गोठान में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। शिविर को संबोधित करते हुए महापौर रामशरण यादव ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में रहने से हमारा मन और शरीर दोनों स्वस्थ रहता है। जिससे हम कम बीमार पड़ते हैं। शहर को स्वच्छ रखने में हमारे सफाई कर्मचारियों को बहुत बड़ा योगदान है। इनके निष्ठापूर्वक कार्य के कारण ही हमारे चारों तरफ साफ-सफाई बनी हुई है और हम स्वच्छ वातावरण में सांस ले रहे हैं। भारत सरकार पिछले कई सालों से स्वच्छता पर ध्यान दे रही है। जिसमें बिलासपुर सहित देश के 100 से ज्यादा नगर निगम शामिल है। दो वर्ष पहले बिलासपुर नगर निगम को स्वच्छता रैगिंग में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। जिसका सारा श्रेय नगर निगम के सफाई कर्मियों को जाता है। हालांकि कुछ वर्षों से स्वच्छता रैंगिग में हम निचले पायदान में आ गए है, लेकिन सफाई कर्मचारियों के लगन और उत्साह को देखकर लगता है कि हमें आने वाले दिनों में खोई हुई रैंगिग को पुनः प्राप्त कर लेंगे। उन्होंने बताया कि शहर के 70 वार्ड़ों में प्रतिदिन नगर निगम की कचरा गाड़ी घर-घर जाकर कचरा इकट्ठा कर रही है। इस स्वच्छता कार्य में शहरवासियों का भी विशेष योगदान है।

शिविर के दौरान महापौर रामशरण यादव ने राजेश शुक्ला, लाला यादव, साखन दर्वे, श्रीमति संध्या तिवारी, अजय यादव सहित नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी व सफाई कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर आयुक्त राकेश जायसवाल, इंजीनियर अनुपम तिवारी, संदीप श्रीवास्तव, जोन क्रमांक-7 के जोन कमिश्नर खेल कुमार पटेल, नगर निगम की स्वास्थ टीम सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री स्वास्थ योजना से लोग हो रहे लाभांवित

महापौर रामशरण यादव ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल द्वारा पूरे राज्य में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें डॉक्टर की एक टीम मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से प्रत्येक वार्डों में लोगों का निःशुल्क उपचार कर दवा वितरित कर रही है। जिसका लाभ अब तक लाखों लोग उठा चुके है। आने वाले दिनों में इसका और विस्तार किया जाएगा।

### पौधरोपण कर हरियाली का दिया संदेश

महापौर श्री रामशरण यादव ने मोपका गौठान परिसर में स्थित भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। इसके अलावा पौधरोपण कर हरियाली लाने का संदेश दिया दिया। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारियों ने पौधरोपण किया।

## स्वच्छ स्टेशन थीम पर चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान

**बिलासपुर,** 20 सितंबर ( देशबन्धु) ।मंडल रेल प्रबन्धक प्रवीण पाण्डेय के मार्गदर्शन में बिलासपुर मंडल में 16 सितंबर से 02 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियों द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 19 सितंबर 2023 को स्वच्छ स्टेशन थीम पर मंडल के सभी छोटे स्टेशनों पर स्टेशन परिसर, रेलवे ट्रैक के आस-पास, रेलवे कालोनियों आदि में स्वच्छ वातावरण मुहैया कराने के लिए नामित अधिकारियों के नेतृत्व में कर्मचारियों द्वारा गहन साफ सफाई अभियान चलाया गया ।

अधिकारियो ने कर्मचारियों के साथ स्टेशन परिसर प्लेटफॉर्मों कांकोर्स एरिया, सर्कुलेटिंग एरिया, एफओबी, रेलवे ट्रैक, शौचालयों आदि का गहन साफ सफाई सुनिश्चित कराई 7 साथ ही यात्रियों से स्टेशन पर कचरे को निर्धारित डस्ट बिन में ही डालने, प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग बन्द करने एवं स्टेशन की स्वच्छता को बनाये रखने में रेल प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई ।स्वच्छता की निगरानी को सीसीटीवी के माध्यम से सुनिश्चित किया गया ।स्टेशन परिसर में उपलब्ध बोटल क्रासिंग मशीन का उपयोग करने के बारे में यात्रियों को जानकारी दी गई ।इस अभियान के तहत अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा श्रमदान कर स्टेशन परिसर की सफाई भी की गई ।

## सार-संक्षेप

### अश्वनी दीपका, तेज कुमार कटघोरा थाना प्रभारी

कोरबा, 20 सितंबर (देशबन्धु)। जिला पुलिस अधीक्षक यू. उदय किरण ने 2 निरीक्षक, एसआई व एएसआई का तबादला किया है। जारी आदेश में कटघोरा टीआई निरीक्षक अश्वनी राठौर को दीपका थाना पदस्थ किया गया है। कटघोरा के नए टीआई निरीक्षक तेज कुमार यादव होंगे। इसी तरह उपनिरीक्षक प्रसन्न कुमार पाणीग्रही को रक्षित केन्द्र से कंट्रोल रूम का प्रभारी बनाया गया है। कंट्रोल रूम के प्रभारी एएसआई अजेदान लकड़ा को दर्री थाना पदस्थ किया गया है। एसपी ने कहा है कि तबादला से प्रभावित पुलिस कर्मी तत्काल अपनी आमद नवीन पदस्थापना स्थल पर देना सुनिश्चित करें।

### सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का हुआ आयोजन




कोरबा, 20 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगममें आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगई के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन वार्ड 21 स्थित सियान सदन में किया गया। शिविर में सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदीयों, एवं उनके परिवारजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें कुल ओपीडी के 658, पुरुष -148, महिला-421, बच्चें- 89, ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाया, 598 लोगों को दवाई वितरण किया गया। 252 का लैब टेस्ट कर उन्हें टेस्ट रिपोर्ट प्रदान किया गया एवं शासन की योजनाओं से भी उनको अवगत कराया गया जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, मितान योजना, स्वास्थ्य बीमा योजना, इत्यादि शामिल हैं। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर में कुल 658 सफाई मित्र, स्वच्छता दीदियों एवं उनके परिवार के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस शिविर में अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, क्षेत्रीय योजना प्रबंधक (मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना) सुश्री गायत्री केंवट, सुश्री नेहा कश्यप, शाहनवाज शेख, भुवनेश्वर देवांगन, डॉक्टर अरविंद बोई एवं उनकी टीम, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक गौरव सिंह, धनमोहन रात्रे एवं निगम के कर्मचारी व अधिकारीगण उपस्थित थे।

### मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान ~ 26 सितंबर तक लगाए जाएंगे टीके



कोरबा, 20 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में जिले में टीकाकरण सुदृढ़ीकरण एवं मीजल्स रूबेला वैक्सीन की डोज से छूटे हुए, लेफ्ट आउट, ड्राप आउट लाभार्थियों (बच्चों) तथा गर्भवती महिलाओं को टीकाकृत किए जाने हेतु मिशन इन्द्रधनुष अभियान का द्वितीय चरण चरण 20 सितंबर से 26 सितंबर तक (रविवार को छोड़कर) चलाया जा रहा है। जिसमें 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को विभिन्न बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण किया जाएगा। यह अभियान जिले के समस्त टीकाकरण केन्द्रों में संचालित होगा।

सीएमएचओ डॉ. एस. एन. केशरी ने बताया कि जिले के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं तथा मितानिनों को निर्देशित किया है कि वे अपने कार्यक्षेत्र के समस्त गर्भवती महिलाओं तथा शिशुओं का टीकाकरण कराएं। साथ ही जिले के जनप्रतिनिधियों तथा पालकों से अपील किया गया है कि वे गर्भवती महिलाओं तथा टीकाकरण से छूटे हुए शिशुओं का टीकाकरण कराकर वैक्सीन से रोकी जा सकने वाली विभिन्न बीमारियों से बचाव के प्रति सतर्क रहें।

### डाक कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम कैम्प 23 को

कोरबा, 20 सितंबर (देशबन्धु)। डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं के संबंध में आम लोगों को जानकारी प्रदान करने प्रधान डाकघर द्वारा 23 सितंबर को सुभाष चौक निहारिका में शिविर का आयोजन किया गया है। इसके अंतर्गत महिला सम्मान बचत पत्र, सुकन्या समृद्धि योजना, पीपीएफ, आरडी, एफडी के संबंध में जानकारी देकर शिविर में ही खाता खोला जाएगा। डाक जीवन बीमा/ग्रामीण डाक जीवन बीमा के संबंध में जानकारी दी जाएगी। साथ ही आईपीपीबी खाते खोलकर एईपीएस/जीएजी/जीटीएल का कार्य भी किया जाएगा। आधार अपडेशन एवं नये आधार कार्य भी बनाए जाएंगे। खाता खोलने 2 फोटो, आधार/पेन कार्ड की फोटोकापी लकर आ सकते है। बच्चों का खाता खोलने के लिए जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति साथ में लायें। महिला सम्मान बचत पत्र 2 वर्ष के लिए 7.5 प्रतिशत ब्याज दर पर फिक्स डिपाजिट कर सकते है। सुकन्या समृद्धि खाता 8 प्रतिशत ब्याज दर पर 250 रुपए से खाता खोला जाएगा। आम जनता से शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

### जिले में अब तक 924.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कोरबा**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में 01 जून से अब तक 924.0 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 19 सितंबर तक औसत वर्षा 1071.9 मिमी हुई है। बीते 24 घण्टे में जिले में 1.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील कोरबा में 942.6 मिमी, भैंसमा में 985.8 मिमी, करतला में 956.0 मिमी, कटघोरा में 1001.2 मिमी, दर्री में 1037.6 मिमी, पाली में 756.2 मिमी, हरदीबाजार में 770.0 मिमी, पोड़ी-उपरोड़ा में 902.8 मिमी एवं पसान में 963.6 मिमी वर्षा हो चुकी है। अब तक सर्वाधिक वर्षा दर्री तहसील में दर्ज की गई है।

# भाजपा की परिवर्तन यात्रा 21 व 22 को रहेगी जिले में

### केन्द्रीय मंत्री लेंगे 2 सभाएं, घंटाघर में लखन के लिए सभा लेंगे डिप्टी सीएम




**कोरबा**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा 21 व 22 सितंबर को कोरबा जिले में रहेगी व चारों विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण कर आमसभा की जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में प्रारंभ हुई दूसरी परिवर्तन यात्रा 21 सितंबर को मरवाही विधानसभा क्षेत्र से कोरबा जिले में प्रवेश करेगी। सुबह लगभग 10 बजे पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के पसान में परिवर्तन यात्रा पहुंचेगी। इस यात्रा में एक रथ के अलावा 20 गाडियां और 120 की संख्या में लोग चल रहे हैं।

इस आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह ने प्रेस क्लब तिलक भवन में पत्रवार्ता आहुतकर बताया कि 21 सितंबर गुरुवार को पसान में सुबह करीब 10.30 बजे परिवर्तन यात्रा का स्वागत किया जाएगा। ग्राम लैंगा रामपुर में प्रातः 11 बजे आमसभा होगी। इस आम सभा को मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता होशियारपुर से सांसद एवं केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री सोम प्रकाश (रिटायर्ड आईएएस) द्वारा संबोधित किया जाएगा। आम सभा के बाद यात्रा दोपहर करीब 1.15 बजे ग्राम बिंझरा पहुंचेगी जहां स्वागत होगा। दोपहर 1.30 बजे कटघोरा विधानसभा क्षेत्र में यात्रा प्रवेश करेगी और 10 किलोमीटर पहले कसनिया में पार्टी के कार्यकर्ता बाइक रैली से स्वागत कर बाइक रैली के साथ परिवर्तन यात्रा को आमसभा स्थल मीना बाजार मैदान तक ले जाएंगे। यहां दोपहर 1.45 बजे आम सभा को केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश मुख्य वक्ता के तौर पर संबोधित करेंगे। इसके पश्चात यात्रा शाम 4.15 बजे छुरी पहुंचेगी जहां स्वागत उपरांत यात्रा कोरबा विधानसभा के लिए प्रस्थान करेगी। दर्री में जैलगांव चौक पर भव्य स्वागत किया जाएगा। अप्पू गार्डन तक परिवर्तन यात्रा पहुंचेगी और यहां से बाइक रैली के साथ घंटाघर ओपन थिएटर में पहुंचकर विशाल आम सभा में परिवर्तित होगी। कोरबा विधानसभा के घंटाघर मैदान में शाम करीब 5.30 बजे उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक बतौर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता आमसभा को संबोधित करेंगे।

अगले दिन 22 सितंबर शुक्रवार को सुबह 8.30 बजे विभिन्न समाज के प्रमुखों के साथ बैठक होगी। सुबह 9 बजे प्रेस वार्ता बाद 9.45 बजे श्री राम जानकी मंदिर बुधवारी में दर्शन पूजन के पश्चात परिवर्तन यात्रा आगे बढ़ेगी। जिला अध्यक्ष ने बताया कि सुबह करीब 10.15 बजे यात्रा उरगा पहुंचेगी। रामपुर विधानसभा क्षेत्र के उरगा में यात्रा का स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात भैसमा एवं नोनबिर्रामें यात्रा का स्वागत होगा। सुबह 11.10 बजे रामपुर विधानसभा क्षेत्र के करतला स्थित हाई स्कूल मैदान में आम सभा होगी। आम सभा के पश्चात दोपहर 12.45 बजे ग्राम कुदमुरा में यात्रा का स्वागत किया जाएगा और इसके साथ ही कोरबा जिले से परिवर्तन यात्रा रायगढ़ जिले के लिए प्रस्थान करेगी। जिला अध्यक्ष ने भाजपा एवं समस्त सहयोगी संगठनों से अपील की है कि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति दर्ज कराएं। पत्रवार्ता के दौरान कोरबा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक चावलानी, भाजपा कोषाध्यक्ष गोपाल मोदी एवं परिवर्तन यात्रा के प्रभारी हितानंद अग्रवाल सहित तुलसी ठाकुर व अन्य भी उपस्थित रहे।

### यूपी के उपमुख्यमंत्री आज प्रवास पर

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक 21 सितंबर को कोरबा के एकदिवसीय भ्रमण पर रहेंगे। जिला सत्कार अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री पाठक 21 सितंबर को प्रातः 1:45 बजे लखनऊ एयरपोर्ट से वायुयान द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12:3 बजे छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में जेएसपीएल एरोड्रम (प्राइवेट) पहुंचेंगे। 12:45 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा कोरबा हेतु प्रस्थान कर तथा 1:3 बजे विधानसभा कटघोरा अंतर्गत मीना बाजार मैदान पहुंचेंगे। उपमुख्यमंत्री श्री पाठक 1:35 बजे मीना बाजार मैदान में आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर शाम 4:3 बजे रथ द्वारा छुरी में आयोजित स्वागत सभा में सम्मिलित होंगे। इसी प्रकार के 4:45 बजे कोरबा विधानसभा के दर्री में स्वागत सभा में शामिल होंगे तत्पश्चात् 5:3 बजे कोरबा के घण्टाघर में आयोजित आमसभा मे सम्मिलित होंगे। 7 बजे कोरबा से रायगढ़ हेतु प्रस्थान करेंगे।

### इलाज कराने गया परिवार इधर हो गई चोरी

**कोरबा**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। एक शिक्षक के सूने घर से अज्ञात चोरों ने 4 आलमारियों का ताला तोड़कर चोरी को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार एचटीपीएस कालोनी दर्री का निवासी कृष्णादास महंत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अजगरबहार में शिक्षक है। उसके माता-पिता पुरानी बस्ती कोहडिया स्कूलपारा में रहते हैं। पिता की दोनों किडनी फेल होने के कारण उपचार हेतु 14 सितंबर को दोपहर करीब 2 बजे मां सावित्री महंत और भाई निकेश दास रामकृष्ण केयर हास्पिटल रायपुर गए थे। कोहडिया वाले घर में ताला बंद था। 18 सितंबर को दोपहर करीब 1.30 बजे सावित्री महंत कोरबा लौटी जिसे रेलवे स्टेशन से अपने साथ लेकर शिक्षक कोहडिया स्थित निवास गया। यहां जाने पर मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला जबकि मेन गेट का ताला बंद था। भीतर जाने पर 4 आलमारियों के ताले टूटे हुए मिले एवं सामान अस्त-व्यस्त था। आलमारी में रखा 3 जोड़ी चांदी का पायल, 8 नग बिछिया, सोने का एक मंगलसूत्र, एक जोड़ी बाली, सोने की नथ और नगद 15-20 हजार रुपए चोरी कर लिया गया।

## स्थानीय बेरोजगारों को नौकरी नहीं तो रोकेंगे कोयला वाहन



**कोरबा**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल में भू-अर्जन के कारण विस्थापित होने वाले प्रभावित परिवार के बेरोजगार युवकों को वैकल्पिक रोजगार मांग ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने की है।

एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने कहा है कि एसईसीएल प्रबंधन तथा सभी आउटसोर्सिंग कंपनियों की बैठकों में सहमति बनाई गई थी खदान से विस्थापन एवं प्रत्यक्ष प्रभावित बेरोजगारों को योग्यतानुसार रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा किंतु कंपनी में बाहर से लाए गए लोगों को नियोजित करके रखा गया है और वर्तमान में भी बाहरी लोगों को भर्ती किया जा रहा है। श्री कुलदीप ने कहा कि एसईसीएल प्रबंधन स्थानीय बेरोजगारों पर ध्यान नहीं दे रही है इससे यहां के वास्तविक बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय भू-विस्थापित एवं प्रभावित बेरोजगारों कि चालक हेल्पर सुपरवाइजर आदि पदों में भर्ती करना सुनिश्चित किया जाए अन्यथा संगठन द्वारा 25 सितंबर वाहनों को रोकने और खदान के कार्य को बाधित करने के लिए विवश होगी।

## वार्ड 4 व 5 को मिली 3 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

### राजस्व मंत्री ने मंगल भवन निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन




**कोरबा**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। राजस्व मंत्री ने कोरबा जोनांतर्गत आने वाले वार्ड 4 एवं 5 में 3 करोड़ रुपए से ज्यादा के विकास कार्यों की सौगात प्रदान की है। उन्होंने विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर राजकिशोर प्रसाद ने की। विशिष्ट अतिथि सभापति श्यामसुंदर सोनी, वार्ड पार्षद सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, एमआईसी सदस्य संतोष राठौर, पार्षद रूपसिंह गोंड़, धनश्री अजय साहू व एल्डरमेन सनंददास दीवान, बच्चूलाल मखवानी, आरिफ खान उपस्थित थे।

वार्ड क्र. 05 में के.एन.कालेज के समीप अधोसंरचना मद से 84 लाख 50 हजार रूपये की लागत से मंगल भवन निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 04 में कबीर आश्रम के पास 29 लाख 70 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य एवं अन्य विकास कार्य, वार्ड क्र. 04 इंदिरा नगर में हसदेव घर और श्रवण जायसवाल घर से आंगनबाड़ी तक 69 लाख 23 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाली एवं सी.सी.रोड निर्माण, वार्ड क्र. 04 में अग्रसेन चौक से के.एन.कालेज तक 61 लाख 87 हजार रूपये की लागत से फुटपाथ एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण, वार्ड क्र. 04 बंटी उपाध्याय घर से मेमन जमात तक 57 लाख 41 हजार रूपये की लागत से फुटपाथ एवं आर.सी.सी.नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। राजस्व मंत्री ने वार्ड 4 रानी गेट के समीप 20 लाख रूपये की लागत से विधायक मद से नवनिर्मित सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर कुसुम द्विवेदी, सुरेश सहगल, गजानंद प्रसाद साहू, पूर्व पार्षद मनीष शर्मा, कोमल, अजिम कुरैशी, नूतन सिंह ठाकुर, प्रकाश सिंह, मोहम्मद शाकीर, हारून मेमन, लोकेश्वर सिंह तोमर, अवतार सिंह, लक्ष्मी देवांगन, प्रकाश सिंह ठाकुर, हरिप्रसाद जोगी, महेन्द्र देवांगन, राजेन्द्र मण्डल, डी.एल.साहू, राकेश देवांगन, मणिशंकर, पवन यादव, श्यामू यादव, जोगेन्द्र गोस्वामी, रूप सिंह, दामिनी साहू, रवि खुंटे, चन्द्रिका बंजारे, बनवारी पाहुजा, मनीष शर्मा, बन्नी पाहुजा, राजू जोगी, कविता खुंटे, अमर जायसवाल, रघुवीर, राजेन्द्र श्रीवास्तव हरप्रीत सिंह अनमोल, अमरनाथ, नंदलाल लालवानी, एहसान खान, मुस्लिम खान, रामशूदिन, लालाराम साहू, प्रदीप जायसवाल, कोमल साहू, अशफाक अली, अमरूदास महंत, प्रकाश तिवारी, विष्णु प्रसाद साहू, डी.एस.साहू, नागेन्द्र साहू, संतोष कुमार, रघुवीर देवांगन, मुकुंद सिंह, मंशाराम साहू, शमिम बानो, रतनी महंत, कुरैशा बेगम, नंदलाल लालवानी, राजेन्द्र मण्डल, अंजू अली उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य केन्द्रों में मेले का आयोजन



**कोरबा**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। भारत शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केसरी के नेतृत्व में जिले में विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन हेतु आयुष्मान भवः अभियान का संचालन किया जा रहा है।

आयुष्मान भवः अभियान के तहत आयुष्मान मेला का आयोजन जिले में दो स्तर पर किया जा रहा है। जिसके प्रथम स्तर पर आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स में जैसे एनसीडी/टी.बी./लेप्रोसी तथा मातृत्व व शिशु स्वास्थ्य सेवाएँ आम लोगों को उपलब्ध करायी जा रही है। इसी प्रकार द्वितीय स्तर पर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में साप्ताहिक रूप से मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग, शल्य चिकित्सा, नाक-कान-गला रोग, चर्म रोग तथा दंत चिकित्सक सहित अन्य रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थ चिकित्सकों के माध्यम से मरीजों की स्क्रीनिंग, जाँच एवं आवश्यक स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। सीएमएचओ ने बताया कि जिले के सभी विकास खंडों के स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान भवः अंतर्गत स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज कोरबा के रानी धनराज कुंवर देवी शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इसी प्रकार 22 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पताड़ी, 27 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा, 4 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोड़ी-उपरोड़ा, 9 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करतला, 16 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली तथा 26 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दीपका में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की स्क्रीनिंग कर निःशुल्क इलाज की सुविधा प्रदान की जाएगी। साथ ही लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने एवं वितरण का कार्य भी किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि आयुष्मान भवः के तहत 2 अक्टूबर को जिले के ग्रामों में ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नागरिकों को विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं और सेवाओं का प्रचार-प्रसार और जानकारी दी जायेगी आयुष्मान भवः गतिविधियों के सफल संचालन हेतु खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है। कलेक्टर एवं सीएमएचओ ने जिले के नागरिकों से सभी सामुदायिक सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुष्मान भवः कार्यक्रम के अंतर्गत लगने वाले स्वास्थ्य मेला में उपस्थित होकर विशेषज्ञों से स्वास्थ्य जांच कराने की अपील किया है। साथ ही आयुष्मान कार्ड से वंचित हितग्राहियों को मेले में भाग लेकर आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु प्रेरित किया है।

### विश्वकर्मा जयंती पर भंडारे का आयोजन



**कोरबा**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासकीय वाहन चालक यांत्रिक कर्मचारी संघ द्वारा कलेक्टर कार्यालय के प्रांगण में विश्वकर्मा जयंती मनाया गया। सभी विभाग के कर्मचारियों द्वारा पूजा-अर्चना किया गया। 20 सितंबर को आयोजन समिति के पदाधिकारी सहित अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े के साथ ही वरिष्ठजनों के सहयोग से भोग भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अनूप कोराम, त्रिनाथ पटेल, रामगोपाल यादव, नाथूराम खैरवार, रामदास मानिकपुरी, रविंद्र सरपे, उजागर महंत, गोविन्द महंत, सनत कश्यप, चितरंजन महंत, राजकुमार यादव, उपेस महंत, बिट्टन साहू, अमृत पटेल, विजय भोई, मनहरण मानिकपुरी, बली सिदार, बीएल निराला, मो. यूसुफ, लोमेस, हीरा कंवर उपस्थित थे।

# महिलाओं को मिलेगा अधिक अधिकार-भाजपा

### महिला बिल को लेकर भाजपाई गदगद



**कोरबा**, 20 सितंबर (देशबन्धु)। केन्द्र सरकार द्वारा महिलाओं को राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण देने संबंधी बिल लाया गया है। जिसका अनुमोदन कुछ ही दिनों में दोनों सदन में हो जाएगा और राष्ट्रपति के हस्ताक्षर पश्चात इस पर मुहर लग जाएगी। इस बिल के आने से महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में काफी अधिकार मिलेगा। इसे लेकर भाजपाईयों ने बयान जारी करते हुए कहा कि केन्द्र की सरकार सदैव जनकल्याणकारी कार्य कर रही है जबकि प्रदेश की कांग्रेस सरकार विकास कार्यों को लेकर कुछ भी करने में नाकाम साबित हुई है। इसी तरह कोरबा विधानसभा में भी भ्रष्टाचार का बोलबाला है।

पार्टी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में वक्तागण पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष बनवारीलाल अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता अमलानंद मैथानी, पूर्व संसदीय सचिव लखनलाल देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक चावलानी, वरिष्ठ भाजपा नेता देवेन्द्र पाण्डेय, नवीन पटेल, गोपाल मोदी, हितानंद अग्रवाल आदि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि महिलाओं को सभी क्षेत्र में समान अधिकार मिले और उन्हें आर्थिक रूप से बढ़ावा तो मिले, साथ ही राजनीतिक क्षेत्र में उन्हें आगे आने के लिए प्रेरित किया जाए। इसी को ध्यान में रखकर महिला बिल लोकसभा में पेश किया गया है जो निश्चित तौर पर पारित होगा और साथ ही यह जल्द ही कानून का रूप ले लेगा। इस कानून के बन जाने के बाद महिलाओं को राजनीति के क्षेत्र में आगे बढने का मौका मिलेगा। नेताओं ने कहा कि कोरबा में पिछले कई वर्षों से विकास कार्य के नाम पर कुछ नहीं किया जा रहा है। स्थानीय विधायक द्वारा जनहित में किसी तरह के कार्य नहीं किए है। वहीं दूसरी ओर नगर निगम में 10 साल से काबिज कांग्रेस के महापौर विकास कार्य करने की बजाए स्वहित में लगे हुए है। इसी तरह प्रदेश की कांग्रेस सरकार सभी क्षेत्र में निकम्मा साबित हुई है। नगर निगम क्षेत्र में अपने द्वारा कराए गए कार्यों की जानकारी देते हुए श्री देवांगन ने बताया कि जिस दौरान उन्होंने पक्की सडक़ों का निर्माण कराया था वे आज भी यथावत है लेकिन वर्तमान में महंगे दरों पर महापौर द्वारा कार्य कराया जा रहा है वह टिकाऊ नहीं है। इसी तरह कुछ दिनों में डामरीकृत सडक़ें उखड़ रही है। कुल मिलाकर श्री देवांगन ने सभी मुद्दों पर कांग्रेसियों को घेरा।

# पांच डकैत झारखण्ड सीमा पर पकड़ाए

## एक्सिस बैंक डकैती मामले में पुलिस को मिली सफलता



**रायगढ़** 20 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ के इतिहास में एक्सिस बैंक मे साढ़े पांच करोड़ की डकैती मामले मे पुलिस ने 24 घंटे पहले पांच आरोपियों को सरगुजा संभाग के झारखंड बार्डर से गिरिफ्तार कर लिया है। पुलिस ने नोटो से भरे बैग के साथ साथ गहने भी जप्त किया है। इस बड़ी वारदात में जिले की साइबर सेल की टीम की बड़ी भूमिका रही है।

मंगलवार की सुबह पौने 9 बजे के बीच हथियार बंद डकैतो ने बैंक मैनेजर से मारपीट कर सभी कर्मचारियों को बंधक बनाकर 52 करोड़ 62 लाख रुपए की लूट कर फरार हो गए थे। बताया जाता है कि एक्सिस बैंक मे इस डकैती की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी गया के शेरावाटी गैंग से संबंधित है। लूट की वारदात के बाद आरोपी ट्रक और कार के अलावा मोटर साइकिल से भाग रहे थे, सीसीटीवी कैमरे की जांच में इनकी सभी लोकेशन साझा करने के बाद नाकेबंदी की गई थी तब देर रात चार आरोपी बलरामपुर के पास झारखंड बार्डर से ट्रक और कार में सवार होकर भागते समय पकड़ में आ गए। इनके पास से सात बैग भी मिले हैं जिसमे लूटी गई रकम और सोने के गहने हैं।

छत्तीसगढ़ की झारखण्ड सीमा पर देर रात पकड़े गए डकैतों के मामले में पुलिस पूछताछ लगातार जारी है। इस संबंध में बिलासपुर रेंज के आईजी अजय यादव ने बताया कि कल सुबह एक्सिस बैंक में डकैती की घटना हुई थी जिसमें सात आरोपियों के द्वारा बैंक खुलते ही घुसकर वहां के कर्मचारियों को लेकर इस घटना को अंजाम दिया गया था और वहां से 4 करोड़, 19 लाख 46 हजार से अधिक नगद रकम एवं लोन लेने के लिये बैंक में रखे गए 2917 ग्राम के गहने जिसका मूल्य 1 करोड़ 43 लाख रूपये है। कुल 5 करोड़ 62 लाख की डकैती डालकर फरार हो गए थे। उसके बाद पुलिस की पूरी टीम आरोपियों की पतासाजी में लगी हुई थी। झारखण्ड, बिहार और ओडिसा की पुलिस से संपर्क के दौरान कुछ क्यू पुलिस के हाथ लगे। साथ ही साथ सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कुछ सबूत सामने आये। इस बीच एक सस्पेक्टेड कार के बारे में पता चला और जब उसे टेऊक्र किया गया तो कुछ लोगों के बारे में पता चला जो बिहार के रहने वाले थे। सरहदी जिलों में नाकेबंदी करके बाहर जाने से सभी रास्तों में खासकर करके अंबिकापुर डिवीजन के बलरामपुर जिला में पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस अभी तक पांच आरोपियों के साथ डकैती की पूरी राशि बरामद कर ली है लेकिन इस घटना में पांच और आरोपियों की संलिप्ता होनें की आशंका है। बिलासपुर संभाग के आईजी अजय यादव ने यह भी बताया कि कुछ आरोपी झारखण्ड और कुछ ओडिसा में छिपे होनें की आशंका जताई जा रही है इसलिये पुलिस की दो टीमें आरोपियों की तलाश के लिये झारखण्ड रवाना हो गई है। दो टीमें ओडिसा भेजा जा रहा है।

**बिहार के शेराबाटी गैंग ने दिया घटना को अंजाम**

# हाथी दांत और पेंगोलिन शल्क के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार

## 25 लाख के माल सहित सूमो वाहन जब्त



**मनेन्द्रगढ़** 20 सितंबर (देशबन्धु)। सरगुजा संभाग में लगातार हो रही हाथियों की मौत के कारण वन एवम जलवायु परिवर्तन के आला अधिकारी चिंतित थे और तस्करों को पकड़ने की योजना बना रहे थे। इसी तारतम्य में वन विभाग को बड़ी सफलता मिली है। वन अमले ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों द्वारा कई खुलासे किये गये है। पकड़े गए अपराधियों में एक शासकीय शिक्षक है जो पूरे मामले का मास्टर माइंड बताया जा रहा है।

वनमंडलाधिकारी मनेंद्रगढ़ लोकनाथ पटेल के निर्देशानुसार तथा उप वनमंडलाधिकारी मनेंद्रगढ़ और केल्हारी के नेतृत्व में स्पेशल फॉरेस्ट टीम द्वारा वन तस्करों को रात में जंगल में विशेष अभियान चलाकर लगभग 25 लाख रुपयों के हांथी दांत और पेंगोलिन की सुखी खोपड़ी, टाटा सूमो वाहन समेत 4 अपराधियों को पकड़ लिया है। वन परिक्षेत्र मनेन्द्रगढ़ के अन्तर्गत हांथी दांत एवं पेंगोलिन शल्क तस्करी से सम्बधित वन अपराध में लिप्त पाये गये 4 अपराधियों को वनमंडलाधिकारी के आवश्यक दिशा निर्देश और वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत जेल भेज दिया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में वन परिक्षेत्र अधिकारी मनेंद्रगढ़ आर एस कुर्रे, बिहारी लाल शर्मा, जगदेव सिंह,दीपक कोल, अजय सिंह, रामायण तिवारी, यशवंत रजवाड़े, ईश्वर चंद, विजय पैकरा,अभ्यास सिंह, ताम्रध्वज श्रीवास का सराहनीय योगदान रहा।

## सार-संक्षेप

### साप्ताहिक आयुष्मान मेला का आयोजन मरीजों को दी गई सुविधा



**अम्बिकापुर** 20 सितंबर (देशबन्धु)। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार समस्त जिले में आयुष्मान भवः योजना की शुरूआत की गई है। आयुष्मान भवः योजना की शुरूआत जिला सरगुजा के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में 17 सितम्बर 2023 से आयुष्मान मेला का आयोजन साप्ताहिक रूप में दो स्तर में प्रारंभ किया गया है।

प्रथम स्तर में आयुष्मान भारत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में सप्ताहवार विभिन्न थीम जैसे गैर संचारी रोग मधुमेह, ब्लड प्रेसर, कैंसर की जांच, एनसीडी, टी.बी, कुष्ठ रोग, मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य इत्यादि पर स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ रूप से उपलब्ध कराया गया है। द्वितीय स्तर में मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध विशेषज्ञ जैसे स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, शल्य चिकित्सा, निष्चेतना विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ, चर्म रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक इत्यादि के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में साप्ताहिक रूप में स्क्रीनिंग जांच एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराया गया है। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने समस्त हेल्थ एण्ड वेलनेस में शत-प्रतिशत मरीजों की जांच, उपचार सुविधा मुहैया कराने तथा आमजनों से ज्यादा से ज्यादा अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र, पारा-मोहल्ला के मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से जानकारी प्राप्त कर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य लाभ लेने का आह्वान किया है।

### कलेक्टर ने ली राजनैतिक दलों की बैठक

**अम्बिकापुर** 20 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार ने बुधवार को जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन 2023 के सम्बंध में राजनैतिक दलों की बैठक ली। बैठक में उपस्थित राजनीतिक दल के जनप्रतिनिधियों को जिला अंतर्गत मतदान केंद्रों का भवन परिवर्तन, स्थल परिवर्तन, नाम परिवर्तन के संबंध में जानकारी दी गई और अंतिम संशोधन पर चर्चा की गई।

उल्लेखनीय है कि 02 अगस्त को विधानसभा निर्वाचन 2023 के संबंध में अर्हता तिथि 01 अक्टूबर हेतु मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया और 2 अगस्त से 31 अगस्त तक प्राप्त दावा आपत्ति का 22 सितंबर तक निराकरण कर 4 अक्टूबर को अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। इस दौरान उपस्थित राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधियों को मतदान केंद्रों की जानकारी दी गई। इस दौरान उपस्थित सदस्यों को फार्म-6, 7 एवं 8 के संबंध में जारी कार्यवाही से भी अवगत कराया गया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक, समस्त विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, एवं निर्वाचन से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गिरदावरी कार्य का निरीक्षण करने फील्ड पर पहुंचे कलेक्टर

**कोरिया** 20 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने जिले के विभिन्न गांवों का दौरा कर गिरदावरी से संबंधित जानकारी प्राप्त की। श्री लंगेह ने मौके पर जाकर खेती-किसानी के बारे में जायजा लिया। इसी कड़ी में गिरदावरी से संबंधित सही जानकारी संधारण नहीं करने पर ग्राम कुड़ेली के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री बीरबल पैकरा को निलंबन करने आदेश दिया, वहीं तरगवां के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री जयकुमार कुशवाहा, जामपारा के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पुष्पा सिंह तथा तरगवां के पटवारी ज्योति नेताम को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री लंगेह निरीक्षण करने फील्ड में पहुंचें। उन्होंने राजस्व टीम द्वारा किए जा रहे गिरदावरी का निरीक्षण किया और अधिकारियों को खसरा क्रमांक एवं वास्तविक रकबे में लगाए गए फसल का सही जानकारी दर्ज कर ऑनलाइन प्रविष्टि प्राथमिकता से करने के लिए कहा। उन्होंने कुड़ेली, तरगवां में चल रहे गिरदावरी कार्य की जमीनी हकीकत का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कहा कि समर्थन मूल्य पर धान व मक्का खरीदी तथा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत रकबे के आधार पर किसानों को लाभ दिया जाता है। इसके लिए वास्तविक कृषक, उनके सही रकबे एवं उसमें लगाई गई फसल का सत्यापन होना अत्यंत आवश्यक उन्होंने मौके पर निर्देश किया कि धान की फसल की रकबे के साथ पड़ती भूमि के रकबा का चिह्नांकन किया जाए। उन्होंने खसरा, नक्शा और समिति के पत्रक का अवलोकन किया। इस मौके पर एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम, तहसीलदार चांदनी कवंर, नायब तहसीलदार, कृषि विस्तार अधिकारी, आरआई, पटवारी, सरपंच व ग्रामीण भी उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर ने किसानों से भी खेती किसानी के संबंध में बातचीत की। उनका कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने किसानों से कहा कि गिरदावरी का काम पूरा होने के बाद कई फायदे होंगे।

# मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी हरचौका में प्रभु श्रीराम की प्रतिमा का किया अनावरण

**एमसीबी** 20 सितंबर (देशबन्धु)। सितम्बर 2023। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सोमवार 19 सितम्बर को नवगठित मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिले के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल सीतामढ़ी हरचौका में राम वन गमन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की 25 फिट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। इसके साथ ही उन्होंने 156 करोड़ रुपए की लागत से 160 विकास कार्यों का लोकार्पण व 203 करोड़ रुपए की लागत से 165 विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। हरचौका में आमनागरिकों और पर्यटकों की सुविधाओं के लिए कैफ़ेटेरिया का शुभारंभ भी किया।

श्रीराम वन गमन पर्यटन परिपथ के तहत सीतामढ़ी-हरचौका में राम वाटिका, रामायण व्याख्या केंद्र, कैफेटेरिया, पर्यटन सूचना केंद्र नदीतट व अन्य अधोसंरचना, लागत 7 करोड़ 45 लाख रुपए/ बहरासी से सनबोरा एमपी बार्डर सड़क निर्माण कार्य, लागत- 22 करोड़ 61 लाख रुपए/टी 2 किलोमीटर 26 से सोनहरी तक सड़क नवीनीकरण लागत- 1 करोड़ 90 लाख रुपए/अक्तवार से चुऊल तक सड़क नवीनीकरण, लागत 1 करोड़ 8 लाख रुपए/देवगढ़ से करवा तक सड़क नवीनीकरण, लागत 1 करोड़ 14 लाख रुपए प्रमुख भूमिपूजन कार्य ग्राम किशोरी से कचोहर मार्ग पर बनिया नाला में पुल निर्माण, लागत-करीब 9 करोड़ रुपए/कोतमा मार्ग पर बरने नदी पर उच्चस्तरीय पुल व पहुंच मार्ग, लागत-4 करोड़ 63 लाख रुपए/मनोड़, तोजी, जमथान, आमाडंड, बेलबहरा, कोचका आदि ग्रामों में 21 करोड़ रुपये की लागत नल जल योजना के तहत विकास कार्य/ ग्राम बहरासी मेव132/33 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र, लागत-23 करोड़ रुपए/ गिरवानी से डौकादण्ड पहुंच मार्ग पर पुल-पुलिया निर्माण, लागत-7 करोड़ रुपए/ उजियारपुर से राधारमन नगर पहुँच मार्ग, लागत- 8 करोड़ रुपए/ पहाडपारा से करीछापर तक पक्का सड़क, लागत- 4 करोड़ रुपए/ विशेष पिछड़ी जनजाति (बैगा) आवासीय विद्यालय नोउड़िया, लागत- करीब 50 लाख रुपए इस तरह प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने मनेंद्रगढ़-चिरमिरी- भरतपुर जिले को 360 करोड़ रूपये की सौगात दी।

**360 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण, भूमिपूजन**



**जिले में 1240 करोड़ रुपए का विकास कार्य हुआ- भूपेश**

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि एमसीबी सहित 6 नए जिले, नई तहसील, नए अनुविभाग का गठन किया। श्री बघेल ने कहा हमने पौने पांच साल में कोरोना जैसे समस्या भी देखे तो अधोसरंचना के कार्य पुल- पुलिया, सड़क, अस्पताल, स्कूल, महाविद्यालय जैसे भवनों का निर्माण भी कराया। श्री बघेल ने कहा एमसीबी जिले के बीते 1 वर्षो में 124 करोड़ रुपए का विकास कार्य हुआ है, जो आज अपने आप में इतने कम समय में एक कीर्तिमान है। उन्होंने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा पिछले कुछ वर्षो से मध्यप्रदेश से बिजली आती थी लेकिन हमारी सरकार आने के बाद मध्यप्रदेश के भरोसे नहीं है। पहुंचविहीन गांवों में बिजली, स्कूल, पीने की पानी, अस्पताल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में आगे बढ़े हैं। हमने आम जनता का ध्यान रखा। हमने चप्पल, मोबाइल बांटने के बजाय लोगों के जेब में नगद राशि देने पर भरोसा किया। राजीव गांधी किसान न्याय योजना, मुख्यमंत्री भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, सुराजी योजना, गोधन न्याय योजना शुरू की ताकि ग्रामीणों, किसानों और आदिवासियों की जिंदगी में बदलाव आए, आर्थिक रूप से सक्षम हो सके। हमने आम लोगो के जेब में 1 लाख 75 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि डालने का काम किया हैं। हमने शहरी बच्चों की तरह ग्रामीण बच्चे भी अंग्रेजी स्कूल में पढ़ सके इसके लिए पूरे प्रदेश में करीब 7 स्वामी आत्मानन्द स्कूल खोले हैं ताकि आम लोगो के बच्चे भी अंग्रेजी स्कूल में पढ़-लिख व बोल सके। श्री बघेल ने आगे कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी हमने बहुत काम किया है।

### जाने सीतामढ़ी- हरचौका

माना जाता है कि मनेन्द्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर जिले में सीतामढ़ी हरचौका ऐसी जगह है जहाँ वनवास के दौरान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और माता सीता के कदम पड़े थे। भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास काल का अधिकांश समय दण्डकारण्य में व्यतीत हुआ था। वनवास काल में प्रभु श्रीराम, पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ जहां-जहां ठहरे, उनके चरण जहां पड़े, ऐसे 75 स्थानों को चिन्हांकित किया गया है। इनमें से प्रथम 9 स्थानों को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की शुरुआत छत्तीसगढ़ सरकार ने की है। राम वनगमन पर्यटन परिपथ परियोजना की शुरूआत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी- भरतपुर जिले के 'सीतामढ़ी हरचौका' नामक स्थान से होती है। मवई नदी के किनारे स्थित सीतामढ़ी हरचौका, दण्डकारण्य का प्रारंभिक स्थल है, जहां से वनवास काल के दौरान भगवान श्रीराम का आगमन छत्तीसगढ़ की धरती पर हुआ था।

# खिलाड़ी राज्य स्तर पर सरगुजा का नाम करें रोशन - शिखा



**अम्बिकापुर** 20 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल गतिविधियों को ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने, प्रतिभागियों को मंच प्रदान करने व उनमें खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं खेल भावना का विकास करने हेतु जारी छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023-24 के संभाग स्तरीय आयोजन का उद्घाटन मंगलवार को संभाग आयुक्त श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। गांधी स्टेडियम में आयोजित संभाग स्तरीय ओलंपिक में दीप प्रज्वलन कर संभाग आयुक्त श्रीमती शिखा ने प्रतियोगिता की शुरुआत की।

छत्तीसगढ़ के पहले तिहार हरेली तिहार के दिन से पहले चरण राजीव युवा मितान क्लब स्तर से शुरू हुई प्रतियोगिता जिला स्तर तक खेली जा चुकी है, जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अब यह प्रतियोगिता पांचवे चरण संभाग स्तर पर पहुंच गई है, तीन दिवसीय संभाग स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में जिले स्तर पर विजेता खिलाड़ियों का मुकाबला शुरू हो चुका है। इसके बाद सम्भाग स्तर पर विजेता खिलाड़ी छठवें और आखरी चरण राज्य स्तर पर हिस्सा लेंगे।

सरगुजा संभाग आयुक्त श्रीमती शिखा ने इस अवसर पर कहा कि आज यहां मौजूद खिलाड़ियों को देखकर बचपन की याद आती है। जिन पारंपरिक खेलों को लगभग भुला दिया गया था, आज उन्हें शासन द्वारा अनोखी पहल के रूप में पुनर्जीवित किया जा रहा है। सभी खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग का नाम रोशन करें।रस्साकशी, फुगड़ी, बिल्लस जैसे खेलों को हम सभी ने बचपन में खेला है। संभाग आयुक्त ने लोक खेलों को पुनः प्रचलन में लाने के इस अद्भुत विजन के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को बहुत बहुत धन्यवाद प्रेषित किया और सभी खिलाड़ियों को बेहतर खेल खेलने के लिए शुभकामनाएं दीं।

■ **मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अद्भुत विजन से लोक खेल फिर आए प्रचलन में**

तेलघानी बोर्ड सदस्य श्री लक्ष्मी गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में शुरू किए गए इस अद्भुत खेल प्रतियोगिता में हर आयु वर्ग के लोगों को भाग लेने का मौका मिल रहा है। खेल भावना के साथ इस प्रतियोगिता में भाग लें। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बेहतर खेलने बधाई प्रेषित की।

सुदूर क्षेत्रों से महिलाओं को मिल रहा मौका नई पहचान बनाने का - कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरगुजा संभाग के सभी जिलों के दूरस्थ क्षेत्रों से खिलाड़ी यहां आए हैं। पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए इस ओलंपिक के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद। मोबाइल युग में छत्तीसगढ़ शासन ने खिलाड़ियों को ऐसा प्लेटफार्म दिया जिससे लोगों के शारीरिक और मानसिक मजबूती की संकल्पना साकार हो रही है। आज यहां आए खिलाड़ियों में महिला और पुरुषों की संख्या लगभग बराबर है, यहां तक कि सूदूर क्षेत्रों तक से महिलाएं यहां आई हैं। हर आयु वर्ग के लोग इस ओलंपिक में शामिल हो रहे हैं।

# शहर में डेंगू का कहर, कलेक्टर ने संभाली कमान

**रायगढ़** 20 सितंबर (देशबन्धु)। रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र में फैले डेंगू को लेकर जिला कलेक्टर तारन सिन्हा ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए निगम तथा महिला बाल विकास के अधिकारी कर्मचारियों की छुट्टियों को निरस्त करते हुए सफाई मामले में भी नगर निगम को आडे हाथ लिया है। इतना ही नही उन्होंने निगम की सफाई ठेका कंपनी सबीना कंस्ट्रक्शन को भी ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिये हैं। एक लंबे अर्से से केवल कागजों में ही सफाई अभियान चल रहा था जिसका नतीजा यह हुआ है इस घोर लापरवाही के चलते नगर निगम के कई वार्ड में रहने वाले नागरिक डेंगू की चपेट में आ गए हैं और ऐसी जानकारी मिल रही है कि डेंगू के कारण दो लोगों की मौत हो गई है। हालांकि इसकी पुष्टि विभागीय स्तर पर नही हुई है लेकिन सोशल मीडिया में यह बात जमकर फैल गई है। वहीं दूसरी ओर अकेले जिला कलेक्टर तारन सिन्हा ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए एक के बाद एक कई कदम उठाते हुए प्रशासनिक कसावट लाने की पूरजोर कोशिश की है तो भाजपा व कांग्रेस के नेता के अलावा अन्य पदाधिकारी घरों में दुबके हुए हैं। इस घातक बीमारी को फैलने से रोकने के लिये जनप्रतिनिधियों चुप्पी कई सवाल को खड़े कर रही है।

जानकार सूत्र बताते हैं रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को लेकर जिला कलेक्टर तारन सिन्हा खुद सड़क पर उतरकर पूरे अभियान का जायजा लिया और कचरे के ढेर में तब्दील शहर की साफ-सफाई व्यवस्था पर निगम आयुक्त सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों को आड़े हाथों लिया। इतना ही नही लगातार चल रही हड़ताल को भी खत्म कराते हुए शहर वासियों के लिये साफ-सुथरा माहौल देने की कोशिश की। अब सफाई व्यवस्था को लेकर बरसो से काबिज सबीना कंस्ट्रक्शन कंपनी पर भी गाज गिराई है।

# संभाग स्तरीय फायर ड्रिल प्रतियोगिता संपन्न, संभागायुक्त व आईजी ने जवानों को सौंपे प्रशस्तिपत्र



**6 जिले से एसडीआरएफ एवं नगर सेना के जवान हुए शामिल**

**अम्बिकापुर** 20 सितंबर (देशबन्धु)। एसडीआरएफ एवं नगर सेना सरगुजा रेंज द्वारा बुधवार को पीजी कॉलेज ग्राउंड अम्बिकापुर में अग्नि सुरक्षा जागरूकता और अग्नि अभ्यास प्रतियोगिता आयोजित की गई। सरगुजा में पहली बार संभाग स्तरीय अग्नि अभ्यास प्रतियोगिता में संभाग के सभी 6 जिलों के साथ दरिमा एयरपोर्ट की एसडीआरएफ की टीम भी शामिल हुई। अग्नि अभ्यास प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि संभागायुक्त श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी एवं सरगुजा रेंज आईजी श्री अंकित गर्ग रहे।

इस कार्यक्रम में तीन तरह के अग्नि अभ्यास की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें पहला बीए सेट, जिसमें आगजनी के मामले में एसडीआरएफ के जवान ऑक्सीजन के साथ आग लगे स्थान पर जाकर लोगों को बचाते हैं, इसमें कम समय में ऑक्सीजन सेट की सेटिंग कर घटना स्थल पर जाना होता है।

दूसरी ड्रिल होती है, लेडर ड्रील, इसमें सीढ़ी की मदद से घटना स्थल पर पहुंच कर रेस्क्यू किया जाता है और तीसरा फायर ट्रेंडर ड्रील, इसमें आग बुझाने वाले वाहन के माध्यम से घटना स्थल में आग को पानी द्वारा बुझाया जाता है। इस अग्नि अभ्यास प्रतियोगिता में सबसे कम समय लेने वाली सूरजपुर की नगरसेना टीम थी। प्रतियोगिता में शामिल सभी जिलों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

संभागायुक्त श्रीमती शिखा राजपूत ने जवानों के सराहनीय कार्य की तारीफ करते हुए कहा कि संभाग में पहली बार ऐसा अग्नि अभ्यास प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, किसी विपदा में लोगों की जान बचाने का काम काफी कठिन होता है, कर्तव्य को निभाने के लिए निष्ठा, एकाग्रता और लगन की आवश्यक है। यदि हर व्यक्ति अपने कार्य को पूरी निष्ठा से करेंगे तो उन्हें सफलता अवश्य मिलती है, उन्होंने इस सफल अग्नि अभ्यास प्रतियोगिता में शामिल जवानों को बधाई दी और ऐसा अभ्यास हर तीन महीने में करने को कहा जिससे जवानों का हौसला बढ़ता रहे।

आईजी श्री अंकित गर्ग ने भी इस अवसर पर जवानों की हौसला अफजाई की और अपने कर्तव्यों के बेहतर निर्वहन पर शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर श्री अभिषेक सिंह, रायपुर से तकनीकी अग्निशमन अधिकारी सरवर खान, संभागीय एसडीआरएफ एवं नगर सेना प्रमुख श्री राजेश पाण्डेय, सरगुजा प्रभारी श्री शिव कुमार कठौतिया, सूरजपुर प्रभारी श्री संजय गुप्ता, जशपुर प्रभारी श्री विपिन लकड़ा, एयरपोर्ट डायरेक्टर श्री सुशील श्रीवास्तव, श्री जाकिर खान, श्री वीर सिंह कुंजाम मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### लूट की झूठी कहानी बताकर मालिक को गुमराह करने वाला नौकर गिरफ्तार

**जांजगीर,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक एम. आर. आहिरे द्वारा जिले में हो रहे चोरी/ लूट की घटनाओं की रोकथाम के लिए कही निर्देश दिये गये हैं। प्रार्थी विक्रम अग्रवाल के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसके यहाँ काम करने वाले चन्द्रप्रकाश सिदार ग्राम कुसुमार का रहने वाला जो धरमकोटा में काम करता था जो आज दिनांक 20.09.2023 को कवली इण्डेन गैस एजेंसी का बिकी पैसा लाने के लिए भेजा था जो 10ः30 बजे किसी दूसरे के मोबाईलने से मुझे फोन करके बताया कि ला रहे पैसा को पुटीडीह नाला पार करने के बाद कुछ दूर में दो बाईक वाले मास्क धारण किये हुए थे जो पिस्टल दिखाकर 197000 रू. तथा मोबाईल मोटर सायकल की चाबी को छिन लिये है कि सूचना तस्दीक करने एवं घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन करने तथा प्रार्थी से हिकमत अमली एवं मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर उक्त रकम को गैस एजेन्सी के नौकर द्वारा उमरा लेकर आते समय स्वयं के द्वारा खरीदी हुई बाईक का किश्त अदा करने हेतु उक्त रकम को खेत में ग्राम कोटमी के पास छिपाकर रख देना तथा स्वयं के द्वारा चोरी करना । मोबाईल एवं बॉबी को धान के खेत में फेंकना बताया । प्रार्थी विक्रम अग्रवाल निवासी हमस की रिपोर्ट पर अपराध के 314/ 23 धारा 381 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था । नगदी रकम गैस एजेन्सी के नौकर चन्द्रप्रकाश सिदार ग्राम कुसुमशर के निशानदेही पर बरामद कर ली गई है । मोबाईल एवं मोटर सायकल बॉबी अंधेरा होने के कारण बरामद नहीं हुई है प्रयास किया जा रहा है विवेचना जारी उक्त कार्यवाही में निरीक्षक नरेन्द्र यादव, निरीक्षक अमित सिंह (सायबर) व उनके स्टॉप, सउनि एस.एन. मिश्रा. नायागौटिया जोशिला, प्र.आर. प्रेम राठौर, आक शिव यादव, लक्ष्मीनारायण पटेल, दिपेन्द्र मधुकर घनश्याम पाण्डेय जोगेश सीर का योगदान रहा।

### श्री राम वन गमन पथ पदयात्रा कर रहे मनोज चतुर्वेदी पहुंचे बाराद्वार



**सक्ती** 20 सितंबर (देशबन्धु)। मनेंद्रगढ़ खोंगापानी निवासी मनोज चतुर्वेदी श्री राम वन गमन पथ पदयात्रा पर निकले हुए हैं अपनी यात्रा को प्रारंभ उन्होंने सीतामढ़ी हर चौंका से करते हुए दण्डकारण्य क्षेत्र होते हुए उदयपुर से मातृंगा (सरगुजा), मातृंगा से धर्मजयगढ़ (रायगढ़), धर्मजयगढ़ से कूदेकला (रायगढ़), कूदेकला से शक्ति पदयात्रा करते हुए बाराद्वार नगर पहुंचे जहां नगर के महेश शर्मा की अगुवाई में जैजैपुर चौक में माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया उसके पश्चात वहां उपस्थित नगरवासियों के साथ उन्होंने राम नाम का जयकारा एवं राम धुनी करते हुए नगर भ्रमण करते हुए हनुमान मंदिर में माथा टेकने के पश्चात अन्नपूर्णा मंदिर पहुंचे जहां पर बड़ी संख्या में नगरवासियों ने उनका पुष्प हार से स्वागत किया मंदिर में पूजा करने के बाद मनोज चतुर्वेदी ने अपने यात्रा वृत्तांत बताया साथ ही किस प्रकार उनके मन में यह विचार आया कि श्री राम वन गमन पथ पदयात्रा उन्हें करना है उसकी जानकारी साझा किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम माता सीता और भैया लक्ष्मण बाराद्वार के रास्ते होते हुए शिवरीनारायण तक पहुंचे थे यह बहुत ही पवित्र भूमि है पदयात्रा कर शक्ति से बाराद्वार पहुंचने तथा लगातार पदयात्रा करने के बाद भी उनमें एक अद्भुत ऊर्जा दिख रही थी जिसकी प्रशंसा पूरे नगरवासी कर रहे हैं। इसके बाद उन्होंने अपनी पदयात्रा पुन: प्रारंभ की तथा सारागांव होते हुए बम्हनीडीह के लिए प्रस्थान किया। बाराद्वार से सारागांव तक की यात्रा में नगर के युवा व्यवसायी जितेश शर्मा अन्नपूर्णा ने भी उनके साथ पदयात्रा किया।इस अवसर पर दिनेश शर्मा,मोहन तोदी,जितेश शर्मा,मोनू शर्मा,आयुष शर्मा, भीमशंकर जोशी,सतीश जिंदल,कमलेश चंद्र शास्त्री,अजय सिंह राजपूत,डिंपू शर्मा, विजय चंद्रा, रमेश सिंधानिया, भगवान दास वैष्णव,धनश्याम जिंदल, अनिल शर्मा, श्याम सुन्दर शर्मा,ओमप्रकाश कलानोरिया, ओमप्रकाश अग्रवाल सहित नगरवासी उपस्थित थे।

### ज्ञानदीप में राष्ट्रीय सेवा योजना का अभिमुखीकरण कार्यक्रम

जांजगीर, 20 सितम्बर (देशबन्धु)। ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में राष्ट्रीय सेवा योजना का अभिमुखीकरण कार्यक्रम ज्ञानदीप विद्यालय परिसर में रखा गया । जिसके मुख्य अतिथि दीपक यादव व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़वा (चांपा) रहे । विशेष अतिथि डा. अखिलेश कटकवार प्राचार्य ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर एवं एल.एस. गौतम सर व्याख्याता ज्ञानदीप विद्यालय रहे।

कार्यक्रम में ज्ञान दीप विद्यालय की 100 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन रंजीत डहरिया द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि दीपक यादव द्वारा एनएसएस की स्थापना,उद्देश्य, तथा इतिहास के बारे में विस्तारपूर्वक छात्रों को बताया गया । प्राचार्य डॉ अखिलेश कटकवार एवं गौतम सर द्वारा भी छात्रों को एनएसएस के लाभ एवं उद्देश्यों के बारे में बताया गया । साथ ही गीत गाए गए एवं नारे लगाकर छात्रों का उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी रंजीत डहरिया द्वारा एनएसएस के आगामी कार्यक्रम, कैंप आदि की जानकारी दी गई। छात्रों द्वारा भी अपने पूर्व कैंप का अनुभव क्या खोया क्या पाया एवं क्या सीखा पर प्रकाश डाला गया। सभी छात्रों द्वारा शाला परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई ।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान का हुआ शुभारंभ

**चांपा**, 20 सितम्बर (देशबन्धु)। वार्ड नं. 13 घोघरानाला में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत शासकीय उचित मूल्य राशन की दुकान का उद्घाटन पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील साधवानी तथा पार्षद अनिल रात्रे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। घोघरानाला वार्ड वासियों को 2 किलोमीटर दूर जाकर राशन लेना पड़ता था, पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन के प्रयास से उचित मूल्य की दुकान खुलने पर वार्ड वासियों में हर्ष व्याप्त है। सभी ने पूर्व विधायक देवांगन के प्रति आभार व्यक्त किया है। उचित मूल्य दुकान के माध्यम से लगभग 710 हितग्राहियों को खाद्य राशन की सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर मुख्य रुप से अंशुमन दुबे, संतोषी रात्रे, अश्वनी रात्रे, सियाराम रात्रे, जितेन्द्र रात्रे, रामरतन साहू, राजा मिरी व भारी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

# संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जांजगीर**, 20 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल गतिविधियों को ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने, प्रतिभागियों को मंच प्रदान करने व उनमें खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023-24 का आयोजन किया जा रहा हैं। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग में प्रतिभागी भाग ले रहें हैं जिसमें 18 वर्ष तक, 18 से 40 वर्ष, 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ी शामिल हैं।



इसी तारतम्य में संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का 19 से 21 सितंबर बहतरई स्टेडियम बिलासपुर में आयोजन हो रहा है। इसमें जांजगीर चांपा जिला के अलावा बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, मुंगेली, गौरेला पेंड्रा मरवाही, सक्ती, और सारंगढ़ के चयनित खिलाड़ी भाग ले रहे है। संभाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी राज्य स्तर पर होने वाले छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के अंतिम चरण पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिले में राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर खेलों की शुरुआत के बाद जोन स्तर, विकासखंड स्तर और जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए है।

जिला खेल अधिकारी प्रमोद बैस ने बताया की पुरुष वर्ग में जांजगीर-चांपा जिला का पूरे संभाग स्तर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों में 100 मीटरदौड़ 0 से 18 आयु वर्ग में प्रथम स्थान अजीत बघेल, 18 से 40 वर्ग प्रथम स्थान में करन साण्डे, 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में तृतीय स्थान राकेश कुमार धीवर, लगडी दौड 18 से 40 आयु वर्ग में द्वितीय स्थान गोपेश्वर मरकाम, लक्ष्मी मरावी, 40 से अधिक आयु वर्ग में प्रथम स्थान टेकराम बरेठ, विनोद बरेठ, गिल्ली डंडा 0 से 18 आयु वर्ग में प्रथम स्थान साहिल, शशाक, चंद्रिका, हरीश, आशीष, 18 से 40 आयु वर्ग में प्रथम स्थान करन, अभिषेक, मुकेश, अमन, सनद, 40 से अधिक आयु वर्ग में प्रथम स्थान गौरीशंकर, गौरेलाल, हरी, पंचराम रामायण, गेडीदौड 18 से 40 आयु वर्ग में प्रथम स्थान कुलदीप कश्यप, पिट्ठूल 18 से 40 आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्रताप, अभिषेक, नत्थूलाल, संख्ली 0 से 18 आयु वर्ग में तृतीय स्थान में चंद्रिका प्रसाद, परमजीत, शशांक, चंद्रहास, आशीष बागीष, साहिल, 18 से 40 आयु वर्ग में प्रथम स्थान में संदीप, अमरनाथ, यसवंत कौशल, कुलदीप, शीतल, रोहन, 18 से 40 आयु वर्ग में प्रथम स्थान संदीप, अमरनाथ, यसवंत, कौशल, कुलदीप, सीतल, रोहन, बांटी में 40 से अधिक द्वितीय आयु वर्ग में स्थान द्वितीय में रामसिहं मवार, रामकुमार, रामचरन, रमेश, बिल्लस 18 से 40 आयु वर्ग में द्वितीय स्थान में रामशंकर, फुगडी 0 से 18 आयु वर्ग में तृतीय स्थान में आकाश कैवर्त्य, 18 से 40 आयु वर्ग में द्वितीय स्थान विकास कुमार, लम्बीकूद 18 से 40 आयु वर्ग में द्वितीय स्थान देवा, कबड्डी 18 से 40 आयु वर्ग में तृतीय स्थान छवीसिंह, श्यामगोपाल, पुष्पेन्द्र, जितेन्द्र, रवीसिंह, प्रशात सागर, योगेश्वर साहू अमरनाथ वरेठ, अनुशुमन मन्नेवार, लक्ष्मीनारायण बरेठ, कुश्ती 0 से 18 आयु वर्ग में प्रथम स्थान 50 के.जी. कुणाल सारथी, द्वितीय में 60 के.जी. अनिकेत धुरू, द्वितीय स्थान 80 के. जी से अधिक, अनुराग ठाकुर, 18 से 40 आयु वर्ग में प्रथम स्थान 50 केजी सुमित खांडेकर, तृतीय स्थान में 60 के.जी. अतुल देवांगन, तृतीय स्थान यादव तृतीय, 80 के.जी. में रमेश केवट, 70 के.जी. में राकेश, 40 से अधिक आयु वर्ग में द्वितीय स्थान में 50 के.जी. रामेश्वर, द्वितीय श्यामसुन्दर मौवार, द्वितीय स्थान 80 के.जी. से अधिक प्रीतम सिंह, में 60 के.जी. राजेन्द्र यादव तृतीय स्थान में 70 के.जी. में श्याम सुंदर मवार, 80 के.जी.से अधिक में प्रीतम सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# पांच आरोपियों को गांजा के साथ किया गिरफ्तार

### 2 किलो 733 ग्राम मादक पदार्थ बरामद

**जांजगीर**, 20 सितम्बर (देशबन्धु)। जांजगीर चाम्पा जिले में पांच आरोपियों को मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने मादक पदार्थ गांजा कुल 2 किलो 733 ग्राम, कीमती 19900 रुपया बरामद किया है। आरोपियों के विरूद्ध धारा 20 बी, एनडीपीएस के तहत कार्यवाही किया गया।



अवैध पदार्थ गांजा बिक्री करने वालों के विरूद्ध जिला पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। मुखबीर से सूचना मिला कि थाना शिवरीनारायण, थाना नवागढ़, जांजगीर क्षेत्र में गांजा बिक्री किया जाता है,सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया, आरोपी बलराम सिंह उम्र 39 साल निवासी ग्राम कचन्दा थाना शिवरीनारायण के कब्जे से 258 ग्राम मादक पदार्थ गांजा किमती 3100 रुपया एवं राजू यादव उम्र 52 साल निवासी वार्ड 25 केरा रोड जांजगीर के कब्जे से 1.025 कि. ग्राम मादक पदार्थ गांजा किमती 6100 रूपया ,राजा राठौर उम्र 24 साल निवासी खोखरा थाना जांजगीर के कब्जे से 01 किलो मादक पदार्थ गांजा किमती 6000 रुपया, विष्णुदास वैष्णव उम्र 62 साल निवासी सेमरा थाना नवागढ़ के कब्जे से 100 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 1200 रुपया, जयराम कश्यप उम्र 27 साल निवासी हीरागढ़ टुरी थाना नवागढ़ के कब्जे से 350 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 3500 रुपया इस प्रकार कुल मादक पदार्थ गांजा 2 किलो 733 ग्राम, कीमती 19900 रुपया बरामद किया।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक तुल सिंह पट्टावी, उपनिरी भवानी सिंह चौहान, सउनि बलवंत घृतलहरे, भुवनेश्वर राठौर, प्रआर छगन साहू, किशोर कुमार दीवान, सायबर सेल टीम जांजगीर का योगदान रहा।

### महिला आयोग की सुनवाई 27 को

**जांजगीर**, 20 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक आगामी 27 सितम्बर को जिले में महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई करेंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त तिथि को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रात: 11 बजे से अध्यक्ष डॉ. नायक द्वारा प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी।

### स्वेच्छानुदान मद से 2 लाख रुपये की सहायता

**जांजगीर**, 20 सितम्बर (देशबन्धु)। चालू वित्तीय वर्ष में 03 मंत्रियों के स्वेच्छानुदान मद से जिले के 08 हितग्राहियों को 02 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जानकारी के अनुसार भूपेश बघेल मुख्यमंत्री ने 05 हितग्राहियों को 01 लाख 70 हजार रुपये, गुरू रूद्र कुमार मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग ने 02 हितग्राहियों को 20 हजार रुपये एवं मोहम्मद अकबर मंत्री परिवहन आवास एवं पर्यावरण, वन, विधि एवं विधायी कार्य ने 01 हितग्राही को 10 हजार रुपये अपने स्वेच्छानुदान मद से सहायता राशि स्वीकृत की है।

# सूर्यांश ग्रामीण महा भ्रमण अभियान 24 को

### जांजगीर, कोरबा व सक्ती जिलों के 150 से अधिक ग्रामों में करेंगे शिक्षा महासभा एवं कैरियर मार्गदर्शन

**जांजगीर**, 20 सितम्बर (देशबन्धु)। सूर्यांश शिक्षा उत्थान समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी सूर्यांश ग्रामीण भ्रमण एहसास एवं जनजागरूकता महारैली अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ 24 सितंबर को होगा जिसमें भ्रमण दलों द्वारा जांजगीर, कोरबा और सक्ती के जिले 150 से अधिक ग्रामों में शिक्षा सभा, कैरियर मार्गदर्शन, प्रतिभा खोज, नि:शुल्क कोचिंग हेतु अभ्यर्थी चयन एवं उत्कृष्ट नागरिक सेवा सम्मान सभा का आयोजन करते हुए शैक्षणिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास के मुद्दों पर चर्चा-परिचर्चा करेंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए प्रो. गोवर्धन सूर्यवंशी ने बताया कि ग्रामीण भ्रमण के इस कार्यक्रम में दल के सदस्यों के द्वारा 24, 25 एवं 26 दिसंबर 2023 को सिवनी (नैला) में आयोजित सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव में ग्रामीण प्रतिभावान छात्र छात्राओं का चिन्हांकन कर राज्य में होने वाली विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का चिन्हांकन कर पुरस्कृत करने हेतु पंजीकरण किया जाएगा जिसमें




नागरिक सम्मानों के साथ उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान, सामाजिक चेतना सम्मान, आदर्श माता-पिता सम्मान एवं प्रेरणा सम्मान प्रमुख है।

### परिवर्तन यात्रा, पामगढ़ के ग्राम कुटराबोड़ में 25 को आमसभा

**जांजगीर**, 20 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला भाजपा परिवर्तन यात्रा 25 सितम्बर के दिवस प्रभारी एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष विवेका गोपाल ने पामगढ़ विधान सभा के ग्राम कुटराबोड़ में परिवर्तन यात्रा आमसभा के बारे में पामगढ़ विधान सभा के वरिष्ठ नेताओं के साथ स्थल निरिक्षण कर बैठक किया। परिवर्तन यात्रा के प्रभारी विवेका गोपाल ने बताया कि परिवर्तन यात्रा 25 सितम्बर को खोखरा, कुटरा, कुथुर होते हुये ग्राम कुटराबोड़ में सुबह 11:15 बजे पहुंचेंगी जहां आमसभा होगी। आमसभा में विषेश रूप से केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये कार्य विस्तार योजना मार्ग, सभा स्थल, साज-सज्जा पर चर्चा की गई। यात्रा प्रभारी विवेका गोपाल ने कहा कि पामगढ़ के कुटराबोड़ में आयोजित सभा ऐतिहासिक होगा। आज के इस महत्वपूर्ण काम-काजी बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, पूर्व सांसद कमला देवी पाटले, पूर्व विधायक अम्बेष जांगड़े, शिवरीनारायण मण्डल अध्यक्ष संजीव बंजारे, मुलमुला मण्डल अध्यक्ष उद्यालिक साहू , पामगढ़ मण्डल अध्यक्ष ब्यास वर्मा, जिला मंत्री षेशषंकर तिवारी, विधान सभा प्रभारी पंकज तिवारी, विधान सभा विस्तारक पंच राम यादव जी, महामंत्री सम्मेलाल, पूर्व उपाध्यक्ष न.पं. षिवरीनारायण राहुल थवाईत, सतीष षर्मा सहित कार्यकर्ता एवं नेतागण इस महत्वपूर्ण बैठक में उपस्थित हुए।



# जाज्वल्यदेव कन्या महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**जांजगीर**, 20 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री चौधरी के निर्देशन में जांजगीर परियोजना अंतर्गत शासकीय जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय जांजगीर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता एवं मतदान के महत्व के बारे में आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से तीज लायंस क्लब जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, महिला पुलिस के बीच जनसहयोग से मिलन समारोह, महिला मतदाता जागरूकता समारोह का आयोजन एवं समाज के लिये उत्कृष्ट कार्य करने वाली जागरूक महिलाओं का सम्मान एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बताया गया जांजगीर परियोजना अंतर्गत जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय जांजगीर मे स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा, कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप शुक्ला, प्राध्यापक एवं स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. हरप्रीत कौर, परियोजना अधिकारी विकास सिंह, विप्लव संस्था से दीपक यादव, सखी वन स्टॉप सेंटर प्रभारी निशा खान उपस्थित रहे। जिला कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा स्वीप कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाता जागरूकता, नवीन मतदाताओं का वोटर आईडी कार्ड बनाने एवं मतदान मे अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने और शत् प्रतिशत् मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के द्वारा स्वीप संबंधी जागरूकता के अतिरिक्त अभिव्यक्ति एप के बारे मे जानकारी दी गयी। सभी बालिकाओं से अभिव्यक्ति एप उनके मोबाईल फोन पर डाउनलोड कराया गया तथा उपयोग करने संबंधी दिशा निर्देश दिया गया। प्राचार्य द्वारा बालिकाओं को आयोजित कार्यक्रम मे अधिक से अधिक सहभागिता निभाते हुए अपने व सामाजिक जीवन मे प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। एनएसएस प्रभारी एवं स्वीप प्रभारी द्वारा बालिकाओं को अभिव्यक्ति एप, अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने, व्यक्तिगत सुरक्षा के संबंध मे जानकारी दी गई। विप्लव संस्था से आये अतिथि द्वारा बताया गया कि उनकी संस्था द्वारा भी सभी सामाजिक क्षेत्र मे इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर जनजागरूकता के साथ स्वीप का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सखी वन स्टॉप सेंटर प्रभारी द्वारा बताया गया कि सखी वन स्टॉप सेंटर का कार्यालय जांजगीर मे जिला पंचायत के सामने है जहां महिलाओं को आवश्यकतानुसार मानसिक, शारीरिक, स्वास्थ्य गत, विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है एवं कार्यालय 24 घंटे संचालित होता है।

# शराब बंदी करना छोड़ सरकार ने किया बड़ा घोटाला- भाजपा

**सारंगढ** 20 सितंबर (देशबन्धु)। आज भाजपा के जूनाडीह स्थित जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा ने प्रदेश स्तरीय आरोप पत्र के बारे बताते हुए कहा कि कांग्रेस ने घोषणा पत्र मे गंगाजल की कसम खाकर शराबबंदी करने का वादा करने के बाद भी अब तक शराबबंदी की कोई पहल नहीं किया है जबकि हजारों करोड़ का शराब घोटाला जरूर कर दिया है वहीं चुनाव के नजदीक आते ही बेरोजगारों बेरोजगारी भत्ता का दुस्वप्न दिखाया है, जिसके नियम इतने सख्त हैं कि कई बेरोजगार इसकी पात्रता में नहीं हैं। छत्तीसगढ़ की सडकों का बूरा हाल है और केवल प्रधानमंत्री सडक का निर्माण ही ठीक से हो रहा है।



प्रदेश में नक्सलियों को ना सिर्फ बढ़ावा दिया, बल्कि उनका इस्तेमाल कर भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या कटवाई र राजीव शुक्ला, रंजीत रंजन और के टी एस तुलसी जैसे बाहरी लोगों को बनाया छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद बनाकर छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान का अपमान किया गया। भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम में घूम-घूम कर मुख्यमंत्री ने 1.28 लाख करोड़ के झूठे वादे किये और अधिकतर काम नहीं हुआ। बिजली बिल हाफ करने का किया था वादा पर असल मे कांग्रेस ने वीसीए शुल्क बढ़ाकर बिजली का बिल किया दोगुना बिजली सरप्लस राज्य में किया अंधेरा, संपत्ति कर आधा करने का वादा तोड़, कच्चे घटों से भी वसूला कर,हर घर शुद्ध जल देने का वादा किया, लेकिन लगभगआधे घरों में आज तक शुद्ध पेय जल नहीं पहुंचा 7ठप हुई राज्य की शिक्षा व्यवस्था, प्रदेश में एक लाख से. अधिक शिक्षकों के पद खाली, बच्चे विरोध प्रदर्शन और सीएम निवास घेराव करने को मजबूर। मुफ्त सार्वजनिक परिवहन का वादा तोड़ा, छात्र-छात्राओं को अधर में छोड़ा कई बार घोषणा की. पर कभी क्रियान्वयन नहीं किया। वेतन वृद्धि, क्रमोन्नति और नियमितीकरण का वादा तोड़ हजारों शिक्षकों को छला। अपने भ्रष्टाचार के खेल में व्यस्त कांग्रेस सरकार, प्रदेश के असल खिलाड़ियों से किये वादे भूल गई और प्रदेश को गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ी आज नौकरी के लिए तरस रहे हो इस निर्दयी सरकार के शासन में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में हुई 39,267 गोदें सूनी, राज्य की आंगनवाड़ियों में 7,000 से अधिक रिक्त पद न भरकर बच्चों की सेहत से किया खिलवाड़, नियमितीकरण का वादा तोड़, 145 से अधिक ज़ कर्मचारी संगठनों को हड़ताल पर जाने को मजबूर किया ।22,000 स्व-सहायता समूह की महिलाओं से उनकी रोज़ी-रोटी, उनका काम, छीन कर प्राइवेट कंपनी को दे दिया।

सारंगढ में रेल लाइन के बारे में प्रश्न करने पर भाजपाईयों ने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार जुमलेबाज नहीं है और पूर्व स्वीकृत रेल लाईन को बजट में रखा जा रहा है तथा भू अर्जन के लिए टोकन एमाऊंट जारी किया जा चूका है परन्तु राज्य सरकार द्वारा जानबूझकर इसमें रूचि नहीं लेने के कारण इसके भू अर्जन का काम अब तक शुरू नहीं होने के कारण यह रेल लाइन अटका पडा है।इसी प्रकार जजर्र सडकों के बारे में पूछे जाने पर भाजपाईयों ने इसको राज्य सरकार की लापरवाही बताया है।

इस प्रेस वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष सुभाष जालान आईटी सेल जिला प्रभारी अरविंद हरिप्रिया अजा मोर्चा के जिला महामंत्री वेदराम जांगडे प्रदेश मंत्री हरिनाथ खुंटे नगर मण्डल अध्यक्ष मनोज जायसवाल मीडिया प्रभारी मयूरेश केशरवानी व अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति थे।

देश

उवाच "हमें किसी भी विधेयक से कोई नुकसान नहीं है। हमें नुकसान केवल इसलिए हुआ है क्योंकि प्रशासन जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने से डरता है। वे यहां पर बेताज बादशाहों की तरह बैठे हुए हैं। हम उन लोगों से डरे हुए हैं जो यहां चुनाव कराने से भाग रहे हैं।

-उमर अब्दुल्ला, नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36° | 27° |
| मुंबई | 28° | 27° |
| कोलकाता | 28° | 27° |
| चेन्नई | 36° | 27° |

# नारी शक्ति वंदन बिल आधा-अधूरा : अखिलेश

## महिला आरक्षण बिल के मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। संसद के विशेष सत्र के तीसरे दिन लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक पर विपक्ष व सत्तापक्ष ने अपनी राय रखी। इस कड़ी में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी पर सवाल उठाते हुए इसे आधा-अधूरा विधेयक करार दिया। उन्होंने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर लिखा, नई संसद के पहले दिन ही भाजपा सरकार ने 'महाझूठ' से अपनी पारी शुरू की है। जब जनगणना और परिसीमन के बिना महिला आरक्षण बिल लागू हो ही नहीं सकता, जिसमें कई साल लग जाएंगे, तो भाजपा सरकार को इस आपाधापी में महिलाओं से झूठ बोलने की क्या जरूरत थी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार न जनगणना के पक्ष में है न जातिगत गणना के, इनके बिना तो महिला आरक्षण संभव ही नहीं है। ये आधा-अधूरा विधेयक 'महिला आरक्षण' जैसे गंभीर विषय का उपहास है, इसका जवाब महिलाएं आगामी चुनावों में भाजपा के विरुद्ध वोट डालकर देंगी।

**आगामी चुनावों में भाजपा के विरुद्ध वोट डालकर इसका जवाब देंगी महिलाएं**



**जब जनगणना व परिसीमन के बिना महिला आरक्षण बिल लागू हो ही नहीं सकता तो भाजपा को इस आपाधापी में महिलाओं से झूठ बोलने की क्या जरूरत थी : अखिलेश यादव**

### महिला आरक्षण बिल सरकार का एक और जुमला : जदयू

जनता दल यू के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने विधेयक का समर्थन किया लेकिन कहा कि आम चुनाव से छह महीने पहले लाया गया नारी शक्ति वंदन विधेयक, 2023 मोदी सरकार का एक और जुमला है। उन्होंने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि विशेष सत्र बुलाकर पेश किए गए इस विधेयक में यह नहीं पता है कि निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन कब होगा और यह विधेयक कब लागू होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का गरीबों, पिछड़ों, अति पिछड़ों के कल्याण में कोई विश्वास नहीं है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों के वक्त जो वादे जनता से किए थे, वे सब जुमले साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ने प्रतिवर्ष दो करोड़ रोजगार देने और विदेशों से काला धन लाकर गरीबों में वितरित करने के वायदे किए थे, जो पूरे नहीं हुए।

उन्होंने कहा कि जनता अब इस सरकार को अच्छी तरह समझ चुकी है और इसकी बातों में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण का विधेयक भी जुमला ही साबित होगा। विधेयक में प्रावधान है कि पहले जनगणना होगी, उसके बाद परिसीमन आयोग बनेगा और तब लोकसभा क्षेत्रों और विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन होगा, उसके बाद महिला आरक्षण लागू होगा। समाजवादी पार्टी की सदस्य डिंपल यादव ने बुधवार को लोकसभा में सरकार से आग्रह किया कि महिलाओं के लिए आरक्षण के प्रावधान वाले नारी शक्ति वंदन विधेयक' में अनुसूचित जाति और अनुसूसित जनजाति के साथ ही अन्य पिछड़े वर्गों तथा अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं के लिए अलग कोटा निर्धारित किया जाए। डिंपल ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने के प्रावधान वाले 'संविधान विधेयक, 2023' पर निचले सदन में चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन तलाक की बात की और ऐसे में उनसे उम्मीद की जाती है कि आरक्षण विधेयक में अल्पसंख्यक महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी से लोकसभा सदस्य डिंपल ने यह सवाल भी किया कि

## महिलाओं को वंदन की नहीं, सम्मान व समानता की जरूरत : कनिमोझी



**नई दिल्ली।** द्रविण मुनेत्र कषगम ने बुधवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर महिला आरक्षण विधेयक को राजनीतिक रंग देने की कोशिश करने का आरोप लगाया और कहा कि महिलाओं को पूजा और वंदन की जरूरत नहीं है, उसे समानता और सम्मान की जरूरत है। लोकसभा में 'संविधान (128वां संशोधन) विधेयक, 2023' पर चर्चा में भाग लेते हुए द्रमुक की सदस्य कनिमोझी ने इसका समर्थन किया और कहा, ''लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा ने इसे भी राजनीतिक रंग देने की कोशिश की। वर्ष 2024 के चुनावों को ध्यान में रखकर यह विधेयक लाया गया है। कनिमोझी ने विधेयक का समर्थन करते हुए कहा कि हमने सोचा था कि यह विधेयक हम सभी के एक-दूसरे का समर्थन करने और एक साथ खड़े होने से पारित हो जाएगा लेकिन दुर्भाग्य से भाजपा ने इसे भी राजनीति के अवसर के रूप में लिया है। महिला आरक्षण विधेयक भाजपा का चुनावी वादा है फिर भी, कई नेताओं को इस विधेयक को लाने और इसे पारित करने का आग्रह करना पड़ा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार परिसीमन के बाद इसे लागू करने की बात की जा रही है उससे उन्हें आशंका है कि दक्षिण भारत का प्रतिनिधित्व कहीं कम ना हो जाए।

## महिला आरक्षण बिल मौजूदा स्वरूप के लिए चुनावी हथकंडा : स्टालिन



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने महिला आरक्षण विधेयक को मौजूदा स्वरूप के लिए चुनावी हथकंडा करार देते हुए कहा कि 2029 में ही लागू होने वाली किसी चीज के लिए अभी विधेयक को अपनाना अजीब चाल है। इसके लिए समय सीमा की कोई गारंटी नहीं है। द्रमुक प्रमुख स्टालिन ने यह सुनिश्चित करने को लेकर भी जोर दिया कि क्या इसमें पिछड़े वर्गों की महिलाओं के लिए भी आरक्षण है। उन्होंने यह भी मांग की कि केंद्र तमिलनाडु और पूरे दक्षिण भारत के लोगों को आश्वस्त करे कि परिसीमन अभ्यास उन राज्यों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाएगा जो अपनी आबादी को नियंत्रित करने में कामयाब रहे हैं। उन्होंने कहा, परिसीमन तमिलनाडु और दक्षिण भारत के सिर पर लटकी तलवार की तरह है। दक्षिण भारत के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को कम करने की राजनीतिक साजिश को नाकाम किया जाना चाहिए। स्टालिन ने यहां एक बयान में जनगणना के आधार पर परिसीमन का जिक्र किया और कहा कि राजनीतिक रूप से सतर्क तमिलनाडु के साथ विश्वासघात करने के प्रयास को नाकाम किया जाना चाहिए। महिला विधेयक को चुनावी हार की आशंका से पहले शुरू किया गया हथकंडा करार देते हुए द्रमुक प्रमुख ने कहा कि जनगणना और परिसीमन नहीं हुआ है तो से पहले 2029 में लागू होने वाले इस विधेयक को अभी अपनाना अजीब चाल है, जिसके लिए इस बात की भी कोई गारंटी नहीं है कि यह कब होगा। स्टालिन ने जानना चाहा कि केंद्र ने महिला विधेयक को पारित कराने में उतनी दिलचस्पी क्यों नहीं दिखाई, जिस तरह से उसने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 फीसदी आरक्षण लाने के लिए विधेयक पारित किए। लोग भाजपा शासन को समझ गए हैं, जो पिछले नौ वर्षों से इस मामले पर उदासीन होने के बाद अब विधेयक लाकर उनकी आंखों में धूल झोंकने की कोशिश कर रही है, यह एक चुनावी हथकंडा है।

## संसद से

### अंतरिक्ष क्षेत्र की उपलब्धियों से भारत बना वैश्विक केंद्र : धनखड़

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की उपलब्धियों को असाधारण करार देते हुए जोर देकर कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र की उपलब्धियों ने भारत को विश्व का केंद्र बना दिया है। धनखड़ ने बुधवार को राज्यसभा में भारत की गौरवशाली अंतरिक्ष यात्रा चंद्रयान-3 के सफल सॉफ्ट लैंडिंग पर चर्चा शुरु होने से पूर्व अपने वक्तव्य में कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता ने भारत को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग कराने वाले देश के रूप में पहले स्थान पर स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों ने देश को वैश्विक केंद्र बना दिया है और उपलब्धि के साथ, भारत 225 तक चंद्रमा पर मानव को भेजने के लिए अमेरिकी नेतृत्व वाली बहुपक्षीय पहल, आर्टेमिस समझौते का सदस्य बन गया है।

### महिला बिल 224 के लिए है : सिब्बल

महिला आरक्षण बिल पर सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि परिसीमन के बिना क्या यह (भाजपा) बिल पारित कर देंगे। हम तैयार हैं। जनगणना और परिसीमन की बात तो आपने की है। हम तो पहले से ही तैयार हैं। हम हमेशा से ही इसके लिए तैयार थे, चाहे हम सत्ता पक्ष में हो या विपक्ष में ये इसे इसलिए लागू नहीं कर रहे क्योंकि इन्हें मालूम है कि इन्हें यह 229 में भी नहीं करना। यह तो 224 के लिए है।

### महिला आरक्षण बिल लाने का भाजपा ने नैतिक साहस दिखाया : दुबे

भारतीय जनता पार्टी के नेता निशिकांत दुबे ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर लोकतंत्र का गाला घोटने का आरोप लगाते हुए कहा कि महिलाओं अधिकार देकर सशक्त करने के लिए उनकी पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नैतिक साहस दिखाया है। संविधान (128 वां संशोधन) विधेयक 223 पर चर्चा की शुरुआत कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने की उसके बाद भाजपा के निशिकांत दुबे ने अपना पक्ष रखा। इससे पहले विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि मेघवाल ने कहा कि भारत की संविधान की प्रस्तावना में सामाजिक और आर्थिक न्याय का जिक्र है। अवसर की समानता का भी उल्लेख है। आज के इस विधेयक से महिलाओं की प्रतिष्ठा तो बढ़ेगी ही, अवसर की समानता भी बढ़ेगी। महिलाओं को प्रतिनिधित्व मिलेगा। दुबे ने कहा कि कांग्रेस और इनकी सहयोगी पार्टी आज तक यह विधेयक लेकर नहीं आए।

### महिला आरक्षण बिल देर से आया लेकिन दुरुस्त आया : शत्रुघ्न सिन्हा

महिला आरक्षण बिल पर टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि विपक्ष बिल्कुल साथ है। इस बिल के लिए सबसे पहले हमारी नेता ममता बनर्जी ने आवाज उठाई थी। यह बिल देर से आया है, लेकिन दुरुस्त आया है। इसमें पेंच बहुत हैं इसलिए बहुत अधिक समर्थन देते हुए भी कुछ लोग बहुत उत्साहित नहीं है और जिस तरह से हम चाह रहे थे उस तरह से भी नहीं आ रहा है।

### हमने महिलाओं को गिनने लायक बना दिया है : स्मृति ईरानी

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने महिला आरक्षण बिल पर लोकसभा में संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि हमने महिलाओं को गिनने लायक बना दिया है और अब समय आ गया है कि आप आगे आएं, और अपने शब्दों को केवल कागजों या भाषण तक ही सीमित न रखें, बल्कि कार्रवाई के साथ बोलें और नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन करें। उन्होंने कहा जब यह बिल लाया गया तो कुछ लोगों ने कहा कि यह हमारा बिल है। प्रस्तावित बिल के एक लेख में यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा था कि तीसरे आम चुनाव में एससी/एसटी की महिलाओं के लिए कोई सीट आरक्षित नहीं होगी, लेकिन इस सरकार द्वारा लाया गया बिल इस बिल के लागू होने के 15 साल बाद तक महिलाओं को आरक्षण की गारंटी देता है।

### चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत की सॉफ्ट लैंडिंग ऐतिहासिक क्षण : पीयूष गोयल

राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारतीय चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग विश्व इतिहास में ऐतिहासिक क्षण है जो सदियों तक की याद रहेगा। गोयल ने राज्यसभा में भारत की गौरवशाली अंतरिक्ष यात्रा चंद्रयान-3 के सफल सॉफ्ट लैंडिंग पर चर्चा आरंभ करते हुए कहा कि चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग न केवल देश का प्रत्येक व्यक्ति गौरव से भरा हुआ है बल्कि इसने जी-2 के दौरान आए विदेशियों को भी प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की सफलता यह साबित करती है कि भारत आप बड़ी-बड़ी चुनौतियों का सामना करने और उनसे निपटने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रोत्साहन और भरोसे से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिकों ने यह करिश्मा कर दिखाया है। इस उपलब्धि में भारत के मेक इन इंडिया अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## सार संक्षेप

### मोदी का भोपाल दौरा 25 सितम्बर को

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितम्बर को भोपाल आएंगे। उनकी भोपाल यात्रा के लिए जारी तैयारियों के संबंध में बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री मोदी जम्बूरी मैदान में होने वाले कार्यक्रम को संबोधित करने भोपाल पधार रहे हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने राजकीय विमानतल पर हुई बैठक में कहा कि वर्षा की संभावना को देखते हुए समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए तथा यातायात और पार्किंग व्यवस्था योजनाबद्ध रूप से की जाए।

### तमिलनाडु विधानसभा का अगला सत्र नौ अक्टूबर से

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा का अगला सत्र नौ अक्टूबर से शुरु होगा। तमिलनाडु विधानसभा अध्यक्ष एम. अप्पावु ने कहा कि विधानसभा सत्र राज्य सचिवालय परिसर के विधानसभा हॉल में सुबह 1 बजे शुरू होगा। सत्र के संक्षिप्त होने की संभावना है। इस दौरान विभिन्न विभागों के खर्चों के लिए अतिरिक्त अनुदान को मंजूरी प्रदान की जाएगी। इस सत्र के हंगामेदार रहने का अनुमान है। मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक एक धनशोधन मामले में मंत्री वी.सेंथिलबालाजी की गिरफ्तारी के बाद उन्हें बिना विभाग के मंत्री बनाए रखने सहित कई मुद्दों को उठाना चाहता है। साथ ही, विपक्ष कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच कावेरी नदी जल मुद्दा, कानून व्यवस्था की स्थिति और राज्य संबंधित अन्य मुद्दों को भी उठा सकता है, जिसमें सनातन धर्म के खिलाफ की गई टिप्पणी से उत्पन्न हालिया विवाद भी शामिल है।

### तेलंगाना में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना में बुधवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई और अन्य सात लोग घायल हो गए। राज्य में पहली दुर्घटना उस समय हुई जब तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस 36 यात्रियों को लेकर थोरूर से हैदराबाद जा रही थी और यादाद्री भुवनगिरी जिले के अड्डागुडुर मंडल के बोड्डुगुडेम के पास बस अचानक से अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और अन्य पांच लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सूर्यापेट जिले के तिरुमलागिरी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## पश्चिम बंगाल में नौ लाख छात्रों के पास नहीं है आधार कार्ड

### विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ

**कोलकाता,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। राज्य स्कूल शिक्षा विभाग ने एक सर्वेक्षण किया है। जिसमें पता चला है कि माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक परीक्षा के इच्छुक लगभग नौ लाख छात्रों के पास आधार कार्ड नहीं हैं।

राज्य सरकार ने माना है कि आधार कार्ड के अभाव में ऐसे छात्र अक्सर राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं।




हालांकि, राज्य सरकार ने आधार कार्ड नामांकन के लिए राज्य भर में 275 अस्थायी कैंप कार्यालय स्थापित करके इस समस्या को दूर करने का निर्णय लिया है। राज्य शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में ऐसा एक पंजीकरण शिविर लगाने का प्रयास किया जा रहा है। छात्र बिना किसी प्रकार के शुल्क के वहां अपना नाम दर्ज करा सकेंगे। प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर से लेकर सभी स्तरों के छात्र वहां अपना नाम दर्ज करा सकेंगे।

यह प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई है। यह सुविधाएं सरकारी और निजी दोनों स्कूलों से आने वाले छात्रों के लिए बढ़ाई जाएंगी।

## तेलंगाना सरकार ने किया व्हाट्सएप चैनल लॉन्च

**हैदराबाद,**20 सितम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना सरकार समय-समय पर लोगों तक आधिकारिक जानकारी और सेवाएं पहुंचाने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी मीडिया और प्लेटफार्मों का उपयोग कर रही है। इस संबंध में, तेलंगाना मुख्यमंत्री कार्यालय सीएमओ में बुधवार को एक व्हाट्सएप चैनल लॉन्च किया। इस चैनल के माध्यम से, सरकार सीएमओ से नागरिकों तक की घोषणाओं को प्रसारित करती है। इसके लिए मुख्यमंत्री कार्यालय तेलंगाना सीएमओ के व्हाट्सएप चैनल का उपयोग करके लोग सीएम केसीआर की खबरों से अपडेट रह सकते हैं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि किस प्रकार उम्मीदवार इस चैनल से जुड़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि सबसे व्हाट्सएप एप्लिकेशन खोलें। मोबाइल पर अपडेट अनुभाग चुनें। डेस्कटॉप पर चैनल टैब पर क्लिक करें। फिर प्लस बटन पर क्लिक करें और चैनल ढूंढें चुनें। टेक्स्ट बॉक्स में तेलंगाना सीएमओ टाइप करें और सूची से चैनल चुनें। सुनिश्चित करें कि चैनल नाम के आगे हरा टिक मार्क है। फॉलो करें बटन पर क्लिक करें और तेलंगाना सीएमओ चैनल से जुड़ें। सीएमओ द्वारा भेजे गए विज्ञापन सीधे व्हाट्सएप पर देखें।

## महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में 72 घंटे में सात किसानों ने की आत्महत्या

**यवतमाल,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में पिछले 72 घंटे में सात किसानों ने आत्महत्या कर ली है। इस घटना से पूरा महाराष्ट्र हिल गया है। विदर्भ जन आंदोलन समिति के अध्यक्ष और शिवसेना (यूबीटी) नेता किशोर तिवारी ने कहा, पिछले तीन दिनों से भी कम समय में यवतमाल से 6 और वर्धा से 1 किसान के आत्महत्या की खबर आई है। तिवारी ने कहा, आत्महत्या करने वालों में यवतमाल में हिवारी के प्रवीण काले, खिडकी के ट्रैबैंक केरम, शिवनी के मारोती चव्हाण, अर्जुन के गजानंद शिंदे, बनेगांव के तेवीचंद राठोस, जामवाडी के नितिन पाणे और वर्धा के रन्तापुर के दिनेश मडावी किसान शामिल हैं। तिवारी ने कहा कि इनमें से 6 आत्महत्याएं पिछले 48 घंटों में और एक आत्महत्या एक दिन पहले रविवार को हुई थी। उनमें से अधिकांश समाज के वंचित वर्गों से हैं और उन्होंने भारी कर्ज के बोझ, फसल की बर्बादी और राज्य सरकार से बहुत कम या



**कर्ज से परेशान होकर उठाया कदम**

## रॉ के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ने कमलनाथ पर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली,**20 सितम्बर (देशबन्धु)। खालिस्तान के मुद्दा इन दिनों गर्माया हुआ है। इसी मुद्दे पर कनाडा से मतभेद के बीच अब भिंडारवाला से जुड़ी एक सनसनीखेज जानकारी सामने आई है। सनातन और देश विरोधी बयान देने जैसे आरोप कांग्रेस पार्टी पर लगते रहे हैं। पार्टी के कई नेता विदेशों में जाकर देश विरोधी बातें भी करते रहते हैं। लेकिन अब रॉ के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ने कुछ ऐसे पुराने प्रसंगों का जिक्र अपने एक इंटरव्यू में किया है जिसने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का अस्सी के दशक में खालिस्तानी समर्थक भिंडरवाले से संबंधों को जाहिर कर दिया है। आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता कमलनाथ, संजय गांधी और उनके ग्रुप के लोग भिंडरावाले को फंडिंग करते थे। एक मीडिया इंटरव्यू में रॉ के पूर्व विशेष सचिव जीबीएस सिद्धू ने सीधे तौर पर कहा है कि कांग्रेस ने अस्सी के दशक में भिंडरावाले का इस्तेमाल किया था। इसके पीछे सोच यह थी कि वे हिंदुओं को डराने के लिए भिंडरावाले का इस्तेमाल करेंगे और खालिस्तान का एक नया मुद्दा बनाया जाएगा, जो उस समय अस्तित्व में था ही नहीं। वे उस समय कनाडा में थे। लोग बात करते थे कि कांग्रेस भिंडरावाले से मुहब्बत क्यों कर रही है, उसके साथ नजदीकियां क्यों बढ़ा रही है। कमलनाथ ने कहा कि हम एक बहुत ही हाई-प्रोफाइल संत को भर्ती करना चाहते थे, जो हमारी बात मान सके। हम उन्हें पैसे भेजते थे। कुलदीप नैयर ने अपनी ऑटोबायोग्राफी 'बियॉन्ड द लाइन' में इसका जिक्र किया है। रॉ अधिकारी सिद्धू खालिस्तान आंदोलन से जुड़ी घटनाओं पर किताब द खालिस्तान कॉन्सपिरेसी भी लिख चुके हैं। अपनी किताब में उन्होंने खालिस्तान आंदोलन के पीछे की वजह, ऑपरेशन ब्लू स्टार, प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का जिक्र किया है।

चिंता | *जम्मू-कश्मीर में फिर डराने लगी आतंकियों की मौजूदगी*

## कनाडा की एडवाइजरी से पर्यटन व्यवसाय पर मंडराया खतरा

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,2 सितम्बर (देशबन्धु)। कश्मीर में जी-2 सम्मेलन के बाद कश्मीर में आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या के प्रति जो दावे किए जा रहे थे अब उस संभावनाओं पर दो कुठाराघात हुए हैं। पहला, सात दिनों तक चली अनंतनाग की जंग जिसमें पहली बार आतंकी 3 बड़े अफसरों की जान लेने में कामयाब रहे।**

इसमें पहली बार युद्ध में इस्तेमाल किए जाने वाले हथियारों का इस्तेमाल हुआ था और दूसरी ओर अब कनाडा सरकार द्वारा अपने नागरिकों के लिए जम्मू-कश्मीर जाना प्रतिबंधित किए जाने से अमेरीका द्वारा पहले ही ऐसी एडवाइजरी जारी की जा चुकी है। जी-20 के बाद यह दावा किया जाने लगा था कि कश्मीर में विदेशी टूरिस्टों की संख्या में 700 परसेंट बढ़ोतरी हुई है। असल में ऐसा कई देशों द्वारा



■ **अभी तक 1.27 करोड़ देसी पर्यटकों ने किया जम्मू-कश्मीर का दौरा**

अपने नागरिकों पर कश्मीर जाने पर लगाए गए प्रतिबंधों में ढील दिए जाने के कारण हुआ था। पर अब यह खुशी नदारद होने लगी है। कारण स्पष्ट है। अनंतनाग में आतंकवाद के इतिहास की सबसे भयानक जंग, जिसमें एक ओर 3 आतंकी थे और दूसरी ओर 3 हजार जवान, ने कश्मीर के प्रति अन्य देशों की सरकारों का नजरिया फिर से बदल दिया है। एक लंबे अरसे के बाद कश्मीर आने वाले विदेशी टूरिस्टों की संख्या में भारी उछाल आया था। प्रशासन कहता है यह जी-20 की बैठक का नतीजा है। इस साल चाहे रिकार्ड तोड़ 1.27 करोड़ देसी पर्यटकों ने अभी तक जम्मू कश्मीर का दौरा किया है पर कश्मीरियों को सबसे ज्यादा खुशी विदेशी पर्यटकों के आने से हो रही है, चाहे विदेशी पर्यटकों की संख्या मुट्ठी भर ही है।

पर अभी अब कनाडा और अमेरीका द्वारा अपने नागरिकों पर जम्मू कश्मीर जाने पर लगाई गई पाबंदियों के कारण पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखी हैं। अनंतनाग की जंग से पहले पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोग उम्मीद लगाए बैठे थे कि इस बार सर्दियों में कश्मीर की खूबसूरती निहारने विदेशी पर्यटक बड़ी संख्या में आएगें। पर अब ऐसी उम्मीद क्षीण होने लगी है। इसमें कनाडा द्वारा ताजा विवाद के बाद अपने नागरिकों को जारी की गई ताजा एडवाइजरी भी शामिल है जिसमें जम्मू-कश्मीर को एक बार फिर सबसे खतरनाक इलाकों की सूची में डाल दिया गया है। दरअसल अनंतनाग देशी व विदेशी पर्यटकों के लिए एक अहम स्थान रखता है जिसमें पहलगाम, अमरनाथ यात्रा, बेताब व अरू वैली जैसे पर्यटनस्थल शामिल हैं। अब इस इलाके में आतंकियों की मौजूदगी सबको डराने लगी है।

पहलगाम में होटल चलाने वाले अब्दुल समद कहते थे कि पहलगाम के पहाड़ों पर ट्रैकिंग को आने वाले विदेशी पर्यटकों ने अब बुकिंगें कैंसिल करनी भी आरंभ कर दी हैं।

# खेल जगत

## ओलंपिक खेल स्पष्ट रूप से एक प्राथमिकता है : इगा स्वीयाटेक

**पेरिस ( फ्रांस ),** 20 सितंबर (एजेंसियां)। विश्व नंबर 2 इगा स्वीयाटेक ने 2024 ओलंपिक खेलों में खेलने के लिए अपनी प्राथमिकता साझा की, और रौलां गैरो 2024 से ठीक पहले पेरिस ओलम्पिक शेड्यूल करने के लिए विश्व टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) पर निराशा भी व्यक्त की। रौलां गैरो(फ्रेंच ओपन), जो 28 मई से 9 जून 2024 तक पेरिस के स्टेट रौलां गैरो में निर्धारित है, 26 जुलाई से 11 अगस्त तक निर्धारित ओलंपिक खेलों से ठीक पहले खेला जाएगा।

स्वीयाटेक ने यूरोस्पोर्ट से कहा, मुझे अपने शरीर की बात सुनने की ज़रूरत है और सीज़न बहुत व्यस्त है – हमारी नंबर एक प्राथमिकता इसे अच्छे स्वास्थ्य के साथ अंत तक खेलना और समझदारी से योजना बनाना है ताकि हमें चोट लगने का खतरा न हो। ओलंपिक खेल स्पष्ट रूप से एक प्राथमिकता हैं, लेकिन विशेष रूप से इन प्रतियोगिताओं के लिए अच्छी स्थिति में रहना मुश्किल होगा।



# आईसीसी वन डे पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 का आधिकारिक गीत दिल जशन बोले जारी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 20 सितंबर (देशबन्धु)। आईसीसी वन डे पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 का आधिकारिक गीत दिल जश्न बोले बुधवार को जारी किया। इस गीत को श्लोक लाल और सावरी वर्मा ने लिखा है और इसके संगीतकार प्रीतम है। जाने माने सुपरस्टार रणवीर सिंह इस गीत के विडियो में गाते दिखाई दे रहे हैं जबकि इस गीत का संगीत प्रीतम का है। प्रीतम, नक्श अजीज, श्रीराम चंद्र, अमित मिश्रा, जोनिता गांधी और आकासा, चरण ने गाया है। यह गीत एक रैप है और इसकी रचना और प्रस्तुति चरण ने की है।




यह गीत दिल जश्न बोले क्रिकेट प्रशंसकों को वन डे एक्सप्रेस पर भारत की ऐतिहासिक यात्रा पर ले जाता है। इस गीत में क्रिकेट प्रशसंकों को अब तक के सबसे बड़े क्रिकेट वन डे क्रिकेट विश्व कप से पहले कभी न देखे जश्न से रूबरू होते हैं। वन डे पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 का आधिकारिक गीत दिल जश्न बोले सपोटीफाई, एपल म्युजिक, गाना, हंगामा, रेसो , विंक, अमेजन, फेसबुक , इंस्टाग्राम और यू टयूब पर स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

वन डे पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 का आधिकारिक गीत दिल जश्न बोले गीत को जारी करने की बाबत सुपरस्टार रणवीर सिंह ने कहा, स्टार सपोटर्स परिवार और क्रिकेट के जूनुनी प्रशंसक होने के नाते विश्व कप 2023 का आधिकारिक गीत दिल जश्न बोले का हिस्सा बन वाकई मेरे लिए बड़े गर्व की बात है। यह उस खेल का जश्न है जिसे हम सभी दिल से प्यार करते हैं।

संगीतकार प्रीतम ने कहा, क्रिकेट भारत का सबसे बड़ा जुनून है और वन डे पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 का आधिकारिक गीत 'दिल जश्न बोले' गीत का संगीत तैयार करना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। यह गीत न केवल 1.4 अरब भारतीय क्रिकेट प्रशंसको के लिए है बल्कि इस वन डे विश्व कप को देखने भारत आने वाले दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसको का इस सबसे बड़े जश्न का हिस्सा बनने के लिए है।

इस गीत का म्यूजिक विडियो दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों के समुदाय की भावनाओं को समाहित करता ही है। यह विडियो अलग अलग संस्कृतियों वाले देशों और प्रशसंको को एक सूत्र में पिरोता है। क्रिकेट प्रशंसकों पर केंद्रित यह गीत ऐसे जश्न की नुमाइंदगी करता जिसे दिलों को झंकृत करने और आत्माओं को जागृत करने के लिए तैयार किया है।

आईसीसी की जनरल मैनेजर–विपणन एवं संचार क्लेरी फुर्लांग ने कहा, आइसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप साबित होने वाला है और दुनिया भर में करोड़ों प्रशंसक इस हिस्सा बनने को तैयार हैं। विश्व कप यह गीत भारत और प्रशंसकों के जुनून और उर्जा को शानदार ढंग से दर्शाता है जो इसे बेहद खास बनाते हैं।

स्टार स्पोटर्स के प्रवक्ता ने कहा, हमें आईसीसी वन डे विश्व कप के आधिकारिक गीत के उसके साथ जुड़ सहयोग कर बेहद खुशी हो रही है। विश्व कप का यह गीत भावनाओं और उर्जा की अभिव्यक्ति है।

# भारत के मोहम्मद सिराज बने आईसीसी वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 गेंदबाज

नई दिल्ली, 20 सितंबर (देशबन्धु)। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (694 रेटिंग अंक) वनडे एशिया कप क्रिकेट फाइनल में मेजबान श्रीलंका के खिलाफ मात्र 21 रन देकर छह विकेट चटका कर अपनी टीम को दस विकेट से जीत दिलाने के साथ आठ पायदान उपर चढ़ कर आईसीसी वन डे रैंकिंग में फिर वापस दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। भारत के बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव भी एशिया कप में स्पिन का जाल बुन कर कुल नौ विकेट चटकाने के बावजूद तीन पायदान खिसकने के बावजूद आईसीसी वनडे गेंदबाजी की रैंकिंग में नौवें स्थान पर है और अभी भी शीर्ष दस में बने हुए हैं। सिराज पहली बार इस साल जनवरी में आईसीसी वनडे रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 गेंदबाज बने थे। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड (678 रेटिंग अंक) ने इस साल मार्च में उन्हें पीछे छोड़ कर वन डे में दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए थे। बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज(599 रेटिंग अंक) अपने देश में मेहमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम दो वनडे मैचों में धारदार गेंदबाजी कर दक्षिण अफ्रीका को पिछडने के बाद पांच वनडे मैचों की सीरीज जिताने के साथ भारत में होने वाले आईसीसी वनडे विश्व कप से एक पखवाड़े पहले जारी आईसीसी पुरुष क्रिकेटरों की गेंदबाजी रैंकिंग में नौ पायदान की छलांग लगा कर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



■ कुलदीप यादव गेंदबाजी रैंकिंग में नौंवे स्थान पर

आईसीसी वनडे रैंकिंग में अन्य गेंदबाजों में अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब उर रहमान(657 रेटिंग अंक) दो पायदान उपर चढ़ कर चौथे और रशीद खान (655 रेटिंग अंक)तीन पायदान उपर चढ़ कर पांचवें स्थान पर पहुंच गए।वही इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वॉक्स 11 वें स्थान पर है जबकि दक्षिण अफ्रीका के लुंगी एंगिडी 21वें स्थान पर है।

एशिया कप में एक-एक शतक जडने वाले पाकिस्तान के बाबर आजम ( 857 रेटिंग अंक) आईसीसी की वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर तथा भारत के शुभमन गिल (814 रेटिंग अंक) में दूसरे स्थान पर बरकरार हैं जबकि विराट कोहली (708 रेटिंग अंक) एक पायदान ऊपर चढ़ कर आठवें और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विस्फोटक बल्लेबाजी करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन(698 रेटिंग अंक) ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेंचुरियन में वनडे में 174 रन की भी एक पायदान ऊपर चढ़ कर नौवें और भारत के कप्तान रोहित शर्मा (697 रेटिंग अंक) दसवें स्थान पर बरकरार हैं।

## अमेरिका और वेस्ट इंडीज की मेजबानी में होगा टी 2 विश्वकप

**नई दिल्ली,** 20 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिका और वेस्ट इंडीज की संयुक्त मेजबानी में वर्ष 2024 का टी20 विश्व कप खेला जायेगा। अमेरिका के डलास, फ्लोरिडा और न्यूयॉर्क पहली बार किसी विश्वकप के आयोजन की मेजबानी करेंगे।

आईसीसी ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में होने वाली चैंपियनशिप में 20 टीमें भाग लेंगी। आईसीसी के साथ हुए समझौते के अनुसार इसके लिए न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी में आइजनहावर पार्क में 34 हजार सीटों वाला स्टेडियम बनाया जाएगा। इसके तहत फ्लोरिडा में ग्रांड प्रेयरी, डलास और ब्रोवार्ड काउंटी में मौजूदा स्थानों का आकार बढ़ाया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि आईसीसी बोर्ड ने नवंबर 2021 में वेस्ट इंडीज और अमेरिका को आयोजन की मेजबानी सौंपी।

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा, अमेरिका रणनीतिक रूप से एक महत्वपूर्ण बाजार है और ये स्थान हमें दुनिया के सबसे बड़े खेल बाजार में अपनी पहचान बनाने का शानदार मौका हैं।

उन्होंने कहा कि आईसीसी ने कई विकल्पों के बारे में विस्तृत और व्यापक मूल्यांकन के बाद अमेरिका के स्थानों का चयन किया है। हमने देश में कई संभावित स्थलों के विकल्पों का पता लगाया और हम संभावित मेजबानों के बीच उत्पन्न उत्साह से बेहद खुश थे, इससे क्रिकेट के प्रशंसकों और विभिन्न समुदायों को एकजुट करने और क्रिकेट को लेकर बढ़ती जागरूकता को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

# जेसन रॉय को विश्व कप टीम से बाहर किए जाने के बारे में बताना वाकई कठिन था : जोस बटलर

**लंदन,** 20 सितंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि सलामी बल्लेबाज और अपने अच्छे दोस्त जेसन रॉय को आगामी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम से बाहर किए जाने के बारे में बताना वास्तव में कठिन फैसला था। 32 वर्षीय रॉय अपनी आक्रामक पारियों से घरेलू धरती पर 2019 पुरुष वनडे विश्व कप जीतने वाले इंग्लैंड के महत्वपूर्ण सदस्य थे। पिछले दो वर्षों में, उन्हें खराब फॉर्म का सामना करना पड़ा और महत्वपूर्ण बात यह है कि वह पीठ की ऐंठन के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की हालिया वनडे सीरीज के सभी चार मैचों में नहीं खेल पाए। रॉय के स्थान पर आए बाएं हाथ के बल्लेबाज डेविड मलान ने 54, 96 और 127 रन बनाकर विश्व कप चयन के लिए अपना मामला मजबूत कर लिया और खुद की टीम में जगह पक्की करने के साथ-साथ प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी हासिल किया। मलान द्वारा अपनी जगह पक्की करने के बाद, रॉय को टीम से बाहर कर दिया गया और फॉर्म में चल रहे युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक को टीम में शामिल कर लिया गया। मुझे नहीं लगता कि कोई भी समय आसान होता है। यह कप्तान के रूप में काम का हिस्सा है जो आनंददायक नहीं है, चाहे वे अच्छे दोस्त हों या नहीं, यह करना अच्छा काम नहीं है। मुझे निश्चित रूप से लगता है कि यह समाचार देना मेरी ज़िम्मेदारी है। स्काई स्पोर्ट्स ने बटलर के हवाले से कहा, वह मेरा बहुत अच्छा साथी है इसलिए यह निर्णय लेना वाकई कठिन था। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने संकेत दिया कि रॉय विश्व कप के लिए स्टैंडबाय पर होंगे और अगर शीर्ष क्रम के किसी खिलाड़ी को चोट लगती है तो उन्हें फिर से टीम में शामिल किया जा सकता है। जेसन निश्चित रूप से शीर्ष क्रम का रिजर्व होगा। हैरी, हमें लगता है कि यह हमें बहुमुखी प्रतिभा प्रदान करता है - वह बल्लेबाजी क्रम में एक से छह तक को कवर कर सकता है जो स्पष्ट रूप से एक टीम में फायदेमंद है। लेकिन अच्छे खिलाड़ी चूक जाते हैं, यह खेल की बहुत ही क्रूर प्रकृति है। 15 के बाहर बहुत सारे लोग हैं जिन्होंने महसूस किया होगा कि उनके पास एक स्थान के लिए वास्तव में अच्छा मौका था।



# अंतिम पंघाल ने विश्व चैंपियन पैरिश को धूल चटाई

**बेलग्रेड ( सर्बिया ),** 20 सितंबर (एजेंसियां)। भारत की युवा पहलवान अंतिम पंघाल ने क्वालीफिकेशन दौर में बुधवार को यहां अमेरिका की मौजूदा विश्व चैंपियन ओलिविया डोमिनिक पैरिश को धूल चटाकर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पहलवान पंघाल एक समय पहले दौर में इस मुकाबले में 0-2 से पीछे चल रही थी, लेकिन भारतीय महिला पहलवान ने इसके बाद जबरदस्त वापसी करके 3-2 से जीत हासिल की। अमेरिकी पहलवान पैरिश शुरूआत में भारतीय पहलवान पर हावी थी। पैरिश ने पंघाल के दाएं पांव को पकड़कर उसे नीचे गिराकर दो अंक हासिल किए। इसके बाद हालांकि भारतीय 19 वर्षीय पहलवान का रक्षण काफी मजबूत था और उन्होंने दो अन्य प्रयासों को नाकाम करके पहले दौर में आगे अपना कोई अंक नहीं गंवाया। पंघाल ने इसके बाद भी अपना मजबूत रक्षण बरकरार रखा और पैरिश को किसी तरह से हमला नहीं करने दिया। भारतीय पहलवान ने इसके बाद अमेरिकी पहलवान का बायां पांव पकड़ कर नीचे गिराकर दो अंक हासिल करके मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। पैरिश इसके बाद कोई खास प्रदर्शन नहीं कर सकी और उसने अपना एक अंक गंवाया। पंघाल ने अपनी इस मामूली बढ़त को आखिर तक बरकरार रखा और विश्व चैंपियन पर जीत हासिल की। भारत की हालांकि पांच महिला और 10 पुरुष फ्री स्टाइल पहलवान पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। वे ओलंपिक कोटा हासिल करने या गैर ओलंपिक वर्गों में पदक जीतने में पूरी तरह से वंचित रहे।




## रोहित शर्मा अश्विन को मैच विजेता के रूप में देखते हैं : सबा करीम

**नई दिल्ली,** 20 सितंबर (आईएएनएस)। पूर्व क्रिकेटर सबा करीम ने रविचंद्रन अश्विन की भारत की वनडे टीम में वापसी पर खुशी जताई।

करीम ने जियोसिनेमा को बताया, मुझे लगता है कि रोहित शर्मा रविचंद्रन अश्विन को एक मैच विजेता के रूप में देखते हैं और वह सफेद गेंद क्रिकेट में जिस तरह का दृष्टिकोण दिखाना चाहते हैं, उसे लेकर वह बहुत स्पष्ट हैं। अब विश्व कप आने के साथ वह एक दिवसीय क्रिकेट की गतिशीलता को अच्छी तरह से समझते हैं और जानते हैं कि उन्हें ऐसे खिलाड़ियों को चुनना होगा जिनकी उस तरह की आक्रामक मानसिकता हो।

उन्होंने कहा, वह यह भी जानते हैं कि उनकी गेंदबाजी लाइनअप में, उन्हें छह में से कम से कम पांच विकेट लेने वाले विकल्प रखने होंगे और अगर उनके पास ग्यारह में अश्विन हैं, तो वह आक्रामक विकल्प उपलब्ध है। यदि आप अन्य सभी खिलाड़ियों को देखें जो रिजर्व में हैं – तो उन सभी की मानसिकता आक्रामक है। इसलिए, मुझे लगता है कि रोहित शर्मा उस आक्रामक दृष्टिकोण को जारी रखना चाहते हैं जिसे हमने एशियाई चुनौती में भारतीय टीम को खेलते हुए देखा था। करीम ने आगे श्रेयस अय्यर के टीम में चयन को लेकर भी बात की।



उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि वे श्रेयस अय्यर के साथ बने हुए हैं। यह वास्तव में दर्शाता है कि टीम प्रबंधन और चयनकर्ता उन पर कितना भरोसा करते हैं। और वनडे सेटअप में श्रेयस ने काफी अहम भूमिका निभाई है. इसलिए, मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि वे विश्व कप टीम की घोषणा होने तक उनका समर्थन कर रहे हैं।

मुझे नहीं लगता कि अगर वह फिट है तो उसे टीम का हिस्सा बनने में कोई समस्या होनी चाहिए, भले ही वह इन दो या तीन मैचों में रन न बनाए इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

# लक्ष्य एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत सीधे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करना : सविता

**नई दिल्ली,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। अनुभवी गोलरक्षक ओलंपियन सविता की अगुआई में भारतीय महिला हॉकी टीम हांगजू (चीन) में होने 19 वें एशियाई खेलों में शिरकत करने के लिए बेंगलुरू से मंगलवार देर रात हागजू रवाना हो गई। भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों में पूल ए में दक्षिण कोरिया, मलयेशिया, हांगकांग और सिंगापुर के साथ है। जापान, चीन, थाईलैंड, कजाकिस्तान और इंडोनिया की टीमें पूल बी में हैं। दोनों पूल से दो-दो शीर्ष टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। भारतीय महिला हॉकी टीम अपने अभियान का आगाज 27 सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ मैच से करेगी।

भारतीय महिला हॉकी टीम के बेंगलुरू से हांगजू रवाना होने से पहले टीम से एशियाई खेलों में उम्मीदों की बाबत कप्तान सविता ने कहा, हमें एशियाई खेलों में अच्छे प्रदर्शन और सकारात्मक नतीजों की आस है। हमारा लक्ष्य एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत कर सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करना है। हम इसीलिए एशियाई खेलों की अहमियत जानते ही हैं, हमें यह भी मालूम है कि अपने मकसद को पाने के लिए क्या करना है। हमने अपनी ताकत के मुताबिक अपनी रणनीति तैयार की है। हमने अपने प्रतिद्वंद्वियों की ताकत का आकलन करने के साथ उनकी खेल शैली को समझने की भी कोशिश की है। हमारा बेंगलुरू में लगा राष्ट्रीय शिविर लंबा और खासा मशक्कत भरा रहा। हमने इस शिविर में हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मेहनत की।




■ एशियाई खेलों में अच्छे प्रदर्शन व सकारात्मक नतीजों की आस

■ एशियई खेलों की अहमियत जानते हैं, मालूम है मकसद को पाने के लिए क्या करना है

### हम सभी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को बेताब : दीपग्रेस एक्का

भारतीय महिला हॉकी टीम की उपकप्तान दीप ग्रेस एक्का ने कहा, जहां तक एशियाई खेलों की चुनी गई हमारी टीम के संयोजन की बात है तो हमने अनुभवी और नौजवान खिलाडियों की मिली जुली बढिया टीम है। हमारी संभी खिलाड़ी जेहनी तौर पर बढिया स्थिति में हैं । हमारी टीम की सभी खिलाड़ी मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ करने और अपनी प्रतिभा दिखाने को बेताब हैं। हम सभी इस बात से वाकिफ हैं कि हमारे पूल में कुछ मजबूत टीमें हैं। हमारी टीम हम सभी सभी इन एशियाई खेलों को यह आंकने के रूप में देख रहे हैं कि वे निजी और टीम के रूप में कितना परिपक्व हुए हैं। हम यह भी जानते हैं कि हमें वहां की स्थितियों से खुद को जल्द से जल्द ढालना होगा और हम इसके लिए तैयार हैं। हमारा कोशिश रहेगी कि हमारा ध्यान पूरी तरह हमारे खेल पर रहे।

### एशियाई खेलों के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम

**गोलरक्षक :** सविता (कप्तान)और बिच्छू देवी खरीबम।

**रक्षापंक्ति :** दीप ग्रेस एक्का (उपकप्तान), इशिका चौधरी, निकी प्रधान व उदिता।

**मध्यपंक्ति :** सुशीला चानू, मोनिका, नवनीत कौर, नेहा गोयल, निशा वारसी, सलीमा टेटे, सोनिका, वैष्णवी विल फाल्के।

**अग्रिम पंक्ति :** वंदना कटारिया, दीपिका, ललरेमसियामी,संगीता कुमारी।

## सार संक्षेप

### एशियन गेम्स : भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने कंबोडिया को 3-0 से हराया

**हांगझाऊ (चीन)।** भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने मंगलवार को हांगझाऊ में सीएक्ससी जिम्नेजियम में पूल सी में कंबोडिया पर 3-0 से जीत के साथ एशियाई खेलों में अपने अभियान की शुरुआत की। मिली जानकारी के मुताबिक, भारत ने यह मैच 3-0 (25-14, 25-13, 25-19) से जीता। बुधवार को भारत का मुकाबला दुनिया के 27वें नंबर की टीम दक्षिण कोरिया से होगा। हांगझाऊ खेलों में पुरुष वॉलीबॉल में कुल 19 टीमें भाग ले रही हैं। रिकॉर्ड के मुताबिक, भारतीय पुरुष टीम ने एशियाई खेलों में अब तक कुल तीन वॉलीबॉल पदक जीते हैं। 1962 में वे उपविजेता रहे। भारत के अन्य दो पदक 1958 और 1986 में जीते गए कांस्य थे।

### टिम साउदी के क्रिकेट विश्वकप खेलने पर संशय

**वेलिंगटन।** हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ एक मैच के दौरान कैच पकड़ने के प्रयास में चोटिल हुए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी के विश्व कप में खेलने पर संशय है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा कि साउदी को अंगूठे की सर्जरी करानी पड़ेगी, इसलिये पांच अक्टूबर से भारत में शुरू होने वाले विश्व कप में साउदी के खेलने के बारे में फैसला अगले सप्ताह लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ मैच के दौरान एक कैच पकड़ने का प्रयास में 34 वर्षीय खिलाड़ी का अंगूठा चोटिल हो गया था। इंग्लैंड विश्वकप के अपने पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। विश्व कप के पहले मैच से दो सप्ताह पहले गुरुवार को साउदी की सर्जरी होगी।

### इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज हमारे लिए अपनी क्षमता दिखाने का अच्छा मौका है : पॉल स्टर्लिंग

**लीड्स।** आयरलैंड के अंतरिम कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने कहा कि टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार शाम से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के शुरुआती मैच से पहले उत्साहित है। स्टर्लिंग के पास पिछली बार एकदिवसीय मैच में दोनों टीमों के बीच हुई अच्छी यादें हैं - उन्होंने 22 में साउथम्प्टन में आयरलैंड के लिए सात विकेट की जीत में 142 रन बनाए थे - एक रोमांचक मैच जिसमें आयरलैंड ने जीत के लिए 329 रनों का सफलतापूर्वक पीछा किया था। क्रिकेट आयरलैंड ने स्टर्लिंग के हवाले से कहा,हम जानते हैं कि जो भी (इंग्लैंड के लिए) खेलेंगे वे गुणवत्तापूर्ण क्रिकेटर बनेंगे। मुझे लगता है कि इंग्लैंड हाल ही में इतनी अच्छी टीम इसलिए रही है क्योंकि गहराई में उनकी ताकत इतनी अधिक है। मुझे लगता है कि वे संभवत- अपने शीर्ष एकादश में से किसी एक की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को ले सकते हैं और यह बहुत भिन्न नहीं होगा कि वे अपना काम कैसे करते हैं।

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



**नई दिल्ली** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम मंगलवार को भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एचडीएफसी | 4.00 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यूएस स्टील | 2.60 प्रतिशत |
| रिलायंस | 2.21 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 1.94 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.65 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.32 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.61 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.45 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.24 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.22 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 60370 |
| बिटुर | 55200 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,800 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 999 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### चीनी-गुड़

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 3500-4000 |
| परमल | 1800-2300 |
| चावल सेला | 3000-3100 |
| आरआर (आठ ) | 1900-1950 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 8150-8250 |
| उड़द दाल | 11000-11100 |
| मूंग दाल | 10000-10100 |
| अरहर दाल | 10500-10600 |

# डाटा संरक्षण बोर्ड का गठन 30 दिनों के भीतर : राजीव चंद्रशेखर

**नई दिल्ली,** 20 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बुधवार को कहा कि अगले 30 तीनों के भीतर डाटा संरक्षण बोर्ड का गठन किया जाएगा।

डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम को अमल में लाने को लेकर आईटी राज्यमंत्री यहां उद्योग और उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों एवं नीति निर्माण और विधि विशेषज्ञों के साथ बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डाटा संरक्षण बोर्ड का गठन करने के साथ-साथ डीपीडीपी अधिनिमय के तहत जरूरी नियमों का दिशा-निर्देश भी एक महीने के भीतर जारी किया जाएगा।



**स्टार्टअप एवं एमएसएमई और अस्पताल जैसे प्रतिष्ठान जो लोगों के डेटा को संभालते हैं उन्हें कानून के तहत नियमों के अनुपालन के लिए ज्यादा समय दिया जा सकता है, क्योंकि उनको बड़े डाटा ट्रस्टी की तरह डेटा को संभालने का उतना अनुभव नहीं हो सकता है। इसलिए, वे नियमों को सीखने और उनका पालन करने के लिए अधिक समय मांग सकते हैं :-राजीव चंद्रशेखर**

डीपीडीपी अधिनियम बनने के बाद केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर पहली बार इस कानून को लेकर यहां डिजिटल इंडिया डायलॉग के तहत हितधारकों के साथ परिचर्चा कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने इस ऐतिहासिक कानून के निर्माण की यात्रा को याद किया।

आईटी राज्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कानून निर्माण में हितधारकों के परामर्श को विशेष महत्व देते हैं और यह कानून इसकी एक मिसाल है। उन्होंने इस परिचर्चा के दौरान उद्योग जगत के लोगों के साथ दूसरे का डाटा विश्वास के आधार पर रखने वालों के लिए नए नियम अपनाने के लिए व्यवस्था परिवर्तन अवधि सीमा पर भी बात की।

उन्होंने कहा, ''स्टार्टअप एवं एमएसएमई और अस्पताल जैसे प्रतिष्ठान जो लोगों के डेटा को संभालते हैं उन्हें कानून के तहत नियमों के अनुपालन के लिए ज्यादा समय दिया जा सकता है, क्योंकि उनको बड़े डाटा ट्रस्टी की तरह डेटा को संभालने का उतना अनुभव नहीं हो सकता है। इसलिए, वे नियमों को सीखने और उनका पालन करने के लिए अधिक समय मांग सकते हैं।''

उन्होंने कहा कि किसी दूसरे का डेटा विश्वास के आधार पर संभालने वाली इकाइयों को नियमों के अनुपालन के लिए कितना समय चाहिए इसके लिए वैध तर्क होना चाहिए।

इस संवाद सत्र में उद्योग संघों, स्टार्टअप, आईटी पेशेवरों, शोध संस्थानों और विधि-विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों के एक सौ से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

# इंटर्न के यौन उत्पीड़न के आरोप के बाद इनमोबी ने दिया निष्पक्ष निष्कर्ष का आश्वासन

**नई दिल्ली,** 20 सितंबर (एजेंसियां)। सॉफ्टबैंक समर्थित मोबाइल विज्ञापन दिग्गज इनमोबी की एक इंटर्न द्वारा टीम के उत्पाद प्रबंधक पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाए जाने के बाद कंपनी ने बुधवार को कहा कि वह कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के मुद्दे को बहुत गंभीरता से लेती है और इस मामले में एक निष्पक्ष निष्कर्ष सुनिश्चित किया जायेगा। आईएएनएस को दिए एक बयान में इनमोबी, जिसके पास लॉक-स्क्रीन प्लेटफॉर्म ग्लांस का भी स्वामित्व है, ने कहा कि कार्यस्थल में उत्पीड़न के बारे में शिकायतों पर प्रतिक्रिया के लिए स्थापित प्रक्रिया व्यापक है। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में, इंटर्न ने आरोप लगाया था कि उत्पाद प्रबंधक ने उसके साथ जबरदस्ती की और गलत तरीके से छुआ, जिसकी शिकायत उसने ह्यूमन रिसोर्स और प्रबंधन से की लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इनमोबी और ग्लांस के सीएचआरओ साहिल माथुर ने कहा कि कंपनी के पास लंबे समय से चली आ रही उत्पीड़न विरोधी समिति सहित किसी भी क्षमता की शिकायतों को संभालने के लिए एक अच्छी तरह से स्थापित प्रक्रिया है।

माथुर ने बताया, प्रक्रिया के हिस्से के रूप में हमें इसमें शामिल सभी पक्षों को निष्पक्ष तरीके से सुनने की ज़रूरत है। इस स्थिति के लिए हमने शिकायत प्राप्त होने के 12 घंटे के भीतर जवाब दिया और कार्यवाही शुरू की। उन्होंने कहा, हमने शिकायत प्राप्त होने के 24 घंटे के भीतर शिकायतकर्ता को परामर्श सहायता की पेशकश की। पिछले 12 दिन में समिति इसमें शामिल कर्मियों के साथ चार जांच बैठकें कर चुकी है।

विपणन और मुद्रीकरण प्रौद्योगिकियों में अग्रणी इनमोबी का मुख्यालय सिंगापुर में है। ग्लांस लॉक स्क्रीन वर्तमान में दुनिया भर में 45 करोड़ से अधिक स्मार्टफोन पर उपलब्ध है। माथुर के अनुसार, वे सहानुभूति, तत्परता, परिश्रम के साथ प्रक्रिया चलाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हम इन मामलों के लिए कानूनी समय सीमा से कम समय में उचित निष्कर्ष पर पहुंचें।

# स्पाइसजेट का विमान एहतियातन कोलकाता हवाईअड्डे पर उतरा



**कोलकाता,** 20 सितंबर (एजेंसियां)। स्पाइसजेट के एक विमान की खिड़की के शीशे में दरार का पता चलने के बाद बुधवार को एहतियातन नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतारा गया।

विमान में 176 यात्री और छह केबिन क्रू सवार थे। विमान की सुरक्षित लैंडिंग की गई। हालांकि, अचानक हुए घटनाक्रम से यात्रियों में घबराहट पैदा हो गई थी। फ्लाइट एसजी-515 ने बुधवार सुबह 6.17 बजे कोलकाता एयरपोर्ट से मुंबई के लिए उड़ान भरी। हालांकि, इस बीच हवा में केबिन-क्रू को विमान की खिड़की के शीशे में दरार नजर आई। केबिन-क्रू ने इसकी जानकारी तुरंत पायलट को दी। इसके बाद बिना कोई जोखिम उठाए नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के हवाई-ट्रैफिक नियंत्रण (एटीसी) से संपर्क किया और वहां इमरजेंसी लैंडिंग करने की अनुमति मांगी।अनुमति मिलने पर पायलट विमान को वापस कोलकाता ले गया और वहां लैंडिंग कराई। यात्री सुरक्षित उतर गए और जरूरी मरम्मत कार्य किया गया।

# मदर डेयरी के बूथ दिखेंगे नये डिजाइन में

**नई दिल्ली,** 20 सितंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अध्यक्ष मीनेश शाह ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद वितरक कंपनी मदर डेयरी के नये जमाने के बूथ डिजाइन का उद्घाटन किया।




मदर डेयरी की एक विज्ञप्ति के अनुसार मदर डेयरी ने दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में अपने बूथों पर उपभोक्ता खरीदारी के अनुभव को बदलने की यात्रा शुरू की है और एक समकालीन संरचना पेश की है, जिसे नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन - भारत के प्रमुख डिजाइन के सहयोग से विकसित किया गया है।

नोएडा के सेक्टर-79 में नये डिज़ाइन के किए गए पहले बूथ का उद्घाटन पूर्व सैनिक कल्याण विभाग (रक्षा मंत्रालय) के महानिदेशक मेजर जनरल शरद कपूर और मदर डेयरी के प्रबंध निदेशक मनीष बंदलिश की उपस्थिति में किया गया।

मदर डेयरी ने कहा है कि उसके ब्रांड रंगों - नीले और सफेद - में विकसित, नया डिज़ाइन किया गया बूथ दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बेहतर दृश्यता, पहचान और एक व्यापक अनुभव प्रदान करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो मदर डेयरी की विविध उत्पाद श्रृंखला प्रदान करता है।

अब मदर डेयरी का प्रसिद्ध टोकन मिल्क बिल्कुल नये रूप है। पारदर्शी ग्लास डिज़ाइन में स्थापित बूथ पर उपभोक्ता अब भंडारण इकाई से कंटेनर तक दूध की यात्रा देख सकेंगे। एनडीडीबी के अध्यक्ष डॉ शाह ने कहा, मदर डेयरी किसानों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए अनुभव विकसित करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। जबकि कृषि-स्तर पर कई हस्तक्षेप किए जा रहे हैं, नया बूथ डिजाइन बाजार-स्तर पर अनुभवों को बढ़ाने का कंपनी का ईमानदार प्रयास है। मुझे विश्वास है कि मदर डेयरी के उपभोक्ताओं को उनकी खरीदारी के अनुभव में वैसा ही आनंद मिलेगा जैसा उन्हें मदर डेयरी के हर उत्पाद में मिलता है।

## सार संक्षेप

### पीट्रॉन की रिफ्लेक्ट कॉल्ज स्मार्टवॉच लाँच

**नई दिल्ली।** किफायती डिजिटल लाइफस्टाइल, ऑडियो और वियरेबल्स एसेसरीज बनाने वाली कंपनी पीट्रॉन ने स्मार्टवॉच सेगमेंट के तहत अपने नवीनतम उत्पाद को लाँच किया है जिसकी कीमत 899 रुपये है। कंपनी ने आज यहां कहा कि मेड इन इंडिया ब्रांड पीट्रॉन अपनी नवीनतम इनोवेशन रिफ्लेक्ट कॉल्ज स्मार्टवॉच के लॉन्च की घोषणा करते हुए बेहद रोमांचित है। एक अभिनव डिजाइन और प्रोफेशनल-ग्रेड फीचर्स को शामिल करते हुए रिफ्लेक्ट कॉल्ज स्मार्टवॉच बाजार में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार है, जो एडवांस्ड फीचर्स, बेहतर सुविधा और शानदार मनोरंजन अनुभव प्रदान करती है। इस प्रकार पीट्रॉन बेहद वाजिब कीमत पर %मेड इन इंडिया% विरासत को गर्व के साथ आगे बढ़ा रहा है। उसने कहा कि वियरेबल फैशन-फ्रेंडली खूबियों के साथ बिल्ट-इन गेम्स, फुल-टच लार्जेस्ट एचडी डिस्प्ले और मैटेलिक एवं सिलिकॉन स्ट्रैप के साथ आती है।

### ऐको का नया अभियान

**बेंगलुरु।** टेक आधारित बीमा कंपनी ऐको ने अपना नया अभियान 'हेल्थ इंश्योरेंस की सुबह हो गई मामू' शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि शत प्रतिशत बिल भुगतान, तनाव मुक्त दावा प्रक्रिया के लिए बीमारियों का पूरा खुलासा प्रदान करने के लाभ और दावे दाखिल करने में आसानी के बारे में शिक्षित करने पर यह अभियान केंद्रित है। फिल्म निर्माता राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित 'हेल्थ इंश्योरेंस की सुबह हो गई मामू' नामक अभियान में संजय दत्त और अरशद वारसी अपनी मूल भूमिकाओं को दोहराते हुए हैं और वर्तमान स्वास्थ्य बीमा प्रणाली पर सवाल उठाते दिखेंगें।

### एडीबी ने वित्त वर्ष 223 के विकास अनुमान को घटाया

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने वित्त वर्ष 223 में भारत के विकास अनुमान को 6.4 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है लेकिन वित्त वर्ष 224 के विकास अनुमान को 6.7 प्रतिशत पर यथावत बनाये रखा है। एडीबी ने आज सितंबर 223 के लिए आर्थिक अनुमान में यह बात कही है। उसने कहा है कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में विकास दर 7.8 प्रतिशत रहने रही है। हालांकि आगे महंगाई बढ़ने की आशंका है जिससे विकास पर दबाव बनने का अनुमान है। उसने कहा कि चालू वित्त वर्ष में महंगाई अनुमान को 5` प्रतिशत से बढ़ाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया गया है जबकि अगले वित्त वर्ष के महंगाई अनुमान को 4.5 प्रतिशत से कम कर 4.2 प्रतिशत कर दिया गया है।

# एचडीएफसी बैंक की चार फीसदी गिरावट से शेयर बाजार में कोहराम

**मुंबई** 20 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों को लेकर चल रही बैठक का निर्णय आने से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एचडीएफसी बैंक समेत 23 कंपनियों में चार प्रतिशत तक की गिरावट से आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 796 अंक अर्थात 1.18 प्रतिशत का गोता लगाकर 67 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 66800.84 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 231.90 अंक यानी 1.15 प्रतिशत लुढ़ककर 20 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 19901.40 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.33 प्रतिशत की गिरावट लेकर 32,313.01 अंक और स्मॉलकैप 0.51 प्रतिशत टूटकर 37,410.50 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3803 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2110 में बिकवाली जबकि 1550 में लिवाली हुई वहीं 143 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 39 कंपनियां गिरावट जबकि शेष 11 तेजी पर रही। बीएसई के सभी 18 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इससे कमोडिटीज 1.39, सीडी 0.57, ऊर्जा 0.75, एफएमसीजी 0.42, वित्तीय सेवाएं 1.39, हेल्थकेयर 0.56, इंडस्ट्रियल्स 0.41, आईटी 0.47, दूरसंचार 0.95, ऑटो 0.51, बैंकिंग 1.05, कैपिटल गुड्स 0.41, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.41, धातु 1.25, तेल एवं गैस 0.68, रियल्टी 1.20, टेक 0.47 और सर्विसेज




समूह के शेयर 0.66 प्रतिशत लुढ़क गये।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.74 और जर्मनी का डैक्स 0.62 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जापान का निक्केई 0.66, हांगकांग का हैंगसेंग 0.62 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.52 प्रतिशत गिर गया। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 517 अंक का गोता लगाकर 67,080.18 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 67,294.16 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह लगातार गिरता हुआ दोपहर बाद 66,728.14 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 67,596.84 के मुकाबले 1.18 प्रतिशत की गिरावट लेकर 66,800.84 अंक पर आ गया।

इसी तरह निफ्टी भी 153 अंक गिरकर 19,980.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 20,050.65 अंक के उच्चतम जबकि 19,878.85 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 20,133.30 अंक की तुलना में 1.15 प्रतिशत टूटकर 19,901.40 अंक पर रहा। इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही 23 कंपनियों में एचडीएफसी बैंक ने सबसे अधिक 4.00 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही जेएसडब्ल्यूएस स्टील 2.60, रिलायंस 2.21, अल्ट्रासिमको 1.94, टाटा स्टील 1.65, मारुति 1.65, विप्रो 1.41, टेक महिंद्रा 1.18, इंडसइंड बैंक 1.14, भारती एयरटेल 1.02, टाइटन 0.96, एलटी 0.95, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.80, नेस्ले इंडिया 0.77, एचसीएल टेक 0.68, एसबीआई 0.48, टाटा मोटर्स 0.36, आईसीआईसीआई बैंक 0.34, कोटक बैंक 0.31, बजाज फिनसर्व 0.28, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.27, बजाज फाइनेंस 0.07 और इंफोसिस के शेयर 0.07 प्रतिशत गिर गये।

वहीं, पावरग्रिड 2.32, एशियन पेंट 0.61, सन फार्मा 0.45, आईटीसी 0.24, एक्सिस बैंक 0.22, एनटीपीसी 0.15 और टीसीएस के शेयरों ने 0.05 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

# खाद्य तेलों में टिकाव, अधिकांश दालें सस्ती

**नई दिल्ली,** 20 सितंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि अधिकांश दालें सस्ती हो गई वहीं अनाज में मिलाजुला रुख रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 25 रिंगिट गिरकर 3675 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.06 सेंट की तेजी के साथ 60.23 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मसूर दाल 350 रुपये, उड़द दाल 400 रुपये और अरहर दाल 100



रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। वहीं, चना, दाल चना और मूंग दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान गेहूं 50 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि चावल 100 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया।

**दाल-दलहन :** चना 6450-6550, दाल चना 7450-7550, मसूर काली 7800-7900, मूंग दाल 10000-10100, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 10400-10500 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और चावल = 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3800-3900, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4300-4400 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

### अगस्त में जापान का व्यापार घाटा 6.3 अरब डॉलर

**टोक्यो,** 2 सितंबर (एजेंसियां)। निर्यात और आयात में गिरावट के बीच, जापान ने अगस्त में 6.3 अरब डॉलर का व्यापार घाटा दर्ज किया।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त मंत्रालय ने बताया कि रिकॉर्डिंग पीरियड में देश का व्यापार घाटा 93.5 अरब येन (6.3 अरब अमेरिकी डॉलर) था, क्योंकि निर्यात में गिरावट जारी रही, जो`.8 प्रतिशत घटकर 7.99 लाख करोड़ येन रह गया। इस बीच, मंत्रालय के प्रारंभिक आंकड़ों से पता चलता है कि आयात लगातार पांचवें महीने घटकर 8.92 लाख करोड़ येन रह गया, जो साल-दर-साल 17.8 प्रतिशत कम है।

# अकासा एयर को अंतरराष्ट्रीय परिचालन के लिए मिली मंजूरी

**नई दिल्ली,** 20 सितंबर (एजेंसियां)। किफायती विमान सेवा कंपनी अकासा एयर को अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित करने के लिए नियामक अनुमति मिल गई है। सूत्रों के मुताबिक, एयरलाइन दिसंबर में अंतरराष्ट्रीय मार्ग पर उड़ानें शुरू करने के लिए तैयार है। उसके शुरुआती गंतव्य खाड़ी के देश होंगे। हालाँकि, एयरलाइन को सरकार द्वारा यातायात अधिकारों के आवंटन और उसके बाद संबंधित देशों से मंजूरी का इंतजार है। ये यातायात अधिकार आमतौर पर सरकारों द्वारा अपने-अपने देशों की एयरलाइनों को द्विपक्षीय आधार पर पारस्परिक रूप से प्रदान किए जाते हैं। ध्यान देने योग्य है कि दुबई और दोहा जैसे प्रमुख गंतव्यों के लिए मौजूदा यातायात अधिकारों का पहले से ही पूरी तरह से उपयोग किया जा रहा है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अवर सचिव एस.पी.आर. त्रिपाठी द्वारा जारी पत्र में कहा गया है, अकासा एयर ने एक अनुसूचित अंतरराष्ट्रीय वाहक के रूप में मंजूरी मांगी थी और बाद में यातायात अधिकारों के आवंटन के लिए अनुरोध किया था। डीजीसीए के परामर्श से प्रस्ताव की जांच की गई और सक्षम की मंजूरी के साथ इस पर निर्णय लिया गया है। इसके अलावा, डीजीसीए के अनुसार, अकासा एयर अंतरराष्ट्रीय अनुसूचित हवाई परिवहन सेवाओं के लिए आवेदन करने के लिए पात्र है। हालांकि यह भी सूचित किया जाता है कि इस मंत्रालय द्वारा अकासा एयर (मैसर्स एसएनवी एविएशन प्राइवेट लिमिटेड) को यातायात अधिकार आवंटित किए




जाएंगे। पत्र में कहा गया है, अकासा एयर (मैसर्स एसएनवी एविएशन प्राइवेट लिमिटेड) को निर्धारित अंतरराष्ट्रीय परिचालन संचालित करने की अनुमति देने से पहले डीजीसीए द्वारा सीएआर धारा -3, भाग- ढ्ढ्ढ के अनुसार देश विशिष्ट तैयारियों की जांच की जाएगी।

एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अकासा एयर के परिचालन की ताकत को पहचाना है और हमें एक अंतरराष्ट्रीय अनुसूचित ऑपरेटर के रूप में नामित किया गया है। यह हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उड़ान भरने की अनुमति देगा, जिससे हम इस साल के अंत में पहले अंतरराष्ट्रीय परिचालन शुरू करने के अपने सपने के एक कदम और करीब पहुंच सकेंगे। हम अब यातायात अधिकारों के लिए अपने अनुरोध पर सभी संबंधित अधिकारियों के साथ काम कर रहे हैं और जल्द ही उस अंतरराष्ट्रीय गंतव्य की घोषणा करने में सक्षम होंगे जहां हम उड़ान भरेंगे।

हम भारत से दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया और मध्य पूर्व में 737 मैक्स की सीमा के भीतर गंतव्यों को लक्षित कर रहे हैं। हम बढ़ती यात्रा मांग पूरी करने के लिए इस साल के अंत तक 100 से ज्यादा विमान ऑर्डर की घोषणा करने की राह पर हैं। हमने विस्तृत योजना और एक अनुभवी टीम के माध्यम से हमेशा विश्वसनीयता और ग्राहक संतुष्टि को प्राथमिकता दी है, जिससे हम नागरिक उड्डयन इतिहास में सबसे तेजी से बढ़ती एयरलाइनों में से एक बन गए हैं।




प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188